| | |
|---|---|
| सेंसेक्स ~ | 81,148.22 |
| निफ्टी ~ | 24,578.35 |
| सोना ~ | 88,550 |
| चांदी ~ | 97900 |
| डॉलर ~ | 85.20 |

# बालाघाट एक्सप्रेस

हिन्दी दैनिक

बालाघाट
बुधवार 14 मई 2025
ज्येष्ठ कृष्ण 02 विक्रम सम्वत 2082
वर्ष 16, अंक 228
पृष्ठ 12
मूल्य ₹ 7.00

E-mail: balaghatexpress@gmail.com

/padmeshmedia /padmeshmedia epaper.balaghatexpress.in


## खास खबर

### आयुर्वेद दिवस हर वर्ष 23 सितंबर को मनाया जाएगा

नई दिल्ली। वैश्विक दृश्यता और पालन में निरंतरता को बढ़ाने के उद्देश्य से केन्द्र सरकार ने एक ऐतिहासिक निर्णय में 23 सितंबर को प्रत्येक वर्ष आयुर्वेद दिवस मनाने के लिए निर्धारित किया है। 23 मार्च 2025 को जारी राजपत्र अधिसूचना के जरीए यह बदलाव लागू किया गया है, जो पहले धनतेरस के दिन आयुर्वेद दिवस मनाने प्रथा से एक महत्वपूर्ण बदलाव को दर्शाता है, जो चंद्र कैलेंडर के आधार पर परिवर्तनशील था। आयुर्वेद दिवस को हर साल आयुर्वेद को एक वैज्ञानिक साक्ष्य-आधारित और समग्र चिकित्सा प्रणाली के रूप में बढ़ावा देने के लिए मनाया जाता रहा है, जो निवारक स्वास्थ्य देखभाल और कल्याण में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। अब तक, आयुर्वेद दिवस धनतेरस के साथ मनाया जाता था, जो हिंदू मास कार्तिक (आमतौर पर अक्टूबर या नवंबर) में पड़ता है। हालांकि, धनतेरस की तारीख हर साल बदलती रहती थी, जिसके कारण आयुर्वेद दिवस की तारिख निश्चित नहीं थी।

### शोपियां मुठभेड़ में लश्कर के तीन आतंकवादी ढेर

जम्मू। पहलगाम हमले के बाद सुरक्षा बलों को एक और बड़ी कामयाबी मिली है। ऑपरेशन सिंदूर के बाद जम्मू-कश्मीर में सुरक्षाबलों ने लश्कर के तीन आतंकियों को मार गिराया है। मंगलवार को शोपियां में सेना ने बड़ा अभियान चलाया और सफलता हासिल की। जानकारी के अनुसार, दक्षिण कश्मीर के शोपियां के शुकरू केलर इलाके में मंगलवार को आतंकवादियों और सुरक्षा बलों की संयुक्त टीम के बीच मुठभेड़ हुई। मंगलवार की सुबह शोपियां जिले में तलाशी अभियान के दौरान सुरक्षाबलों ने लश्कर-ए-तैयबा के दहशतगर्दों को घेरा। दोनों तरफ से फायरिंग हुई। सुरक्षाबलों ने पहले मुठभेड़ में एक आतंकी को ढेर कर दिया। इसके बाद कुछ समय बाद ही दो और आतंकियों को भी मार गिराने में सफलता हासिल की है। आपको बता दें कि पहलगाम हमले में शामिल पाकिस्तानी आतंकियों की तलाश में सुरक्षाबलों ने लगातार अभियान चलाया हुआ है।

### 11 करोड़ रुपए की ड्रग्स के साथ 3 गिरफ्तार

इंफाल। मणिपुर के चुराचांदपुर जिले में 11.05 करोड़ रुपए की ड्रग्स के साथ तीन लोगों को गिरफ्तार किया गया है। पुलिस ने मंगलवार को यह जानकारी दी। एक अधिकारी ने बताया कि न्यू लामका के पास पुलिस ने एक चार पहिया वाहन को रोका। वाहन की तलाशी लेने पर उसमें 1.16 किलोग्राम हेरोइन से भरे 97 डिब्बे मिले। इसके बाद गाड़ी में सवार तीन लोगों को हिरासत में ले लिया गया। पुलिस ने बताया कि मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी गई है।

### रेप पीड़ित को गर्भपात की इजाजत

राजकोट। गुजरात हाईकोर्ट ने 33 हफ्ते की गर्भवती 13 साल की दुष्कर्म पीड़ित नाबालिग को अबॉर्शन की मंजूरी दी है। कोर्ट ने कहा- अबॉर्शन चीफ मेडिकल ऑफिसर की देखरेख में किया जाए। 33 हफ्ते की गर्भवती नाबालिग को गर्भपात की मंजूरी देना, संभवत देश का पहला मामला है, जब कोर्ट ने गर्भावस्था के सबसे ज्यादा हफ्ते के गर्भपात की अनुमति दी है। इससे पहले 2017 में सुप्रीम कोर्ट ने 32 सप्ताह के भ्रूण के गर्भपात की अनुमति दी थी। पीड़ित परिवार ने बेटी के गर्भपात की मंजूरी मांगी थी।

### पीएम मोदी ने आदमपुर एयरबेस में एयरफोर्स के जवानों को संबोधित करते हुए कहा

# पाकिस्तान में ऐसा कोई ठिकाना नहीं, जहां आतंकी चैन से रह सकें



जालंधर। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी मंगलवार सुबह पंजाब के आदमपुर एयरबेस पहुंचे। यहां उन्होंने एयरफोर्स के जवानों से मुलाकात की। प्रधानमंत्री ने एयरबेस पर ही जवानों को संबोधित भी किया। पीएम मोदी ने कहा कि भारत में निर्दोष लोगों का खून बहाने का अंजाम एक ही अंजाम होगा कि विनाश और महाविनाश। जिस पाकिस्तानी सेना के भरोसे ये आतंकी बैठे थे, भारत की सेना, एयरफोर्स और नेवी ने उस पाकिस्तानी सेना को भी धूल चटा दी है।

एयरबेस पर पीएम ने यह भी कहा कि पाकिस्तान में ऐसा कोई ठिकाना नहीं है, जहां बैठकर आतंकवादी चैन की सांस ले सकें। हम घर में घुसकर मारेंगे और बचने का एक मौका तक नहीं देंगे। हमारे ड्रोन्स, मिसाइलों के बारे में सोचकर पाकिस्तान को कई दिन तक नींद नहीं आएगी। पीएम ने कहा कि पाकिस्तान की गुहार के बाद भारत ने सिर्फ अपनी सैन्य कार्रवाई को स्थगित किया है। अगर पाकिस्तान ने फिर से आतंकी गतिविधि या सैन्य दुस्साहस दिखाया तो हम उसका मुंह तोड़ जवाब देंगे। यह जवाब अपनी शर्तों पर, अपनेतरीके से देंगे। इस निर्णय की आधारशिला, इसके पीछे छिपा विश्वास आपका धैर्य, शौर्य, साहस और सजगता। आपका हौसला, ये जुनून, ये जज्बा ऐसे ही बरकरार रखना है। हमें लगातार मुस्तैद रहना है। हमें तैयार रहना है। हमें दुश्मन को याद दिलाते रहना है कि ये नया भारत है, ये शांति चाहता है लेकिन मानवता पर हमला होता है तो भारत युद्ध के मोर्चे पर दुश्मन को मिट्टी में मिलाना भी अच्छी तरह जानता है।

#### मजबूत सुरक्षा कवच भारत की पहचान बन चुका

पीएम ने कहा, यह अब भारतीय सेनाओं के मजबूत स्वरूप की पहचान है। ऑपरेशन सिंदूर में मैन पावर के साथ ही मशीन का कॉर्डिनेशन भी अद्भुत रहा है। भारत के पारंपरिक एयरडिफेंस सिस्टम, आकाश जैसे मेड इन इंडिया प्लेटफॉर्म, एस-400 जैसे आधुनिक डिफेंस सिस्टम ने अभूतपूर्व मजबूती दी है। एक मजबूत सुरक्षा कवच भारत की पहचान बन चुका है। पाकिस्तान की लाख कोशिश के बाद भी हमारे एयरबेस हों या डिफेंस इन्फ्रास्ट्रक्चर पर आंच तक नहीं आई। इसका श्रेय आप सभी को जाता है।

#### ऑपरेशन सिंदूर में हमारी सेनाओं का कॉर्डिनेशन शानदार था

पीएम ने कहा कि ऑपरेशन सिंदूर का एक-एक क्षण भारत की सेनाओं के सामर्थ्य की गवाही देता है। इस दौरान हमारी सेनाओं का कॉर्डिनेशन वाकई शानदार था। आर्मी हो, नेवी हो या एयरफोर्स सबका टाइमिंग जबरदस्त था। नेवी ने समुद्र पर दबदबा बनाया, सेना ने बॉर्डर पर मजबूती दी, एयरफोर्स ने अटैक और डिफेंस दोनों किया। बीएसएफ और दूसरे बलों ने अद्भुत क्षमताओं का प्रदर्शन किया।

पीएम बोले, पाकिस्तान के ड्रोन, उसके यूएवी, एयरक्राफ्ट, मिसाइलें हमारे सशक्त एयरडिफेंस के सामने ढेर हो गए। मैं देश के सभी एयरबेस से जुड़ी लीडरशिप, एयरवारियर की ह्रदय से सराहना करता हूं। आपने वाकई बहुत शानदार काम किया है। उन्होंने कहा, आतंक के विरुद्ध भारत की लक्ष्मण रेखा एकदम स्पष्ट है कि अब टेरर अटैक हुआ तो भारत देगा और पक्का जवाब देगा। सर्जिकल स्ट्राइक में देखा, एयरस्ट्राइक में देखा और अब ऑपरेशन सिंदूर भारत का न्यू नॉर्मल है।

#### वायुसेना हर फील्ड में दुश्मन को छकाने में माहिर

पीएम ने कहा, आज हमारे पास नई टेक्नोलॉजी का सामर्थ्य है, जिसका पाकिस्तान सामना नहीं कर सकता है। एयरफोर्स सहित सभी सेनाओं के पास दुनिया की श्रेष्ठ तकनीक पहुंची है, नई टेक्नोलॉजी के साथ चुनौतियां भी उतनी बड़ी होती हैं। कॉम्प्लिकेटेड और सोफेस्टिकेटेड सिस्टम को मेंटेन करना और एफिशिएंसी के साथ चलाना स्किल है। आपने सिद्ध कर दिया है कि आप इस गेम में दुनिया में बेहतरीन हैं। भारत की वायुसेना सिर्फ हथियारों से ही नहीं, डेटा और ड्रोन से भी दुश्मन को छकाने में माहिर हो गई है।

#### नाकाम-नापाक इरादे हर बार नाकाम हुए

पीएम ने बताया कि ऑपरेशन सिंदूर से बौखलाए दुश्मन ने इस एयरबेस के साथ-साथ हमारे अनेक एयरबेस पर हमला करने की कई बार कोशिश की, बार-बार टारगेट किया, लेकिन पाक नाकाम-नापाक इरादे हर बार नाकाम हुए। पीएम ने बताया कि हमारा लक्ष्य पाकिस्तान के भीतर टेरर और टेररिस्ट को हिट करने का था, लेकिन पाकिस्तान ने अपने यात्री विमानों को सामने करके जो साजिश रची, मैं कल्पना कर सकता हूं कि वो पल कितना कठिन होगा, जब सिविलियन एयरक्राफ्ट दिख रहा है। उन्होंने कहा कि गर्व है कि आपने बहुत सावधानी और सतर्कता से सिविलियन एयरक्राफ्ट को नुकसान पहुंचाए बिना कमाल करके दिखाया और उसका जवाब दे दिया। मैं गर्व के साथ कह सकता हूं कि आप सभी अपने लक्ष्यों पर बिल्कुल खरे उतरे हैं। पाकिस्तान में आतंकी ठिकानों और उनके एयरबेस ही तबाह नहीं हुए, बल्कि उनके नापाक इरादे और उनके दुस्साहस दोनों की हार हुई। पीएम ने कहा कि महाराणा प्रताप के घोड़े चेतक पर लिखी गईं, ये पंक्तियां आज के आधुनिक हथियारों पर भी फिट बैठती हैं। ऑपरेशन सिंदूर से आपने देश का आत्मबल बढ़ाया है। देश को एकता के सूत्र में बांधा है। आपने भारत के सिंदूर की रक्षा की है।

### रिटायर हुए जस्टिस संजीव खन्ना ने कहा-

## सेवानिवृत्ति के बाद कोई पद स्वीकार नहीं करूंगा..



नई दिल्ली। देश के मौजूदा मुख्य न्यायाधीश (सीजेआई) जस्टिस संजीव खन्ना मंगलवार को रिटायर हो रहे हैं। जज के रूप में मंगलवार को उनका अंतिम कार्यदिवस रहा है। इस मौके पर उन्होंने साफ किया कि वे रिटायर होने के बाद वह कोई भी आधिकारिक पद नहीं लूंगा। मंगलवार को जब वह सुप्रीम कोर्ट में मीडियाकर्मियों से मिल रहे थे, तब उन्होंने कहा, मैं सेवानिवृत्ति के बाद कोई पद स्वीकार नहीं करूंगा.. लेकिन शायद कानून के क्षेत्र में कुछ करूंगा।

जस्टिस खन्ना के बयान से स्पष्ट हो गया है कि वे किसी आयोग का अध्यक्ष पद या कोई अन्य संवैधानिक पद स्वीकार नहीं करने वाले हैं, लेकिन कानून के क्षेत्र में वह काम करते रहना चाहते है। हालांकि, इस क्षेत्र में उनकी अगली भूमिका क्या होगी और कैसे होगी, इस पर उन्होंने कुछ स्पष्ट नहीं बताया। रिपोर्ट के मुताबिक, दिल्ली हाई कोर्ट के तत्कालीन जज जस्टिस यशवंत वर्मा के घर पर मिले करोड़ों के कैश और कथित भ्रष्टाचार के आरोपों से कैसे निपटा गया, इस पर उन्होंने कहा,न्यायिक सोच निर्णायक और निर्णयात्मक होनी चाहिए। हम प्लस और माइनस देखते हैं और फिर तर्कसंगत तरीके से मुद्दे पर निर्णय लेते हैं। जब हम ऐसा करते हैं, तब हम निर्णय लेते हैं। फिर भविष्य आपको बताता है कि आपने जो किया वह सही था या नहीं।

14 मई, 1960 को जन्मे जस्टिस खन्ना एक समृद्ध और कानूनी विरासत वाले परिवार से आते हैं। उनके पिता देव राज खन्ना दिल्ली हाई कोर्ट के जज रहे हैं, जबकि उनकी मां सरोज खन्ना लेडी श्री राम कॉलेज में लेक्चरर थीं। वे सुप्रीम कोर्ट के पूर्व जज एचआर खन्ना के भतीजे हैं, जिन्होंने केशवानंद भारती (1973) में मूल संरचना सिद्धांत का प्रतिपादन किया था और आपातकाल के दौरान एडीएम जबलपुर बंदी प्रत्यक्षीकरण मामले (1976) में एकमात्र असहमति व्यक्त की थी। इस न्यायिक स्वतंत्रता के बदले जस्टिस एचआर खन्ना को जनवरी 1977 में भारी कीमत चुकानी पड़ी थी, उन्हें तब सीजेआई नहीं बनने दिया गया था।

सीजेआई खन्ना के दादा, सरव दयाल, एक प्रमुख वकील थे, जिन्होंने 1919 के जलियांवाला बाग हत्याकांड की जांच करने वाली भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस समिति में काम किया था। जस्टिस खन्ना के पास जज और वकील के तौर पर तीन दशकों से अधिक का लंबा अनुभव है। वह दिल्ली हाई कोर्ट में भी अह भूमिकाएँ निभा चुके हैं और आयकर विभाग के वरिष्ठ स्थायी वकील के रूप में भी काम कर चुके हैं।

### महिलाओं का रेप, 9 दोषियों को आजीवन कारावास

कोयंबटूर। तमिलनाडु के पोल्लाची यौन उत्पीडऩ मामले में कोयंबटूर महिला अदालत ने मंगलवार को 9 लोगों को मौत तक आजीवन कारावास की सजा सुनाई। कोर्ट ने मंगलवार सुबह ही सभी को दोषी ठहराया था। जज आर नंदिनी देवी ने इन्हें गैंगरेप और बार-बार रेप का दोषी पाया। कोर्ट ने पीड़ित महिलाओं को कुल 85 लाख रुपए का मुआवजा देने का आदेश दिया है। 9 दोषियों ने 2016 से 2018 के दौरान कई महिलाओं का यौन शोषण किया था। पीड़ितों में कॉलेज की छात्राएं और शादीशुदा महिलाएं थीं।

दोषियों ने यौन शोषण के वीडियो बनाए थे। उसके जरिए ब्लैकमेल करके महिलाओं के साथ कई बार रेप किया और पैसे भी मांगे। आरोपियों पर 50 से ज्यादा महिलाओं का यौन उत्पीडऩ करने का शक था, लेकिन उनमें से केवल 8 ने ही उनके खिलाफ गवाही दी थी।ददोषियों में सबरीराजन उर्फ रिशवंत (32 साल), थिरुनावुकारसु (34 साल), टी वसंत कुमार (30 साल), एम सतीश (33 साल, आर मणि उर्फ मणिवन्नन, पी बाबू (33 साल), हारोन पॉल (32 साल), अरुलानंथम (39 साल) और अरुण कुमार (33 साल) हैं।

### सीबीएसई की 12वीं बोर्ड परीक्षा 2025 में लड़कियों ने फिर मारी बाजी

शामली। केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड (सीबीएसई) ने 12वीं कक्षा का परीक्षा परिणाम घोषित कर दिया है और इस बार उत्तर प्रदेश के शामली जिले ने देशभर में नाम रोशन किया है। शामली की सावी जैन ने 500 में से 499 अंक हासिल कर ऑल इंडिया टॉपर का खिताब अपने नाम किया है।

सावी शामली के मोहल्ला शिव चौक की निवासी हैं और स्कॉटिश इंटरनेशनल स्कूल की छात्रा हैं। उनके पिता अंकित जैन स्थानीय स्तर पर फर्नीचर शोरूम संचालित करते हैं, जबकि उनकी माता कविता जैन गृहिणी हैं। अपनी इस सफलता पर सावी ने कहा कि मेरी इस उपलब्धि के पीछे मेरे माता-पिता और शिक्षकों का बड़ा योगदान है। जब भी किसी विषय में उलझन होती थी, वे मेरा मार्गदर्शन करते और मेरा मनोबल बनाए रखते थे। सावी पढ़ाई के साथ संतुलन बनाए रखते हुए हर विषय को गहराई से समझने में विश्वास रखती हैं। उन्होंने बताया कि वे रोज़ पढ़ाई का एक निश्चित समय तय करती थीं और कठिन विषयों पर अतिरिक्त मेहनत करती थीं। सावी जैन का लक्ष्य सिर्फ अच्छे अंक लाना नहीं है। उनका सपना है कि वे आगे चलकर सिविल सर्विस में जाएं और देश की सेवा करें। सावी जैन का कहना है कि मैं प्रशासनिक सेवा में जाना चाहती हूं ताकि जमीन से जुड़कर समाज के लिए काम कर सकूं।




गौरतलब है कि सावी जैन ने 500 में से 499 अंक प्राप्त किए हैं। वह देशभर में सीबीएसई 12वीं की ऑल इंडिया टॉपर बनीं हैं। वह स्कॉटिश इंटरनेशनल स्कूल, शामली की छात्रा हैं। परिवार, स्कूल और शहर में इस उपलब्धि को लेकर खुशी की लहर है। इस बार 10वीं में स्कॉटिश इंटरनेशनल स्कूल के छात्र धैर्य गर्ग 97.6 प्रतिशत अंक प्राप्त कर जिला टॉपर बने। 12वीं में स्कॉटिश इंटरनेशनल स्कूल की छात्रा सावी जैन ने कला वर्ग में 99.8 प्रतिशत अंक पाकर जनपद टॉपर बनने के साथ ही ऑल इंडिया स्तर पर रैंक एक पर रहकर जनपद का नाम रोशन किया।

### खड़गे ने ट्रंप के सीजफायर पर श्रेय लेने पर कहा-

## यह गोपनीय मामला, सर्वदलीय बैठक में करेंगे चर्चा

नई दिल्ली। कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने मंगलवार को अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप द्वारा भारत और पाकिस्तान के बीच शांति समझौते का श्रेय लेने पर टिप्पणी करने से इनकार कर दिया और इस मामले को गोपनीय बताया है और कहा कि इस पर सर्वदलीय बैठक में चर्चा की जाएगी। खड़गे ने कहा कि इस बारे में यहां बात करना उचित नहीं है। भाकपा नेता डी राजा ने कहा कि पीएम मोदी को विपक्ष द्वारा उठाए गए सवालों का जवाब देना चाहिए और इसके लिए संसद का विशेष सत्र बुलाना जरूरी है।

डी राजा ने कहा एक राष्ट्र के रूप में भारत आतंकवाद के खिलाफ लड़ाई में एकजुट है। लेकिन पीएम मोदी को कुछ प्रासंगिक सवालों के जवाब देने चाहिए थे। पहलगाम आतंकी हमला कैसे हुआ? हमारी ओर से क्या चूक हुई? भारत और पाकिस्तान के बीच समझ कैसे बनी और अमेरिका की क्या भूमिका थी? सच्चाई क्या है? आगे क्या होगा, कोई नहीं जानता। हमारी पार्टी संसद का विशेष सत्र बुलाने की मांग कर रही है, पीएम मोदी को सरकार की स्थिति स्पष्ट करनी चाहिए।



भारत और पाकिस्तान के बीच शत्रुता समाप्त करने की समझ की ओर बढ़ने के बीच, द्रविड़ मुनेत्र कड़गम (डीएमके) नेता टीकेएस एलंगोवन ने ट्रम्प की मध्यस्थता के कथित प्रयासों का स्वागत करते हुए इसे एक अच्छा कदम बताया। हालांकि उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि भारत सरकार को ट्रम्प के साथ हुई चर्चाओं की प्रकृति को स्पष्ट करना चाहिए, उन्होंने कहा कि पीएम मोदी ने सोमवार रात अपने संबोधन में इसका उल्लेख नहीं किया है। मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक एलनगोवन ने सोमवार को कहा था कि अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप का दावा है कि उन्होंने युद्ध रोकने के लिए दोनों देशों से चर्चा की थी और पीएम मोदी ने इस बारे में कुछ नहीं कहा। ट्रंप ने यह बयान क्यों दिया? क्या उन्होंने भारत सरकार से बात की? अगर उन्होंने चर्चा की है, तो उन्हें कहना चाहिए। युद्ध रोकना ट्रंप का एक अच्छा कदम है। उन्होंने आतंकवाद के खिलाफ अपनी पार्टी के रुख को दोहराते हुए कहा कि इस पर अंकुश लगाने की जरूरत है और आतंकवादियों का सफाया किया जाना चाहिए। डीएमके नेता ने कहा कि भारत और पाकिस्तान के डीजीएमओ के बीच हुई चर्चा का आधार सामने आना चाहिए

### जैसे को तैसा... अमेरिका ने सुरक्षा के नाम पर लगाया टैक्स तो भारत ने भी दिखा दिए तेवर

## अमेरिका पर जवाबी टैरिफ लगाएगा भारत

नई दिल्ली । भारत ने अमेरिका के कुछ उत्पादों पर जवाबी शुल्क लगाने का प्रस्ताव रखा है। यह प्रस्ताव विश्व व्यापार संगठन के तहत रखा गया है। अमेरिका ने स्टील और एल्यूमीनियम पर जो शुल्क लगाए हैं, भारत उसका जवाब देना चाहता है। भारत का कहना है कि अमेरिका ने सुरक्षा के नाम पर यह शुल्क लगाया है। भारत ने वर्ल्ड ट्रेड ऑर्गेनाइजेशन को बताया कि अमेरिका के इस कदम से भारत से होने वाले 7.6 अरब डॉलर के निर्यात पर असर पड़ेगा। भारत ने कहा कि इससे अमेरिका में आने वाले सामान पर 1.91 अरब डॉलर का शुल्क लगेगा। प्रस्ताव के अनुसार, भारत अमेरिका से आने वाले कुछ खास उत्पादों पर शुल्क बढ़ाएगा। इसका मतलब है कि उन उत्पादों पर अब ज्यादा टैक्स लगेगा। भारत ने कहा कि वह अपने अधिकारों का इस्तेमाल करते हुए शुल्क लगाने का अधिकार रखता है। भारत ने यह भी कहा कि वह इस बारे में 30 दिनों के बाद फैसला लेगा।

भारत ने स्टील और एल्युमीनियम पर अमेरिकी टैरिफ के जवाब में वर्ल्ड ट्रेड ऑर्गेनाइजेशन के नियमों के मुताबिक रीटेलिएटरी यानी जवाबी शुल्क लगाने की बात कही है। अमेरिका अपने बिजनेस सेफ्टी का हवाला देते हुए इन प्रोडक्ट्स पर 2018 से टैरिफ वसूल रहा है। वर्ल्ड ट्रेड ऑर्गेनाइजेशन के अनुसार, इससे भारतीय उत्पाद के 7.6 बिलियन डॉलर (करीब 64,512 करोड़) के आयात पर असर पड़ेगा, जिसमें करीब 1.91 बिलियन डॉलर (करीब 16,213 करोड़) का ड्यूटी है।

#### 2018 में लगाया था 25 प्रतिशत ड्यूटी

23 मार्च 2018 को अमेरिका ने भारत के स्टील प्रोडक्ट्स पर 25त्न और एल्युमीनियम प्रोडक्ट्स पर 10 प्रतिशत टैरिफ लगाया था। जनवरी 2020 में इसे आगे के लिए बढ़ा दिया था। इस साल 10 मई को अमेरिका ने इंपोर्ट ड्यूटी को रिवाइज कर दोनों उत्पादों (एल्युमिनियम और स्टील) पर 25 प्रतिशत कर दिया, जो कल यानी 12 मई से लागू है। भारत ने वर्ल्ड ट्रेड ऑर्गेनाइजेशन को बताया है कि स्टील, एल्युमीनियम और संबंधित उत्पादों पर अमेरिकी सुरक्षा उपायों के जवाब में कुछ रियायतों को समाप्त कर देगा।

### जम्मू-कश्मीर के सीएम उमर अब्दुल्ला का बयान

## जान की हानि नहीं, लेकिन संपत्ति को नुकसान पहुंचा

जम्मू । सीमावर्ती इलाकों में हालिया तनाव के बाद जम्मू-कश्मीर के मुख्यमंत्री उमर अब्दुल्ला ने प्रभावित क्षेत्रों का दौरा किया और हालात की समीक्षा की। उन्होंने मीडिया से बातचीत में बताया कि, आपने यहां हुए नुकसान को देखा है। शुक्र है कि किसी की जान नहीं गई, लेकिन संपत्ति को काफी नुकसान पहुंचा है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि नुकसान का आकलन किया जाएगा और प्रभावित लोगों को मुआवजा दिया जाएगा। उन्होंने यह भी बताया कि क्षेत्र में बनाए गए सामुदायिक बंकर काफी समय से उपयोग में नहीं लाए गए हैं और हाल के वर्षों में कोई नया बंकर नहीं बनाया गया है।

#### हम सभी चाहते हैं कि संघर्षविराम बना रहे

स्थानीय निवासियों की मांग पर ज़ोर देते हुए उमर अब्दुल्ला ने कहा, लोगों ने सुझाव दिया है कि सामुदायिक बंकरों की बजाय व्यक्तिगत बंकर बनाए जाएं। सरकार इस पर एक योजना तैयार करेगी और केंद्र सरकार से भी बातचीत करेगी। अंत में मुख्यमंत्री ने कहा, हम सभी चाहते हैं कि संघर्षविराम बना रहे और सीमा पर शांति कायम हो।

### 6 दिन बाद खुला श्रीनगर एयरपोर्ट

नई दिल्ली। ऑपरेशन सिंदूर के 6 दिन बाद मंगलवार को श्रीनगर एयरपोर्ट के फ्लाइट ऑपरेशन शुरू हो गए हैं। दिल्ली से एअर इंडिया की फ्लाइट दोपहर 12:49 बजे लैंड हुई। भारत-पाक तनाव के चलते एयरपोर्ट 7 मई से बंद था। दिल्ली एयरपोर्ट से चंडीगढ़, अमृतसर और श्रीनगर जाने वाली कई फ्लाइट्स कैंसिल हुई हैं। एयरपोर्ट अथॉरिटी ने पहले बताया था कि सुरक्षा कारणों की वजह से फ्लाइट शेड्यूल में बदलाव हो सकता है। एयरलाइन कंपनी एअर इंडिया ने भारत-पाकिस्तान बॉर्डर से सटे 8 शहरों में आने-जाने वाली अपनी सभी फ्लाइट्स कैंसिल कर दी हैं।

# सीजफायर पर बोले पूर्व सैनिक ,पाकिस्तान के साथ हो आर पार की लड़ाई

## जिले के पूर्व सैनिक कल्याण संघ ने जिला कलेक्टर को सौंपा ज्ञापन, कहा यदि फिर एक बार मिलेगा मौका तो देश की सीमा पर देंगे अपनी सेवाएँ,

**बालाघाट( पद्मेश न्यूज )। सेना में रह चुके पूर्व सैनिकों द्वारा भारत पाकिस्तान के बीच हुए युद्ध के बाद सीजफायर को लेकर अपनी प्रतिक्रिया जाहिर की गई है। उनका कहना है कि बीते दिनों जो भारत-पाकिस्तान के बीच युद्ध शुरू हुआ था। वह और चलना था, क्योंकि जिस प्रकार से युद्ध पर विराम लग गया उस से वह कहीं ना कहीं नाराज है । वह स्वयं चाहते थे कि यदि सेवा में पुन: उनकी आवश्यकता हो तो वह उन्हें अपनी सेवाएं देने के लिए सेना में जाएंगे । किंतु जो युद्ध विराम की घोषणा हुई है उसे वह आहत है। इसको लेकर उन्होंने मीडिया में अपनी बातें रखी और कहा कि उन्होंने भी वर्षों पूर्व अलग-अलग देश की सीमाओं पर अपनी सेवाएं दी है । आज भी वह देश के लिए एक बार फिर अपनी सेवाएं आवश्यकता पड़ी तो देंगे। जिले में लगभग 300 से अधिक भूतपूर्व सैनिक है। जिन्होंने पूर्व सैनिक कल्याण संघ का गठन किया है । इस संघ के माध्यम से वह अपनी पूर्व सैनिक भाइयों की समस्या और उनकी विभिन्न मांगों को प्रशासन के समक्ष रखते हैं। वहीं उन्होंने जनसुनवाई के माध्यम से एक ज्ञापन भी जिला प्रशासन को सौपा है और संगठन के भवन निर्माण की मांग की है साथी उन्होंने यह भी बताया कि वह भारत-पाकिस्तान की इस लड़ाई में पाकिस्तान के साथ आर पार की लड़ाई चाहते हैं।**

आपको बता दे कि जिले में सेना से सेवानिवृत्त हुए पूर्व सैनिको में पाकिस्तान को लेकर खासा आक्रोश है, जिन्होंने, पाक से 1965, 1971 और 1999 के कारगिल युद्ध में, मोर्चो पर रहकर, युद्ध में सहभागिता की थी। जिले में तकरीबन 300 रिटायर्ड सैनिक है, जिसमें अक्षयलाल सिंह, चैतराम बंसोड़ और सुनील पालेवार जैसे, सैनिक है, जिन्होंने, पाक से हुए युद्ध में ना केवल लड़ा है बल्कि उस विजयगाथा के साक्षी भी रहे है। वर्तमान में इन पूर्व सैनिको का एक पूर्व सैनिक कल्याण संघ है, जिसके माध्यम से, जिले के सैनिक, आपस में जुड़े है। पूर्व सैनिक में अक्षयलाल सिंह, वह सैनिक है, जो 1965 और 1971 में पाक से हुए युद्ध में सेना का हिस्सा रहे है। आर्मी सर्विस कोर में बतौर, हवलदार वह जम्मु कश्मीर बैजपुर सेक्टर में वाहन चालक के पद पर कार्यरत थे। वह बताते है कि युद्ध के दौरान हथियार से लेकर ईधन, भोजन और सैनिकों को ले जाने का काम था। 1965 के युद्ध में हम, लाहौर तक पहुंच गए थे लेकिन फिर समझौता हो गया। 1971 में भी युद्ध के हालातो के बाद फिर ऐसी ही स्थिति बनी और आज फिर, हम, समझौते पर राजी हो गए। वह बताते है कि पाकिस्तान, अपनी नापाक हरकतो से सुधरने वाला नहीं है। आज उससे एक-एक हाथ हो जाता तो वह दुनिया के नक्शे से ही पाकिस्तान गायब हो जाता। आज कम से कम, हम, पाक अधिकृत कश्मीर पर अपना कब्जा जमा सकते थे।



### आज भी हम, पाक को करारा जवाब दे सकते है - चैतराम बंसोड़

1971 के युद्ध में महार रेजिमेंट की 9 वीं बटालियन में रहे चैतराम बंसोड़ बताते है कि सियालकोट के शंकरगड़ में उनकी पदस्थापना थी। 18 साल में सेना में भर्ती होने के बाद 19 वें वर्ष में जम्म कश्मीर में हो गई। युवा जोश के चलते, उनमें युद्ध के दौरान एक अलग ही जोश था। उस युद्ध में भी भारतीय सेना ने पाक को करारा जवाब दिया था और आज भी हम, पाक को करारा जवाब दे सकते है, लेकिन जितनी जल्दी सीजफायर किया गया है, उससे निराशा हुई हैं। अभी जवानो में जोश है, लेकिन हुक्मरान, सैनिकों को जोश के साथ लड़ने नहीं देते है। पाकिस्तान, धोखेबाज है।

### सीमाओं पर जाकर पाक से सीधे युद्ध करने तैयार है - सुनील पालेवार

कारगिल युद्ध में सेना में रहे सुनील पालेवार, सेना के तोपखाना में पदस्थ थे। वह कारगिल युद्ध का वाक्या बयान करते हुए जोश में आकर कहते है कि यदि आज भी भारत सरकार हमें, जंग में लड़ने के लिए बुलाती है तो, जिले का हर सैनिक, सीमाओं पर जाकर पाक से सीधे युद्ध करने तैयार है।

### भारतीय सेना के पराक्रम और शौर्य को नमन करता है - संजीव धुवारे

भारतीय सेना से सेवानिवृत्त सैनिकों के साथ पूर्व सैनिक कल्याण संघ के माध्यम से सैनिकों को एकजुट करने वाले पूर्व सैनिक संजीव धुवारे बताते है कि जिले का हर सैनिक, भारतीय सेना के पराक्रम और शौर्य को नमन करता है और उसे विश्वास है कि वह पाक के नापाक हरकतों पर करारा जवाब दे सकता है। वह भी कहते है कि सीजफायर ना होकर सीधे युद्ध कर पाक को नेस्तानबूद करना था। पूर्व सैनिक कल्याण संघ विगत लंबे समय से बालाघाट में प्रशासनिक और जनप्रतिनिधियों से संघ के लिए एक भवन की मांग कर रहा है लेकिन देश की सीमाओं में रहकर लड़ने वाले पूर्व सैनिकों को संघ के लिए भवन उपलब्ध नहीं हो पा रहा है। पहलगाम में आतंकियों ने निर्दोष पर्यटकों की धर्म पूछकर हत्या की। जिसका जवाब भारतीय सेना ने ऑपरेशन सिंदूर से दिया लेकिन तीन दिन बाद ही सीजफायर का ऐलान हो गया। जिसे पूर्व सैनिक सही नही मानते है।

# अतिक्रमणकारी को 5 हजार रुपये अर्थदंड से आरोपित कर 15 दिवस के भीतर अतिक्रमण हटाने के आदेश

## मामला कायदी के खसरा नंबर 886 का

बालाघाट(पद्मेश न्यूज)। न्यायालय तहसीलदार के द्वारा वारासिवनी तहसील में आने वाले पटवारी हल्का नंबर 22 कायदी खसरा नंबर 886 में यशवन्त पिता अंबर लाल गोवारी ग्राम कायदी द्वारा बेजा कब्जा कर किये गए अतिक्रमण को हटाने आदेश दिया गया है। ज्ञात हो की पटवारी हल्का नंबर 22 कायदी के खसरा नंबर 886 में सन 2016 में कबीर अनुयायियों द्वारा वृक्षारोपण कर कबीर कुटी निर्माण हेतु भूमि पूजन किया गया था और कबीरकुटी का निर्माण कर पूजा अर्चना की जा रही थी। ग्राम पंचायत के द्वारा भी यह भूमि पर्यावरण और धार्मिक कार्य के लिए होने के कारण कोई आपत्ति प्रस्तुत नहीं की गई थी। किंतु अनावेदक यशवंत पिता अंबर लाल के द्वारा पटवारी हल्का नंबर 22 स्थित मंद छोटे झाड़ के जंगल वह घास में से खास नंबर 886/2.886/3 रकबा 2.027,4.050 हैक्टर भूमि में से लगभग 1050 वर्ग फुट में पक्का मकान, 580 वर्ग फुट में झोपड़ा पक्का ,रकबा 0.015 हेक्टर एवं0.405 हेक्टर में रबी धान फसल लगाकर कल रकबा 0.420हेक्टर पर भेजो कब्जा कर अतिक्रमण कर लिया गया था। जिसकी शिकायत कबीर अनुयायियों ने न्यायालय तहसीलदार द्वारा वारासिवनी से की थी। जिसकी जांच पटवारी द्वारा की गई थी पटवारी द्वारा जांच प्रतिवेदन पंचनामा न्यायालय तहसीलदार वारासिवनी में पेश की गई थी। जांच में अनावेदक यशवंत पिता अंबरलाल द्वारा वर्णित भूमि पर अतिक्रमण के विरुद्ध अतिक्रमण सिद्ध होना पाया गया। जिसके परिणाम स्वरूप न्यायालय तहसीलदार वारासिवनी के द्वारा अनावेदक यशवंत पिता अंबर लाल को मध्य प्रदेश भू राजस्व संहिता 1959 की धारा 248(1) के तहत 5000 रुपये अर्थदंड से आरोपित कर 15 दिवस के भीतर अतिक्रमित भूमि से अतिक्रमण हटाने के आदेश पारित किये तथा अनावेदक यशवंत पिता अंबरलाल द्वारा निर्धारित अवधि में अतिक्रमण नहीं हटने पर शासकीय अविसाधनों से अतिक्रमण हटाने पर उस पर खर्च हुई राशि भी अतिक्रमक से वसूल किए जाने के आदेश पारित किया गया है। साथ ही हल्का पटवारी कायदी पटवारी हल्का नंबर 22 को निर्धारित अवधि में शासकीय अविसाधनों से अतिक्रमण हटाकर पालन प्रतिवेदन प्रस्तुत करने के निर्देश दिए गए हैं। न्यायालय तहसीलदार वारासिवनी के इस आदेश से कबीर अनुयायियों में हर्ष व्यक्त किया गया है।

# किसानों ने सरकार पर लगाया वादा खिलाफी का आरोप

## रबी फसलों को भी समर्थन मूल्य पर खरीदने की करी मांग, भारतीय किसान संघ के बैनर तले सौपा ज्ञापन, 5 सूत्रीय मांगे पूरी न होने पर आंदोलन की दी चेतावनी

बालाघाट (पदमेश न्यूज़)। मध्य प्रदेश विधानसभा चुनाव के पूर्व प्रदेश सरकार ने खरीब की फसल धान का समर्थन मूल्य 3200 रु प्रति क्विंटल के हिसाब से देने और खरीफ फसलों की तरह ही गर्मी में आने वाली रबी की फसल धान को भी समर्थन मूल्य पर खरीदे जाने की घोषणा की थी ।लेकिन 22 जनवरी 2023 को की गई इस घोषणा के 2 वर्ष बीत जाने के बावजूद भी ना तो प्रदेश सरकार ने खरीफ फसल धान का समर्थन मूल्य 2300 रु दिया और ना ही समर्थन मूल्य पर रबी की फसल धान को खरीदना शुरू किया है। जिसके चलते किसान प्रदेश सरकार से खासा नाराज है। जिन्होंने प्रदेश सरकार पर वादा खिलाफी का आरोप लगाते हुए चुनाव के पूर्व की गई घोषणा को अमली जामा पहनाने की मांग की है। जहां उन्होंने तत्कालीन मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान की घोषणा के अनुरूप रबी फसल धान को समर्थन मूल्य पर खरीदने सहित अपनी 5 सूत्रीय मांगों को लेकर एक ज्ञापन सौपा है। मंगलवार को कलेक्टर कार्यालय में आयोजित जनसुनवाई में भारतीय किसान संघ के बैनर ताले सौंपे गए इस ज्ञापन में संघ के पदाधिकारी सदस्यों व किसानों ने जल्द से जल्द उनकी सभी 5 सूत्रीय मांगे पूरी करने की गुहार लगाई है ।तो वही उन्होंने मांग पूरी न होने पर मध्य प्रदेश के सभी किसानों को एकत्रित कर प्रदेश सरकार के खिलाफ आंदोलन किए जाने की चेतावनी दी है ।इस दौरान भारतीय किसान संघ जिलाध्यक्ष डुलिचन्द पटले, जिला मंत्री धर्म लाल लिल्हारे, नगर अध्यक्ष राजेंद्र बोपचे सहित अन्य पदाधिकारी सदस्य व किसान प्रमुख रूप से उपस्थित रहे।




### 22 जनवरी 2023 को बालाघाट में की गई थी घोषणा

आपको बताएं कि महारानी दुर्गावती की वीरता और उनकी बलिदान गाथा को जन-जन तक पहुंचाने के लिए तत्काल मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान द्वारा मध्य प्रदेश में 6 दिवसीय गौरव गाथा का शुभारंभ बालाघाट जिले से किया गया था। जहां 22 जनवरी 2023 को बालाघाट नगर में आयोजित एक भव्य कार्यक्रम को संबोधित करते हुए तत्कालीन मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने खरीफ की फसलों की तरह ही रबी की फसल को भी समर्थन मूल्य पर खरीदने की घोषणा की थी। लेकिन चुनाव के बाद यह घोषणा महज एक घोषणा बन कर रह गई ।जहां इस घोषणा को 2 वर्ष बीत जाने के बाद भी अब तक रबी की फसल धान को समर्थन मूल्य पर खरीदना शुरू नहीं किया गया है। जिसके चलते जिले के किसान नाराज हैं और उन्होंने प्रदेश सरकार पर वादा खिलाफी का आरोप लगाते हुए रबी की फसलों को समर्थन मूल्य पर खरीदने सहित अन्य 05 सूत्रीय मांगों को जल्द से जल्द पूरा किए जाने की गुहार लगाई है ।

### तो समस्त किसानों को एकत्र कर, करेंगे आंदोलन- बोपचे

कलेक्टर कार्यालय में सौपे गए ज्ञापन को लेकर की गई चर्चा के दौरान भारतीय किसान संघ नगर अध्यक्ष राजेंद्र बोपचे ने बताया कि मध्य प्रदेश सरकार ने रबी की फसलों को भी समर्थन मूल्य पर खरीदने की घोषणा की थी। लेकिन आज तक रबी की फसल धान को समर्थन मूल्य पर खरीदने के आदेश जारी नहीं किए गए हैं। जिससे किसान अपनी उपज को औने पौने दाम पर बेचने के लिए मजबूर हैं। इसके अलावा किसानों को मंडियों में रबी की फसल धान का उचित मूल्य नहीं मिल रहा है। हमारी मांग है कि 2300रु प्रति क्विंटल के नीचे किसी भी किसान का धान ना खरीदी जाए। इसके अलावा मंडी में धान की खरीदी न करने वाले व्यापारियों के लाइसेंस निरस्त किए जाने चाहिए। तो वहीं कृषि उपज मंडी में धान खरीदी, हमाल, परिवहन और पेयजल की व्यवस्था बनाई जानी चाहिए ।इसके अलावा जिले के समस्त गांवो में मुख्यमंत्री खेत सड़क योजना के तहत सड़कों का निर्माण किया जाना चाहिए ।अपनी इन्हीं मांगों को लेकर आज भारतीय किसान संघ के बैनर तले मुख्यमंत्री के नाम कलेक्टर कार्यालय में ज्ञापन सौपा गया है। यदि जल्द से जल्द हमारी यहां मांग पूरी नहीं की जाती तो प्रदेश भर के समस्त किसानों को एकत्र कर, सरकार के खिलाफ आंदोलन किया जाएगा। जिसकी संपूर्ण जिम्मेदारी शासन प्रशासन की होगी।

# न काम दे रहे है न मजदूरों को मजदूरी

## मनरेगा के तहत करीब 5 करोड़ रु का अब तक नही हुआ भुगतान, जनपद पंचायत सभापति ने अपनी ही सरकार को घेरा, जताई नाराजगी, कहा- नीतियो का निर्धारण ठीक से नही कर पा रही सरकार

बालाघाट(पदमेश न्यूज) ।बालाघाट जनपद पंचायत की सत्ता वर्तमान में भाजपा समर्थित है, लेकिन इसके सभापित अपने ही सरकार के विरुद्ध खड़े नजर आ रहे है जिसका एक बड़ा कारण सरकार के द्वारा ग्राम पंचायत स्तर पर मनरेगा के तहत काम के नाम पर सिर्फ छोटे-छोटे तालाब का निर्माण करवाना और उसमें भी मजदूरों को मजदूरी नहीं देना हैं ।वहीं अधिकारी-कर्मचारियों को मजदूरों की संख्या बढ़ाने के लिए दबाव बनाना है। इससे नाराज बालाघाट जनपद पंचायत के निर्माण विभाग के सभापति भूनेश्वर रजक ने मंगलवार को जनपद पंचायत के सभागार में एक पत्रकारवार्ता का आयोजन कर अपनी ही सरकार पर कई सवाल उठाए है ।जिन्होंने तालाब निर्माण के अलावा मनरेगा क्षेत्र में अन्य योजनाए व कार्य शुरू ना होने पर अपनी नाराजगी जताते हुए सरकार की नीति निर्धारण ठीक नही होने की बात कही तो वही उन्होंने सरकार से पहले मनरेगा के तहत काम बढ़ाने की मांग के साथ ही मजदूरों का जल्द से जल्द से बकाया भुगतान किए जाने की मांग की हैं।

### सिर्फ तालाब का ही हो रहा निर्माण

सभापति ने बताया कि वर्तमान समय में मनरेगा के तहत सिर्फ ग्राम पंचायतों में तालाबों का निर्माण करवाया जा रहा है, तालाब भी इतने छोटे बनाए जा रहे है कि इससे जल संवर्धन होना तो बहुत मुश्किल है ।वहीं तालाब निर्माण कार्य भी 15 से 20 दिनों में पूर्ण हो रहे है। जिसके बाद मजदूरों को मजदूरी तक नहीं दी जा रही है। उन्होंने बताया कि उनकी जनपद के तहत 77 ग्राम पंचायतें आती है, और आधे से अधिक का भुगतान बकाया है। जिससे मजदूर जहां मजदूरी करने के लिए आगे नहीं आ रहे है, तो वहीं ग्राम पंचायतों में काम नहीं होने से जनप्रतिनिधियों को भी परेशान होना पड़ रहा है।



### इन कामो को शुरू कर, दिया जाए रोजगार

सभापति भूनेश्वर रजक ने बताया कि ग्रामीण क्षेत्र में मनरेगा मजदूरों को एक तरफ काम नहीं दिए जा रहे है और दूसरी तरफ मजदूरी भी नहीं दी जा रही है। ऐसे में अधिकारियों से कहा जा रहा है कि मजदूरों की संख्या बढ़ाई जाए जिससे वे भी परेशान हो रहे है। सरकार को ऐसा करने के बजाय कपिल धारा, कुआं निर्माण, मेढ़ बंधान,पशु शेड निर्माण, सुदूर सड़क निर्माण सहित अन्य काम दिए जाना चाहिए जिससे मजदूरों को हर समय काम मिल सकेगा।

### सरकार का नीति निर्धारण ठीक नहीं

सभापति भुनेश्वर रजक ने आगे बताया कि बालाघाट जिले में सबसे ज्यादा लेबर पेमेंट की समस्या आ रही है। सरकार अधिकारियों को और अधिकारी संबंधित अधिकारियों व कर्मचारियों को मनरेगा के मजदूर बढ़ाने का टारगेट पर टारगेट दे रहे हैं। लेकिन काम की संख्या नहीं बढ़ाई जा रही है और ना ही मजदूरों को उनकी मजदूरी का भुगतान हो रहा है। बात अगर बालाघाट जनपद के अंतर्गत आने वाली 77 पंचायतो की करें तो प्रत्येक पंचायत में केवल और केवल तालाब का निर्माण कराया जा रहा है। जिसका निर्माण कार्य महज 10 से 15 दिनों में हो जाता है। हमारी जनपद में 100 से अधिक तालाबों का काम अधूरा पड़ा है। इसी तरह जिले की सभी पंचायत में कई तालाबों के काम अधूरे पड़े हैं जो पूरे नहीं हो पाए है। वहीं मनरेगा के तहत इन तालाब निर्माण में काम करने वाले मजदूरों का भुगतान भी अटका हुआ है ।जिले में करीब 5 करोड़ के ऊपर का भुगतान अटका है ।जबकि ग्राम पंचायत विकास मंत्री हमारे क्षेत्र से ही हैं बावजूद इसके भी सरकार की नीतियों का सही ढंग से निर्धारण नहीं हो पा रहा है। हमारी मांग है कि तालाब के अलावा अन्य निर्माण कार्य भी बढ़ाए जाए ताकि सभी मजदूरों को मनरेगा के तहत काम मिल सके। वही सभी मजदूरों का जल्द से जल्द बकाया भुगतान कराया जाए।

# आईटीआई बालाघाट में सत्र 2025 के लिए प्रवेश हुए प्रारंभ

बालाघाट(पद्मेश न्यूज)। सत्र 2025 के लिए जिले की आईटीआई में प्रवेश प्रारंभ हो चुके हैं। प्राचार्य आरएन सिंह ने बताया है कि प्रवेश के लिए इच्छुक अभ्यर्थी इंटरनेट के माध्यम से अपने स्तर अथवा ऑनलाइन सहायता केन्द्रो से प्रवेश पोर्टल www.dsd.mp.gov.in मे जाकर आवेदन कर सकते हैं। आईटीआई में प्रवेश के लिए प्रवेश पोर्टल पर रजिस्ट्रेशन करना अनिवार्य है। आवेदन करने के लिए आवश्यक दस्तावेज के रूप में मोबाइल नंबर व ईमेल आईडी (जो कि स्वयं की एवं आधार/समग्र/बैंक अकाउंट से केवाईसी सहित) होना चाहिए। इसके अतिरिक्त समस्त व्यवसाययों के लिए दसवीं की उत्तीर्ण अंक सूची होना चाहिए। वेल्डर, वूडवर्क टेक्नीशियन (कारपेंटर)/स्विंग टेक्नोलॉजी/मेसन (बिल्डिंग कंस्ट्रक्टर) व्यवसाय के लिए आठवीं की उत्तीर्ण अंक सूची, आधार कार्ड,समग्र आईडी(केवाईसी सहित),जाति प्रमाण पत्र डिजिटल,मूल निवास प्रमाण पत्र,नवीन आय प्रमाण पत्र, पासपोर्ट साइज फोटो,हस्ताक्षर व अन्य संबंधित दस्तावेज होना चाहिए। प्रवेश संबंधित अन्य जानकारी के लिए इन नंबरों पर संपर्क कर सकते हैं। आरसी कावरें(9302740754), जयराम नेवारे(9424033836), संदीप कुमार बिहोने(9893880084), कोमल प्रसाद बोपचे(9171193221), ज्योति ठाकरे(8770531416),अभिलाषा बघेल(6264059585)। ऑनलाइन पंजीकरण के लिए https://dsd.mp.gov.in/https://mpiticounseling.co.in/ApplicationForm इस लिंक पर जाकर आवेदन कर सकते हैं।

# सतपुड़ा वैली पब्लिक स्कूल का सीबीएसई 10वीं/12वीं का रिजल्ट रहा जिले में सर्वोत्तम

बालाघाट(पद्मेश न्यूज)। सीबीएसई कक्षा 10वीं एवं 12वीं बोर्ड परिणाम 2025 आज घोषित किए गए, और सतपुड़ा वैली पब्लिक स्कूल, मांझापुर ने एक बार फिर अपने छात्रों के असाधारण प्रदर्शन से बालाघाट को गौरवान्वित किया है। कक्षा दसवीं के छात्र अभय गौतम ने उत्कृष्ट प्रदर्षन कर 93 प्रतिशत अंकों के साथ स्कूल में पहला स्थान हासिल किया। छात्रा सृष्टि जायसवाल ने 90 प्रतिशत अंक हासिल किया। छात्र उज्ज्वल तिवारी ने 87 प्रतिशत अंक प्राप्त किए, छात्र आदर्श पटले ने भी 87 प्रतिशत अंक हासिल किए, छात्र जीत टेम्भरे ने 86 प्रतिशत अंक हासिल किए, छात्रा आशिका जैन ने 84 प्रतिशत अंक प्राप्त किए। छात्रा तमन्ना बंसारे ने 83 प्रतिशत अंक प्राप्त किया। छात्र विपुल बागड़े ने 82प्रतिशत अंक प्राप्त है। इसी प्रकार कक्षा 12वीं में कॉमर्स संकाय के छात्र सागर गुरनानी ने अपनी कड़ी मेहनत, निरंतरता और शैक्षणिक उत्कृष्टता को दर्शाते हुए 96 प्रतिशत अंक के उत्कृष्ट स्कोर के साथ जिला टॉपर बनकर स्कूल का नाम रोशन किया है। बायोलॉजी संकाय से छात्र आयुष घोडेस्वर ने 87 प्रतिशत अंक हासिल किया। मैथ्स संकाय से छात्र ओम धुवारे ने भी अपनी मजबूत विश्लेषणात्मक क्षमताओं और दृढ़ता का प्रदर्शन करते हुए प्रभावशाली 85 प्रतिशत अंक प्राप्त करके स्कूल का नाम ऊंचा किया। सतपुड़ा वैली पब्लिक स्कूल बालाघाट जिले में अनुशासन, अखंडता और सर्वांगीण विकास के मूल्यों को स्थापित करते हुए शैक्षणिक उत्कृष्टता के स्तर को ऊपर उठा रहा है। यह सामूहिक उपलब्धि न केवल छात्रों के प्रयास का परिणाम है, बल्कि प्राचार्या कु. पूर्णिमा देषमुख के नेतृत्व, प्रबंधन के दूरदर्शी मार्गदर्शन का भी परिणाम है। हमारे समर्पित शिक्षकों का अथक समर्थन। सतपुड़ा वैली पब्लिक स्कूल इन युवा उपलब्धि हासिल करने वालों की सफ्लता का जश्न मनाने में बहुत गर्व महसूस करता है।



## न्यायालय तहसीलदार परसवाडा जिला बालाघाट(म.प्र)

Rs/457/2304/699/2025
रा.प्र.क्र.- ड.154/2025
मौजा- तिरगांव
प.ह.न.- 27

### ईश्तहार

एतद् द्वारा सर्वसाधारण एवं आम जनता ग्राम तिरगांव निवासी को सूचित किया जाता है कि आवेदक / अवेदिका सतुला बाई उइके पिता/पति मानसिंह उइके निवासी तिरगांव प.ह.न. 27 तहसील परसवाड़ा जिला बालाघाट इनके पुत्र/पुत्री/पिता/पति रैली बाई पिता / पति सुरपत सिंह निवासी तिरगांव तहसील परसवाड़ा जिला बालाघाट की दिनांक 02/06/2018 को मृत्यु होने से मृत्यु प्रमाण-पत्र मिलने हेतु आवेदन पत्र प्रस्तुत किया गया है। इस संबध में जिस किसी भी व्यक्ति विशेष को दावा एवं आपत्ति प्रस्तुत करना चाहते है वे इस संबध में 15 दिनो के तक मेरे न्यायालय में उपस्थित होकर प्रस्तुत कर सकते है।

समयावधि के पश्चात् प्राप्त किसी भी प्रकार के दावा एवं आपत्ति पर कोई विचार नही किया जावेगा।

आज दिनांक 09/05/2025 का मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय के मुद्रा द्वारा जारी किया गया है।

तहसीलदार
परसवाडा तहसील परसवाडा
जिला बालाघाट(म.प्र.)

आवश्यकता है
ऑफिस कार्य हेतु चपरासी की आवश्यकता है,
25 वर्ष से कम उम्र के बालाघाट एवं आसपास के रहने वाले ही संपर्क करें। वेतन-12000+
मिलने एवं फोन लगाने का समय शाम 5 बजे से शाम 8.00 बजे तक
संपर्क
बाघरेचा तिजारे एण्ड एसोसिएट्स चार्टड एकाउन्टेन्ट्स, श्याम टॉकीज एण्ड मॉल द्वितीय तल मेन रोड बालाघाट (मप्र)
मो. 9201340520/7999613237

आवश्यकता है
सिविल वर्क/इन्टीरयर वर्क देखरेख हेतु
ITI/Polytechnic युवती की आवश्यकता है
वेतन - 10000+
मिलने एवं फोन लगाने का समय शाम 5 बजे से शाम 8.00 बजे तक
संपर्क
बाघरेचा तिजारे एण्ड एसोसिएट्स चार्टड एकाउन्टेन्ट्स, श्याम टॉकीज एण्ड मॉल द्वितीय तल मेन रोड बालाघाट (मप्र)
मो. 9201340520/7999613237

आवश्यकता है
कार चलाने हेतु ड्रायवर की आवश्यकता है
योग्यता-10वीं पास
वेतन- 10000+
बालाघाट एवं आसपास के रहने वाले ही संपर्क करें
मिलने का समय शाम 5 बजे से शाम 8.00 बजे तक
संपर्क
बाघरेचा तिजारे एण्ड एसोसिएट्स चार्टड एकाउन्टेन्ट्स, श्याम टॉकीज एण्ड मॉल द्वितीय तल मेन रोड बालाघाट (मप्र)
मो. 9201340520/7999613237

बारबेड वायर (कांटेदार तार) एवं चेन लिंक जाली उचित दाम पर उपलब्ध
लघु उद्योग निगम भोपाल से संबद्ध
निर्माता
तिरूपति इंजीनियरिंग वर्क्स
मयूर टॉकिज के सामने हनुमान चौक, बालाघाट
फोन:- 07632-243531
मो:- 8989976858, 9425139998

# रोड रोलर का पहिया टूटा, डेंजर रोड पर लगा लंबा जाम

## यातायात पुलिस ने कड़ी मशक्कत के बाद खुलवाया जाम, जिला प्रशासन की टीम ने डेंजर रोड की स्थिति का देर शाम किया निरीक्षण

**बालाघाट( पद्मेश न्यूज )। डेंजर रोड पर उस समय लंबा जाम लग गया जब एक रोड़ रोलर का पहिया टूट गया, यह घटना सुबह के 11:30 बजे की है इस समय शहर में कार्य करने आने वाले लोगों का समय रहता है तो वही यात्री बस सहित कई बड़े वाहन शहर में प्रवेश करते हैं । कुछ वाहन शहर से निकलते हैं रोलर के चक्का टूटने की वजह से डेंजर रोड रेलवे ब्रिज के पास से वैनगंगा नदी के पल तक लंबा जाम लग गया। गर्रा रेलवे क्रॉसिंग के पास दो पहिया वाहन का भी जमावड़ा लग गया, यह दोनों ही मार्ग शहर के अंदर प्रवेश के रहते हैं और दोनों तरफ से लोगों की आवाजाही की वजह से दोनों ही मार्गों पर लंबा जाम कुछ घंटे के लिए लगा रहा । जैसे ही जाम की सूचना यातायात विभाग को लगी तो यातायात विभाग द्वारा कड़ी मशक्कत के बाद लगे जाम को खुलवाया गया, वहीं देर शाम जिला प्रशासन की टीम ने भी डेंजर रोड के मार्ग का निरीक्षण किया।**





आपको बता दे कि इन दिनों शहर के तीन प्रमुख मार्गों पर ओवरब्रिज बनाए जाने का निर्माण कार्य चल रहा है। जिससे शहर के अंदर आने वाले कुछ मार्गों को विभाग ने डायवर्ट किया है। जिसमें सरेखा रेलवे क्रॉसिंग से शहर के अंदर आने वाले मार्ग को डेंजर रोड की ओर से परिवर्तित किया गया है । गर्रा रेलवे की ओर से आने वाले मार्गों को भी डेंजर रोड से होते हुए मृत्युंजय घाट की ओर से रास्ता दिया गया है। 13 मई को गर्रा की ओर से आ रहे एक रोलर का तकनीकी खमी के चलते पहिया टूट गया जिससे वारासिवनी, लालबर्रा की ओर से आने वाले वाहनों का डेंजर रोड की ओर जमावड़ा लगने के साथ ही जाम की स्थिति बन गई। शंकर घाट की ओर से गर्रा रेलवे क्रॉसिंग से दोपहिया वाहन को निकलने के लिए व्यवस्था बनाई गई है । यहां भी अधिक वाहनों के दबाव के कारण धीरे-धीरे जाम के हालात बन गए और कुछ ही देर में गर्रा रेलवे क्रॉसिंग पर भी जाम की स्थिति निर्मित हो गई, देखते ही देखते जाम इतना लंबा लग गया कि डेंजर रोड से लेकर वैनगंगा नदी के बड़े पुल तक, यहां वाहनों का लंबा जाम लग गया, जैसे ही इस बात की जानकारी यातायात विभाग को लगी तो यातायात विभाग द्वारा अपने पुलिसकर्मियों के साथ लंबे लगे जाम को कड़ी मशक्कत के बाद सुचारू रूप से चालू करवाया गया। इसी प्रकार की स्थिति दोबारा ना बने और डेंजर रोड पर क्या व्यवस्थाएं की जा सकती है इस विषय को लेकर जिला प्रशासन के साथ पुलिस विभाग की टीम ने देर शाम 4-30 बजे डेंजर रोड का निरीक्षण किया।

### सर्विस रोड नहीं होने के कारण आ रही दिक्कतें

गर्रा रेलवे क्रॉसिंग पर ओवर ब्रिज बनने का कार्य इन दिनों शुरू है वहीं जब गर्रा रेलवे क्रॉसिंग पर भी जाम लग गया तो यहां से आवागमन करने वाले कुछ राहगीरों ने पद्मेश न्यूज़ से चर्चा करते हुए बताया कि निर्माण एजेंसी को सबसे पहले गर्रा रेलवे क्रॉसिंग पर सर्विस रोड बनाए जाने की व्यवस्था करनी थी। किंतु विभाग द्वारा सिर्फ मार्ग को परिवर्तित कर यहीं पर ही दो पहिया वाहनों की जाने की व्यवस्था कर दी गई, किंतु सर्विस रोड नहीं बनाई गई राहगीरों का मानना है कि यदि यहां पर सर्विस रोड बना दी जाती तो आज जाम जैसे हालात नहीं बनते जबकि इसके पहले भी सरेखा रेलवे क्रॉसिंग पर सर्विस रोड नहीं बनाए जाने के कारण राहगीरों को बहुत परेशानी का सामना करना पड़ा है तो वही ऐसे ही हालत गर्रा रेलवे क्रॉसिंग पर भी अब बन गए।

### जिला प्रशासन की टीम ने डेंजर रोड का किया निरीक्षण

दोपहर जाम खुलने के बाद इस लगे लंबे जाम की जानकारी पुलिस प्रशासन के साथ-साथ जिला प्रशासन को भी लगी, वहीं जिला प्रशासन द्वारा डेंजर रोड पर और क्या वैकल्पिक व्यवस्था बनाई जा सकती है। इसको लेकर पुलिस विभाग के बड़े अधिकारियों के साथ एसडीएम बालाघाट गोपाल सोनी द्वारा डेंजर रोड और गर्रा रेलवे क्रॉसिंग पर बना रहे ओवरब्रिज के कार्य सहित मार्ग का निरीक्षण किया गया ।

### कड़ी मशक्कत के बाद खुला जाम - आकाश शर्मा

जाम को लेकर जब हमारे द्वारा यातायात थाना प्रभारी आकाश शर्मा से दूरभाष पर चर्चा की गई तो उन्होंने बताया कि एक रोड़ रोलर का पहिया तकनीकी कारण से खराब हो गया था , जिस वजह से डेंजर रोड पर जाम के हालात बने थे, जिसकी सूचना लगते ही उनके द्वारा यातायात विभाग का अधिक से अधिक बल लगाकर जाम की बनी स्थिति को जल्द से जल्द खत्म किया गया और जल्द ही गर्रा रेलवे क्रॉसिंग पर और डेंजर रोड पर लगे जाम को बहाल किया गया।

# शादी में शामिल होने गए तुरकर दंपति के सुने मकान को चोरों ने बनाया निशाना

## सोने चांदी के जेवरात एवं नगद 70 हजार रुपए चोरी, खैरलांजी थाने के ग्राम सालेटेका की घटना

बालाघाट( पद्मेश न्यूज) ।एक कृषक को सुना मकान छोड़कर शादी में जाना उस समय महंगा पड़ गया। जब चोरों ने इस कृषक के सुने मकान को निशाना बनाते हुए नगद 70हजार रुपए के अलावा सोने चांदी के जेवरात्तों की चोरी कर ली। 12 मई की रात्रि में चोरी की यह वारदात जिले के खैरलांजी थाना क्षेत्र में आने वाले ग्राम सालेटेका में हुई। खैरलांजी पुलिस ने कृषक दिलीप पिता सालिकराम तुरकर 49 वर्ष वार्ड नंबर 2 सालेटेका निवासी द्वारा की गई रिपोर्ट पर अज्ञात आरोपी के विरुद्ध चोरी का अपराध दर्ज कर जांच शुरू की है। प्राप्त जानकारी के अनुसार दिलीप तुरकर खेती किसानी करते हैं।12 मई की शाम 6:30 बजे दिलीप तुरकर अपनी पत्नी नीता तुरकर के साथ ग्राम अतरी (कटंगी) अपनी भतीजी के देवर की शादी में शामिल होने के लिए घर में ताला लगाकर गए थे।घर में कोई नहीं था। रात्रि 10:30 बजे करीब जब दिलीप तुरकर अपनी पत्नी नीता के साथ ग्राम अतरी कटंगी शादी से घर वापस आए, देखे मेंन गेट में जो ताला लगाकर गए थे। वह ताला कटा हुआ था। घर का दरवाजा अंदर से बंद था। इसके बाद दिलीप तुरकर पत्नी नीता तुरकर के साथ घर के बाजू गलियारे से घर के पीछे गए, देखें घर के पीछे का दरवाजा खुला हुआ था। इसके बाद दोनो पति पत्नी घर के अंदर पहुंचे और पूजा वाले कमरे में गये जहां रुपये और जेवरात रखे हुए थे। पूजा वाले कमरे में रखा संदूक का ताला टूटा हुआ था और संदूक के अंदर रखे सारे कपड़े बिखरे पड़े हुए थे। संदूक के अंदर में रखे जेवरातऔर रुपये चेक किया तो, वहां पर जेवरातऔर पैसे नहीं थे। संदूक के अंदर ड्राच खाली पड़ा हुआ था। ड्राच के अंदर रखे 20 हजार रुपये सोने का मंगलसूत्र, सोने की दो अंगूठी, सोने के एक जोड़ी कान के झाले, चांदी की चार जोड़ी पायल, ड्राच में नहीं थे। बेडरूम में रखी आलमारी भी खुली पड़ी हुई थी। कपड़े बिखरे हुये थे। अलमारी के अंदर बैग में रखे 50 हजार रुपये नही थे वह भी चोरी हो चुके थे। इस प्रकार चोरों ने 12 मई की शाम 6:30 से रात्रि 10:30 के बीच दिलीप तुरकर के इस सूने मकान को निशाना बनाते हुए घर के दरवाजे ताला तोड़कर बेडरूम की आलमारी और पूजा के कमरे में रखी संदूक से नगद 70 हजार रुपए और सोने चांदी के जेवरात की चोरी कर ली। दिलीप तुरकर के द्वारा की गई रिपोर्ट पर खैरलांजी पुलिस ने घर में घुसकर चोरी करने के आरोप में अज्ञात आरोपी के विरुद्ध धारा 331(4)305 (ए) भारतीय न्याय संहिता 2023 के तहत अपराध दर्ज कर चोरों की तलाश शुरू की है।

# वनविकास निगम में काम कर रहे सुरक्षा श्रमिकों ने कलेक्टर को सौंपा ज्ञापन

## फिर से काम पर रखने की करी मांग

बालाघाट(पद्मेश न्यूज)। लामता वन विकास निगम परियोजना में कार्य करने वाले लगभग एक दर्जन से अधिक वन श्रमिकों ने मंगलवार को जनसुनवाई में पहुंचकर कलेक्टर को आवेदन दिया है। उन्होंने बताया की उन्हें बजट नहीं होने के कारण वन विकास निगम द्वारा उन्हें काम से हटा दिया गया है । वह चाहते हैं कि उन्हें पुनः काम पर लिया जाए क्योंकि आज उनके सामने काम नहीं होने की वजह से रोजी-रोटी की समस्या उत्पन्न हो गई है उन्हें इन दिनों काम नहीं मिल रहा है वह चाहते हैं कि उन्हें पुनः विभाग काम पर रख ले । आपको बता दे कि जिले में लामता वनविकास निगम परियोजना मंडल की वित्तिय हालत खराब है, यही वजह बताकर, निगम ने जिले के 16 रेंज में कार्यरत, तकरीबन 25 सुरक्षा श्रमिको को 1 मई से, काम से बंद कर दिया है। जिससे सुरक्षा श्रमिको में नाराजगी है। हालांकि निगम की वित्तिय हालत को निगम के परियोजना अधिकारी डेविड चिनाब भी स्वीकारते है। 1 मई से जिले के 16 रेंज क्षेत्रो में ईमारती पेड़ो के रोपण, अग्निसुरक्षा, वन्यप्राणियों की सुरक्षा,



अवैध उत्खनन सहित अन्य वानिकी सुरक्षा कार्यो में लगे तकरीबन 25 सुरक्षा श्रमिकों को बिना कोई पूर्व सूचना के रेंज अधिकारियों ने यह कहकर काम से बंद कर दिया कि निगम की वित्तिय हालत खराब होने से उनके पारिश्रमिक भुगतान की समस्या है। जिसके कारण काम से बंद किया जाता है। जिससे, सालों से निगम के अंतर्गत विभिन्न रेंजो में काम कर रहे सभी 26 सुरक्षा श्रमिक, बेरोजगार हो गए है। जिनके सामने अब परिवार के जीविकोपार्जन से लेकर बच्चो की पढ़ाई की चिंता, मुंह फाड़े खड़ी है। वह लगातार जनसुनवाई में शिकायत लेकर आ रहे है लेकिन उनकी कोई सुनवाई नहीं हो रही है। जिसके चलते, अब श्रमिकों ने आंदोलन की चेतावनी दी है। दूसरी बार जनसुनवाई में अपनी व्यथा लेकर पहुंचे सुरक्षा श्रमिक टेकचंद भुर्रे ने बताया कि वित्तिय हालत खराब होने की बात कहकर, निगम से 25 श्रमिको को बंद कर दिया गया है, लेकिन नए सुरक्षा श्रमिकों को भर्ती किया जा रहा है। यही नहीं श्रमिक टेकचंद भुर्रे ने बताया कि निगम में ही स्थापना शाखा, राजस्व, व्यय शाखा एवं संभागीय कार्यालय में कई सेवानिवृत्त कर्मचारियों को कलेक्टर रेट में भुगतान देकर रखा गया है, जिससे निगम का अतिरिक्त पैसा बर्बाद हो रहा है। शासन के नियमों को दरकिनार कर लाभ दिया जा रहा है। जो श्रमिकों के साथ अन्याय है। यदि हमें काम पर नहीं लिया जाता है तो हम आंदोलन के विवश होंगे। लामता परियोजना मंडल अधिकारी डेविड चिनाब ने बताया कि निगम की वित्तिय हालत खराब होने के कारण श्रमिकों के पारिश्रमिक भुगतान का पैसा नहीं आ पा रहा है। जैसे ही वित्तिय हालत सुधरेंगे, श्रमिकों को काम पर वापस ले लिया जाएगा। उन्होंने बताया कि वानिकी के अन्य कार्यो में यदि श्रमिक काम करना चाहते है तो वह काम कर सकते है। एक सवाल के जवाब में उन्होंने बताया कि नए श्रमिकों को रखने जैसे कोई बात नहीं है, जो कार्यो को गुणवत्तापूर्ण करेगा, उसे रखा जाएगा।

# अज्ञात फोर व्हीलर की ठोस से एक की मौत एक घायल

## घायल छात्र का नगर के निजी अस्पताल में चल रहा उपचार, मृतक के शव का पोस्टमार्टम कराकर ,जांच में जुटी पुलिस

बालाघाट (पदमेश न्यूज़) ।लालबर्रा थाना क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले ग्राम बिरसोला में बीती रात एक तेज रफ्तार अज्ञात फोर व्हीलर के चालक ने एक मोटरसाइकिल सवार व्यक्ति सहित कक्षा 10वी के एक छात्र को ठोस मार दी। जहां रात्रि करीब 8 बजे हुए इस सड़क हादसे में उस व्यक्ति की उपचार के दौरान मौत हो गई ।तो वहीं कक्षा दसवीं में पढ़ने वाला छात्र गंभीर रूप से घायल हो गया। जिसका नगर के एक निजी अस्पताल में उपचार जारी है। मृतक का नाम ग्राम बिरसोला निवासी 38 वर्षीय राजेश पिता दौलतराम दौने, तो वही घायल छात्र का नाम बिरसोला निवासी 16 वर्षीय मोहित पिता लेखराम तीतरमारे बताया गया है। जिसे गंभीर अवस्था में प्राथमिक उपचार कर बेहतर उपचार के लिए चिकित्सकों ने रिफर किया है ।जिनके परिजनों ने उसे नगर के एक निजी अस्पताल में उपचार के लिए भर्ती कराया है जहां उसका उपचार जारी है।



### पहले राजेश को, फिर मोहित को मारी ठोस

प्राप्त जानकारी के अनुसार बिरसोला निवासी राजेश दौने सेंटरिंग का काम करता था, जिसके दो नाबालिक बच्चे हैं। बताया जा रहा है कि राजेश ने हाल ही में अपना घर बनाने के लिए मकान को तोड़ा था। जो मकान बनाने का काम कर रहा था। जानकारी के अनुसार बीती रात करीब 8 बजे राजेश ,घर का कुछ सामान खरीदने के लिए बिरसोला चौक की दुकान गया था। जहां से सामान लेकर वहां मोटरसाइकिल से घर वापस आ रहा था। तभी बालाघाट से लालबर्रा की ओर जा रही एक अज्ञात फोर व्हीलर के चालक ने तेज रफ्तार से लापरवाही पूर्वक वाहन चलाते हुए रांग साइड जाकर राजेश को ठोस मार दी और वहां से फरार हो गया। इसके कुछ दूरी पर ही उसी अज्ञात फोर व्हीलर चालक ने कक्षा दसवीं के छात्र मोहित तीतरमारे को भी ठोस मारकर गम्भीर रूप से घायल कर दिया और वहां से भी फोर व्हीलर लेकर फरार हो गया।

### घटना के बाद मची चीख-पुकार

उधर घटना के बाद मौका स्थल पर कुछ देर के लिए चीख पुकार मच गई। जहां दोनों घायलों के परिजनों ने घायलों को उपचार के लिए देर रात जिला अस्पताल लाकर भर्ती कराया ।जहां उपचार के दौरान राजेश दौने ने दम तोड़ दिया। तो वहीं इस सड़क हादसे में गंभीर रूप से घायल मोहित का प्राथमिक उपचार कर बेहतर उपचार के लिए उसे चिकित्सकों द्वारा रिफर कर दिया गया ।जहां मोहित के परिजनों ने उसे उपचार के लिए नगर के एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया है जहां उसका उपचार जारी है।

### पोस्टमार्टम के बाद सौंपा गया शव

उधर रात में चिकित्सक से मार्ग तहरीर मिलने पर अस्पताल चौकी पुलिस ने देर रात पंचनामा सहित अन्य आवश्यक कार्यवाही पूरी कर राजेश के शव को अपने कब्जे में लिया। जहां रात अधिक होने के चलते शव का पोस्टमार्टम नहीं हो सका। जिसके चलते शव को मर्चुरी में सुरक्षित रख दिया गया। तो वहीं अस्पताल चौकी पुलिस द्वारा अगली सुबह मंगलवार को शव पर परीक्षण कर पोस्टमार्टम कराकर अंतिम संस्कार के लिए शव उनके परिजनों के सुपुर्द किया है ।तो वहीं परिजनों के बयान दर्ज कर आगामी कार्यवाही के लिए डायरी संबंधित थाना पहुंचाई गई है। जिसके आधार पर लालबर्रा पुलिस द्वारा इस पूरे मामले की जांच शुरू कर दी गई है।

# नपा के कर्मचारी के वायरल हुए वीडियो पर मुख्य नगर पालिका अधिकारी ने निलंबन की करी कार्यवाहीं

बालाघाट( पद्मेश न्यूज) । नगर पालिका बालाघाट के कुछ कर्मचारीयों का आपस में विवाद करता हुआ एक वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हुआ था। जिसे बालाघाट एक्सप्रेस ने भी वायरल हो रहे विडियो को लेकर खबर प्रकाशित की थी , उक्त विषय पर नगर पालिका के मुख्य नगर पालिका अधिकारी द्वारा संज्ञान लेते हुए कार्रवाई की गई है । जिसमें नगर पालिका की स्वास्थ्य शाखा के एक कर्मचारी को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया गया है। आपको बता दे कि 9 मई की देर शाम से ही नगर पालिका के कुछ कर्मचारियों का वीडियो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा था । जिसमें नगर पालिका की बूढी स्थित पानी टंकी के नीचे नगर पालिका के दो कर्मचारी आपस में हाजिरी रजिस्टर दिखाए जाने की बात को लेकर गाली-गलौज के साथ हाथापाई करते नजर आ रहे थे। जिसमें सूत्रों द्वारा बताया जाता है कि नगर पालिका बालाघाट में जो कर्मचारी छुट्टी पर रहते हैं, उनकी भी हाजिरी संबंधित नगरपालिका के कर्मचारी द्वारा भर दी जाती है और बाद में छुट्टी पर रहने वाले कर्मचारियों से पैसों की मांग कर उनसे पैसे लिये जाते है। जिसमे सूत्रों की मने टो ऐसा ही कुछ मामला संभवत: 9 मई की सुबह पानी टंकी के नीचे विवाद शुरू हो गया था । जो दोपहर तक चलता रहा, जिसमें नगर पालिका के कर्मचारी आपस में रजिस्टर दिखाए जाने को लेकर गाली-गलौज कर हाथापाई करते नजर आ रहे हैं। जिसका वीडियो इन दिनों सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हुआ था । इस पूरे मामले पर बालाघाट नगर पालिका के मुख्य नगर पालिका अधिकारी बी.डी. कतरोलिया द्वारा स्वास्थ्य शाखा के सफाई कर्मचारी साधुराम चमकेल पर कार्रवाई करते हुए साधुराम चमकेल को निलंबित कर दिया गया है और निलंबन अवधि में नगर पालिका के अधिनियम अनुसार वह बालाघाट नगर पालिका के संचालित होने वाले टेंचिंग ग्राउंड में होंगे ।

### इस प्रकार हुई कार्यवाहीं

बालाघाट नगर पालिका के मुख्य नगर पालिका अधिकारी बी.डी. कतरोलिया द्वारा स्वास्थ्य शाखा के सफाई कर्मचारी साधुराम चमकेल पर 10 मई को जिला चिकित्सालय बालाघाट के सामने स्थित पानी टंकी के प्रांगण में दोपहर 02:00 बजे सफाई श्रमिको की हाजरी के दौरान सुरेन्द्र पिछोडे मस्टररोल श्रमिक एवं दिनेश लिल्हारे मस्टरोल श्रमिक के साथ गंदी गंदी गाली देते हुये व्हाट्स ग्रुप में वीडियों वायरल हुआ था, जिस पर नगर पालिका द्वारा साधुराम चमकेल को देये गये दायित्वों के निर्वाहन के विपरीत होने के साथ साथ अनुशासनहीनता करने पर मध्यप्रदेश नगरपालिका अधिनियम 1961 एवं सेवा शर्ते नियम में विहित नियमों के विपरीत होने एवं कार्य करने के तहत् तत्काल प्रभाव से निलंबन किया गया ।निलंबन अवधि में वह मुख्यालय नगरपालिका परिषद बालाघाट द्वारा संचालित ट्रेंचिंग ग्राउड में रहेंगे हैं ।

# आंगनवाड़ी सहायिका को तत्काल पद से पृथक के आदेश जारी

बालाघाट( पद्मेश न्यूज) ।परियोजना अधिकारी महिला एवं बाल विकास द्वारा आंगनबाड़ी सहायिका को तत्काल पद से पृथक के आदेश जारी किए गए है। आंगनवाड़ी सहायिका श्रीमती दुपता रंगारे द्वारा लगातार बिना सूचना के आंगनवाड़ी केंद्र से अनुपस्थित रहने और अपने कर्तव्यों की उपेक्षा करने का कार्य किया जा रहा था। श्रीमती दुपता रंगारे वार्ड क्रमांक 13, केंद्र क्रमांक 78 में आंगनवाड़ी सहायिका के पद पर कार्यरत थीं। उनके द्वारा सितंबर 2024 से आंगनवाड़ी केंद्र में बिना किसी सूचना के अनुपस्थित रहने का मामला सामने आया। जिसके बाद परियोजना अधिकारी द्वारा कई बार कारण बताओ सूचना पत्र भी जारी किए गए। किंतु श्रीमती रंगारे द्वारा कोई भी संतोषजनक उत्तर नहीं दिया और न ही आंगनवाड़ी केंद्र में उपस्थित हुईं। आंगनवाड़ी केंद्र के निरीक्षण के दौरान भी यह पाया गया कि श्रीमती दुपता रंगारे के अभाव में आंगनवाड़ी केंद्र की सेवाएं प्रभावित हो रही थीं और हितग्राहियों को सही तरीके से सेवाएं नहीं मिल पा रही थीं। इस कारण से आंगनवाड़ी केंद्र के कार्यों में व्यवधान उत्पन्न हो रहा था और हितग्राहियों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा था। फलस्वरूप एसडीए गोपाल सोनी के अनुमोदन पर परियोजना अधिकारी महिला एवं बाल विकास ने श्रीमती दुपता रंगारे को आंगनवाड़ी सहायिका के पद से पृथक के आदेश जारी किए गए है।

# मोटरसाइकिल पेड़ से टकराई, दो व्यक्ति घायल- एक गंभीर

बालाघाट( पद्मेश न्यूज) । जिले की रुपझर थाना क्षेत्र में आने वाले ग्राम किनारदा के पास गोलाई में तेज रफ्तार मोटरसाइकिल पेड़ से टकराने से इस मोटरसाइकिल में सवार दो व्यक्ति घायल हो गए। जिनमें गंभीर रूप से घायल व्यक्ति सत्येंद्र पिता हरि लाल उइके 37 वर्ष ग्राम डाबरी थाना लांजी निवासी है। जिसे जिला अस्पताल में भर्ती किया गया है इस दुर्घटना में एक अन्य व्यक्ति फूलचंद पिता मुन्नीलाल भलावी 37 वर्ष ग्राम डाबरी थाना लांजी निवासी को मामूली छोटी आई है। प्राप्त जानकारी के अनुसार सत्येंद्र उइके और फूलचंद भलावी दोनों अपने परिवार के साथ खेती मजदूरी करते हैं। 13 मई को 10 बजे करीब सत्येंद्र उइके अपने साथी फूलचंद भलावी के साथ मोटरसाइकिल में अपने गांव डाबरी से बैहर क्षेत्र में रहने वाले अपने किसी रिश्तेदार के घर जा रहे थे। तभी ग्राम भंडेरी के आगे किनारदा के पास गोलाई मैं तेज रफ्तार मोटरसाइकिल सामने से आ रहा है एक ट्रक को साइड देने के दौरान अनियंत्रित होकर रोड किनारे पेड़ से टकरा गई। इस सड़क दुर्घटना में सत्येंद्र उइके सिर में चोट लगने से गंभीर रूप से घायल हो गया वहीं उसके साथी फूलचंद भलावी को मामूली चोटे आई ।दोनों घायल को 100 डायल से बैहर के शासकीय अस्पताल में भर्ती किया गया था। जहां से प्राथमिक उपचार के बाद गंभीर रूप से घायल सत्येंद्र उइके को जिला अस्पताल बालाघाट रेफर किया गया है।



# सेडमेप से हुई भर्ती को नियमानुसार करवाने एवं अन्य कमियों को जल्द दुर करें कालेज प्रशासन - अनुभा

## विधायक अनुभा मुंजारे ने महाविद्यालय का किया निरीक्षण, भर्ती प्रक्रिया में हुई धांधली एवं प्रोटोकॉल का पालन नही होने पर जताई नाराजगी





लालबर्रा (पद्मेश न्यूज)। नगर मुख्यालय स्थित शासकीय महाविद्यालय में सेडमेप (आउटसोर्स) के माध्यम से कर्मचारियों की भर्ती प्रक्रिया में शिक्षित बेरोजगारों के द्वारा महाविद्यालय प्रशासन पर अपने चहेतों को लाभ दिलवाने का आरोप लगाते हुए महाविद्यालय की अनियमितता के संबंध में पूर्व में बालाघाट विधायक श्रीमती अनुभा मुंजारे से शिकायत किये थे। जिसके बाद बालाघाट विधायक श्रीमती अनुभा मुंजारे मंगलवार को लालबर्रा स्थित शासकीय महाविद्यालय पहुंचकर निरीक्षण की और सेडमेप के तहत हुई भर्ती प्रक्रिया एवं महाविद्यालय की अन्य समस्याओं के संबंध में महाविद्यालय प्रशासन से चर्चा कर आवश्यक दिशा-निर्देश दिये। इस निरीक्षण के दौरान विधायक श्रीमती मुंजारे ने महाविद्यालय परिसर में निर्माणाधीन अतिरिक्त कक्ष के साथ ही कक्षाओं का निरीक्षण किया। महाविद्यालय में संचालित विभिन्न गतिविधियों के बारे में जानकारी प्राप्त कर जो कमियां पाई गई उसे जल्द दुर करने की बात कही एवं भर्ती प्रक्रिया में की गई धांधली एवं प्रोटोकाल का पालन नही करने पर नाराजगी जताई है। साथ ही यह भी कहा कि महाविद्यालय में कोई भी आयोजन होने पर प्रोटोकाल का पालन नही किया जाता है। जबकि प्रोटोकाल का पालन होना चाहिए एवं सेडमेप के तहत जो भर्ती प्रक्रिया हुई है उसमें जनभागीदारी समिति के सदस्यों को कोई जानकारी नही है। जबकि जनभागीदारी समिति के सदस्यों की निगरानी में यह प्रक्रिया संपन्न करवाई जानी चाहिए थी किन्तु ऐसा नही किया गया है जो गलत है। साथ ही छात्र-छात्राओं की सुरक्षा की दृष्टि से महाविद्यालय परिसर में सीसीटीव्ही कैमरे जो पुराने हो चुके है उसे बदलकर नया लगाने एवं सेडमेप से हुई भर्ती को नियमानुसार करवाने, कन्या छात्रावास को शुरू करवाने एवं जो कमियां है उसे जल्द दुर कर छात्र-छात्राओं को बेहतर शिक्षा प्रदान करने निर्देशत किया। वहीं इस निरीक्षण के दौरान प्रभारी प्राचार्य उपस्थित नही थे। जिसके कारण संपूर्ण जानकारी विधायक महोदय को नही मिल पाई है, साथ ही भर्ती प्रक्रिया में की गई धांधली, प्रोटोकॉल का पालन नही करने पर नाराजगी व्यक्त करते हुए उपस्थित महाविद्यालय प्रशासन के प्राध्यापकों से प्रभारी प्राचार्य को निरीक्षण की जानकारी देकर आवश्यक जानकारी जल्द उपलब्ध करवाने के साथ ही सेडमेप के तहत हुई भर्ती प्रक्रिया को नियमानुसार करवाने एवं जो कमियां है उसे जल्द दुर करने की बात कही है। इस निरीक्षण के दौरान विधायक श्रीमती मुंजारे के साथ विधायक प्रतिनिधि, पांढरवानी सरपंच अनीस खान, शैलेष केकती, बालकृष्ण बिसेन, नितिन साखला, सुमित स्वामी सहित अन्य जनप्रतिनिधि एवं महाविद्यालय के प्राध्यापक उपस्थित रहे।

### प्रोटोकॉल का पालन होना चाहिए - मुंजारे

विधायक श्रीमती अनुभा मुंजारे ने बताया कि महाविद्यालय में कुछ स्वीकृत पदों में सेडमेप के माध्यम से भर्ती की गई है जिसमें अनियमितता बरतने की शिकायते मिल रही थी इसलिए आज महाविद्यालय का आकस्मिक निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान प्राचार्य किसी काम से जिला मुख्यालय जाने की वजह से पुरी जानकारी नहीं मिल पाई है। साथ ही कालेज की सबसे महत्वपूर्ण समिति जन भागीदारी समिति होती है और जो भी महाविद्यालय में गतिविधियां हो रही है, क्रियाकलाप हो रहे हैं उसकी जानकारी समिति को कालेज प्रशासन को देना चाहिए। लेकिन समिति को जानकारी दिये बिना अपने लोगों को लाभ पहुंचाने के लिए नियमों को दरकिनार नहीं करना चाहिए लेकिन सेडमेप भर्ती में की गई है जो गलत है। श्रीमती मुंजारे ने बताया कि मेरे द्वारा हमेशा नियमानुसार ही बात की जाती है और कोई भी काम नियमानुसार ही होना चाहिए लेकिन महाविद्यालय में अकसर देखने को मिलता है कि प्रोटोकॉल का पालन नहीं किया जाता है, व्यक्ति विशेष को महत्व दिया जाता है। इसके पूर्व में भी मेरे द्वारा एक कार्यक्रम का बहिष्कार इसी प्रोटोकॉल के उल्लंघन के चलते किया गया है। श्रीमती मुंजारे ने बताया कि महाविद्यालय में ई- लाइबेरी, एमएससी की कक्षाएं शुरू करवाने का प्रयास किया जायेगा ताकि छात्र-छात्राओं को अच्छी शिक्षा मिल सके। साथ ही सुरक्षा की दृष्टि से पुराने सीसीटीव्ही कैमरे को बदलकर नये कैमरे लगाने कहा गया है।

# सब्जी लेकर आ रहे पीकअप वाहन अनियंत्रित होकर पलटा

## चालक की सुझबुझ से टला बड़ा हादसा, लाखों का हुआ नुकसान



लालबर्रा (पद्मेश न्यूज)। नगर मुख्यालय से 5 किमी. दूर बालाघाट-सिवनी हाईवे मार्ग स्थित ग्राम मिरेगांव के समीप बालाघाट सब्जी मंडी से सब्जी लेकर लालबर्रा आ रहा रहा पीकअप वाहन अनियंत्रित होकर पलट गया। जिससे पीकअप वाहन क्षतिग्रस्त हुआ है, साथ ही सब्जी खराब भी हुई है। वहीं चालक की सुझबुझ के चलते बड़ा हादसा होते-होते टल गया नही तो बहुत बड़ी दुर्घटना घटित हो सकती थी। प्राप्त जानकारी के अनुसार लालबर्रा के सब्जी व्यापारी प्रतिदिन बालाघाट सब्जी मंडी से सब्जी खरीदी कर लालबर्रा लेकर आते है और उसे विक्रय करते है। प्रतिदिन की तरह मंगलवार को भी लालबर्रा के सब्जी व्यापारी बालाघाट से पीकअप वाहन में टमाटर, आलू, गोबी सहित अन्य सब्जी भरकर प्रात: 10 बजे लालबर्रा की ओर लेकर आ रहे थे। तभी मिरेगांव के पास पीकअप वाहन का टायर फस्ट हो जाने से वह अनियंत्रित होकर पलट गया परन्तु चालक की सूझबूझ के चलते बड़ा हादसा होते-होते टल गया और चालक सहित हम्मालों को किसी प्रकार की चोट नही आई है, सभी बाल-बाल बच गये। अगर मार्ग से उस समय अगर कोई गुजरते रहते तो वे लोग पीकअप वाहन की चपेट में आ सकते थे जिससे बहुत बड़ी दुर्घटना घटित हो सकती थी। लेकिन जिस समय पीकअप वाहन अनियंत्रित होकर पलटा उस स्थान पर उस समय वह पर कोई नही थे। साथ ही पीकअप वाहन कम स्पीड में थी और जैसे ही पीकअप वाहन का टायर फस्ट होने की आवाज आते ही चालक ने अपनी सूझबूझ का परिचय देते ही वाहन को कंट्रोल कर लिया। जिसके कारण वाहन रोड़ किनारे अनियंत्रित होकर पलट गया। अगर चौपहिया वाहन की गति तेज रहती तो आने-जाने वाले लोग उसकी चपेट में आ सकते थे जिससे बहुत बड़ा हादसा घटित हो सकता है। वहीं बालाघाट सब्जी मंडी से पीकअप वाहन में सब्जी भरकर ला रहे वाहन के फस्ट होने के बाद अनियंत्रित होकर पलटने से पीकअप वाहन क्षतिग्रस्त हुआ है। साथ ही सब्जी भी खराब हुई है जिससे पीकअप वाहन मालिक एवं सब्जी व्यापारियों को लाखों रूपये का नुकसान हुआ है।

# संजय गौतम का शोकाकुल माहौल में किया गया अंतिम संस्कार



लालबर्रा (पद्मेश न्यूज)। नगर मुख्यालय से लगभग 5 किमी. दूर ग्राम पंचायत घोटी निवासी जनपद सदस्य देवेश उर्फ विक्की गौतम के चाचाजी 54 वर्षीय संजय गौतम का 12 एवं 13 मई की दरमियानी रात्रि में हद्यगति रूक जाने से दु:खद निधन हो गया। जिनका अंतिम संस्कार 13 मई को दोपहर 3 बजे घोटी स्थित मोक्षधाम में शोकाकुल माहौल में किया गया। प्राप्त जानकारी के अनुसार संजय गौतम स्वस्थ थे, अचानक तबियत खराब होने एवं हद्यगति रूक जाने से 12 एवं 13 मई की दरमियानी रात्रि में मृत्यु हो गई। मृत्यु की खबर लगते ही चित-परिचितों में शोक की लहर व्याप्त हो गई। स्व. संजय गौतम सरल, स्वभाव एवं मृदुभाषी के धनी थे, अपने पीछे भरापूरा परिवार छोड़ गये है। जिनका अंतिम संस्कार 13 मई को दोपहर 3 बजे घोटी स्थित मोक्षधाम में शोकाकुल माहौल में किया गया। इस अवसर पर उपस्थितजनों ने दो मिनट का मौन धारण कर मृतात्मा की शांति एवं परिवार को दु:ख सहन करने की शक्ति प्रदान करने ईश्वर से कामना की है।

# दिव्य की सफलता से परिवार में खुशी का माहौल, 10 वी में 97.8 प्रतिशत अंक के साथ दिव्य ने अर्जित की सफलता



बालाघाट(पदमेश न्यूज)। बालाघाट के वैद्य परिवार से आने वाले दिव्य वैद्य ने, मंगलवार को सीबीएसई बोर्ड के जारी परीक्षा परिणाम में दसवीं में 97.8 प्रतिशत अंको के साथ सफलता अर्जित की है। दिव्य, इंदौर के एक निजी विद्यालय में अध्यनरत है। परिवार के बेटे की इस सफलता से दादा पुखराज वैद्य, दादी सेनू वैद्य, पिता अतीत वैद्य और मां श्रद्धा वैद्य प्रसन्नचित है। पिता अतीत वैद्य बताते है कि दिव्य, बचपन से ही कुशाग्र बुद्धि का बालक रहा है। जो इंदौर के एक निजी विद्यालय में रहकर अध्यापन कर रहा है। दिव्य ने कक्षा दसवी के सभी विषयो में उच्चतम अंक हासिल किए है।

# सीबीएसई कक्षा 10 वी में किसान का बेटा ध्रुव ने ब्लाक में किया टॉप

## वैदिक कान्वेंट हायर सेकेंडरी स्कूल का सीबीएसई परीक्षा परिणाम रहा सराहनीय





लालबर्रा (पद्मेश न्यूज)। केन्द्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड के द्वारा वर्ष 2025 के लिये कक्षा 10 वीं सीबीएसई बोर्ड की परीक्षा आयोजित की गई थी। जिसका परीक्षा परिणाम 13 मई को जारी किया गया है। परीक्षा परिणाम को लेकर उत्सुक छात्र-छात्राओं के द्वारा परिणाम जारी होते ही ऑनलाईन सेंटरों एवं मोबाईल में सीबीएसई बोर्ड की साइड में जाकर अपना परीक्षा परिणाम देखे। जिसमें जिन विद्यार्थियों ने अ'छी पढ़ाई कर पेपर दिये थे। वे अच्छे अंकों से उत्तीर्ण हुए है तो वहीं जिन विद्यार्थियों का कम प्रतिशत बना है वे मायुस भी नजर आये। नगर मुख्यालय स्थित वैदिक कान्वेंट हायर सेकेण्डरी स्कूल का केन्द्रीय विद्यालय का परीक्षा परिणाम सराहनीय रहा जिसमें 104 विद्यार्थियों में 97 विद्यार्थियों ने परीक्षा उत्तीर्ण कर विद्यालय का नाम रौशन किया है। जिसमें कक्षा 10 वीं में अध्ययनरत छात्र किसान का बेटा ध्रुव सोनवाने ने 94.2 प्रतिशत के साथ प्रथम, हर्षित पटले ने 91 प्रतिशत के साथ द्वितीय, हर्ष रहांगडाले ने 90 प्रतिशत के साथ तृतीय स्थान प्राप्त किया है। इसी तरह दिव्यांशु डुम्हरे ने 88.2 प्रति., जय लिल्हारे ने 86.6 प्रति., प्रथम सोनवाने ने 86.5 प्रति., हिमांशु ठाकरे ने 85 प्रति., मीत बारमाटे ने 83 प्रति., सुजल चौधरी ने 82.4 प्रति., महक गुप्ता ने 82.2 प्रति., आरजू वाहने ने 81.6 प्रति., गौरांग ठाकरे ने 81 प्रति., नैतिक कुशवाहा ने 80 प्रतिशत अंक लेकर उत्तीर्ण हुए है। वहीं इस सीबीएसई परीक्षा में कक्षा 10 वीं में ध्रुव पटले ने ब्लाक में टाप किया है एवं जिले की मेरिट सूची में द्वितीय स्थान प्राप्त किया है। वहीं किसान का बेटे ने सीबीएसई कक्षा 10 वीं में ब्लाक टाप कर अपने माता-पिता एवं स्कूल का नाम गौरवांवित किया है। आपकों बता दें कि लालबर्रा विकासखण्ड में वैदिक हायर सेकेण्डरी स्कूल में वर्ष 2022 से केन्द्रीय माध्यमिक स्कूल (सीबीएसई) कक्षाएं संचालित की जा रही है। जिसमें वर्ष 2025 की सीबीएसई परीक्षा में 105 छात्र-छात्राओं में से 97 विद्यार्थियों ने परीक्षा उत्तीर्ण किया है। जिससे छात्र-छात्राओं के परिजन व शिक्षक-शिक्षिकाओं में हर्ष की लहर व्याप्त है। वहीं छात्र-छात्राओं ने इस सफलता का श्रेय अपने परिजनों व विद्यालय के समस्त शिक्षक-शिक्षिकाओं को दिया है। चर्चा में हर्षित पटले ने बताया कि सीबीएसई कक्षा 10 वीं बोर्ड का परीक्षा परिणाम आज आया है जिसमें 91 प्रतिशत अंक लेकर उत्तीर्ण हुआ हुं और पेपर अच्छा गये थे उसके हिसाब से मेरे नंबर कम आये है। साथ ही यह भी बताया कि कक्षा 11 वीं में गणित विषय लेकर आगे की पढ़ाई कर क्लेट की परीक्षा उत्तीर्ण कर लॉ की पढ़ाई कर वकील बनना है। हर्ष राहंगडाले ने बताया कि जब भी मुझे समय मिलता था तो मैं पढ़ाई कर लेता था। यह पुरी पढ़ाई एनसीईआरटी पर निर्भर थी, उसी से पूरी पढ़ाई की है और सीबीएसई कक्षा 10 वीं बोर्ड में 89.4 प्रतिशत अंक लेकर उत्तीर्ण हुआ हूं और कक्षा 11 वीं में बायो विषय लेकर नीट की तैयारी करना है एवं एमबीबीएस की पढ़ाई करके डॉक्टर बनाना है। सीबीएसई कक्षा 10 वीं बोर्ड परीक्षा में उत्तीर्ण होने वाले छात्र-छात्राओं के उज्जवल भविष्य की कामना एवं शुभकामनाएं देने वालों में प्राचार्य टीके तुरकर एवं शिक्षकगण शामिल है।

### इंजीनियर बनना है - ध्रुव



छात्र ध्रुव सोनवाने ने बताया कि सीबीएसई कक्षा 10 वीं बोर्ड परीक्षा का परिणाम आज आया है एवं 94.2 प्रतिशत अंक लेकर उत्तीर्ण हुआ हुं जिससे मुझे एवं मेरे परिवार को बहुत खुशी हुई है। जिस तरह से मेहनत की गई थी उसके अनुसार ही मेरा परीक्षा परिणाम आया है। श्री सोनवाने ने बताया कि बिना ट्यूशन एवं स्कूल की पढाई से मुझे यह सफलता मिली है और कक्षा 11 वीं में गणित विषय लेकर आगे की पढ़ाई कर जेईई की परीक्षा देकर इंजीनियरिंग की पढ़ाई कर इंजीनियर बनना है।

### परीक्षा परिणाम बहुत अच्छा रहा है - तुरकर



वैदिक कान्वेंट हायर सेकेण्डरी स्कूल लालबर्रा प्राचार्य टीके तुरकर ने बताया कि सीबीएसई बोर्ड के द्वारा कक्षा 10 वीं का परीक्षा परिणाम घोषित किया गया है। जिसमें हमारे विद्यालय से 105 बच्चें इस परीक्षा में सम्मिलित हुए थे जिसमें से 97 बच्चों ने यह परीक्षा उत्तीर्ण की है। इस तरह से विद्यालय का परीक्षा परिणाम 98 प्रतिशत रहा है और ध्रुव सोनवाने ने 94.2 प्रतिशत अंक प्राप्त कर ब्लाक में टाप किया है। श्री तुरकर ने बताया कि परीक्षा परिणाम बहुत अ'छा रहा है एवं पढ़ाई के प्रति प्रोत्साहित करने के लिए प्रतिवर्ष कक्षा 10 वीं में टॉप करने पर 11 हजार रूपये एवं कक्षा 12 वीं में टाप करने पर 21 हजार रूपये की राशि छात्र-छात्राओं को दी जाती है और इस वर्ष भी देगें।

# खेल मैदान में लगेगा हाईमास्ट लाइट और ओपन जिम - बिसेन

## औल्याकन्हार में ग्रीष्मकालीन शिविर का समारोहपूर्वक हुआ शुभारंभ





लालबर्रा (पद्मेश न्यूज)। ग्रामीण क्षेत्रों में छुपी खेल प्रतिभाओं को तराशने के उद्देश्य से औल्याकन्हार फिजिकल क्लब के तत्वाधान में गत 11 मई को एथलेटिक्स एवं व्हालीवाल ग्रीष्मकालीन शिविर का समारोहपूर्वक शुभारंभ किया गया। साथ ही यह आयोजन न केवल ग्रामीण प्रतिभाओं को मंच देने वाला रहा बल्कि पूरे बालाघाट जिले के लिए प्रेरणा का केंद्र बन गया। साथ ही 1 मई से प्रतिदिन सुबह-शाम दो पाली में ग्रीष्मकालीन शिविर संचालित किया जा रहा है। किन्तु समारोह के पूर्व ग्राम के युवा सागर ब्रम्हे की सड़क दुर्घटना में मौत हो जाने के कारण शुभारंभ कार्यक्रम को स्थगित कर दिया गया था। जिसे 11 मई को सभी खेलप्रेमियों व अतिथियों की उपस्थिति में समारोहपूर्वक शुभारंभ किया गया है। यह कार्यक्रम बीएमओं डॅ. ऋत्विक पटेल की उपस्थिति में प्रारंभ हुआ। साथ ही ग्रीष्मकालीन शिविर में व्हालीवाल ग्राउंड के प्रमोशन हेतु एक शानदार शो व्हालीवाल मैच आयोजित किया गया। जिसने दर्शकों में खासा उत्साह भर दिया। टीम-ए में कुणाल सिलारे, ताजुल खान, मोहित सर्वे, शैलेन्द्र यादव, ओपी बिसेन एवं सोमदत्त यादव शामिल रहे। वहीं टीम-बी में ऋषभ धुर्वे, अमन बनवाले, देवेश बिसेन, अशोक यादव, लव पटेल एवं वंश यादव ने हिस्सा लिया। साथ ही मैच रोमांचक रहा और अंतत: टाई पर समाप्त हुआ। साथ ही रोजाना सुबह-शाम ग्रामीण क्षेत्र के खिलाड़ी इस समर कैम्प में पहुंचकर खेल की बारीरिकी सीख रहे है। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए बीएमओं डॉ. ऋत्विक पटेल ने कहा कि यह जो समर कैम्प लगाया जा रहा है, वह प्रशासन की गहरी सोच के अंतर्गत हो रहा है एवं गांव-गांव में जो प्रतिभाएं छुपी हुई हैं उन्हें तराशकर आगे लाया जा सके। साथ ही यह भी कहा कि खेल न केवल शारीरिक बल्कि मानसिक विकास के लिए भी अत्यंत आवश्यक हैं और ब'चे इस अवकाश काल में मन लगाकर प्रैक्टिस करें और कोच जो सिखा रहे हैं उसे मन से सीखें। खेल विभाग के लव पटेल ने कहा कि इस ग्राउंड को बेहतर बनाने में औल्याकन्हार की पूरी टीम लगातार जुटी हुई है। अब यह मैदान सिर्फ ब्लॉक तक सीमित नहीं, पूरे बालाघाट जिले में पहचाना जा रहा है। साथ ही यह भी कहा कि सुबह की प्रैक्टिस के बाद बच्चों को पौष्टिक आहार भी मिल रहा है, जो अन्य शिविरों में नहीं है। यहां कोच भी अच्छे हैं और बच्चों का मोटिवेशन बनाए रखने के लिए कोई न कोई मार्गदर्शक प्रतिदिन आ रहा है और शिविर समाप्ति के बाद खेल विभाग द्वारा टैलेंट सर्च किया जायेगा। जिसमें योग्य बच्चों को जिला, संभाग और प्रदेश स्तर पर आगे बढ़ाया जायेगा। औल्याकन्हार फिजिकल क्लब के चेयरमैन ओपी बिसेन ने कहा कि पहले औल्याकन्हार ग्राम कही छुपा हुआ था लेकिन अब धीरे-धीरे आप लोगों के माध्यम से पूरे जिले में इसकी पहचान बन रही है। यह क्लब पहले नौकरी की तैयारी कर रहे ब'चों के सहयोग के लिए शुरू हुआ था और अब एक नई दिशा की ओर बढ़ रहा है। जल्द ही मैदान में हाईमास्ट लाइट और ओपन जिम लगाने का प्रयास किया जा रहा है जिससे खिलाड़ियों को बेहतर सुविधाएं मिलेगी। कार्यक्रम का सफल संचालन शैलेन्द्र यादव के द्वारा किया गया। इस अवसर पर शरद धानेश्वर एपीसी सेक्रेटरी, महेन्द्र चौहान, कोमल बोपचे, सोमदत्त यादव, सुनील बिसेन, सहसराम सहारे, मंगल सहारे, भूमेश्वर कटरे, उमेन्द्र चावले, उमाप्रसाद नागेश्वर, आशा कार्यकर्ता श्रीमती सुनीता पंचेश्वर, समिता बनवाले, शिविर प्रभारी कु. राधिका नायक सहित छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।

# बांसी पुलियां दुर्घटनाओं को दे रहा आमंत्रण

## मामला बांसी उमरवाड़ा मार्ग का, रहागीरो में आक्रोश





**वारासिवनी( पद्मेश न्यूज )। वारासिवनी जनपद पंचायत अंतर्गत ग्राम पंचायत बासी से उमरवाड़ा मार्ग के मध्य में पुलियां बना हुआ है। जो वर्तमान में दुर्घटनाओं को आमंत्रण दे रहा है जहां पर पुलियां के दोनों तरफ कच्चा मार्ग है जिसमें गिट्टी के बड़े पत्थर बाहर आ गए हैं। जबकि यह डामर मार्ग है जो पुलियां पर से नहीं बनाया गया है जहां से प्रतिदिन सैकड़ो की संख्या में राहगीर वारासिवनी सहित विभिन्न ग्राम पंचायतों के लिए आवागमन करते हैं। जिन्हें मौके पर बहुत ज्यादा दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है तो वहीं कई बार लोग दुर्घटना ग्रस्त भी हो रहे हैं। इस पुलियां पर भी सेफ्टी को लेकर ध्यान नहीं दिया गया है जहां राहगीरो के द्वारा व्यवस्थित मार्ग बनाने पुलियां पर सेफ्टी वाल तैयार करने की मांग की जा रही है। ताकि हर कोई सुरक्षित आवागमन कर सके और उन्हें दिक्कतों का सामना नही करना पड़े।**

### निर्माण कंपनी एवं विभाग की लापरवाही हो रही उजागर

ग्राम पंचायत बांसी से उमरवाड़ा मार्ग पक्का मार्ग है जहां पर डामर सड़क का निर्माण कुछ वर्षों पहले किया गया है। जिस पर से लोग आवागमन करते हैं परंतु यह डामर सड़क मार्ग पर स्थित पुलियां के १०० फीट पहले तक बनाई गई है और पुलिया के १०० फीट आगे से इसका निर्माण किया गया है। इस सड़क निर्माण में पुलिया के दोनों छोर और ऊपर सड़क निर्माण को छोड़ दिया गया है। तो वहीं पुलिया निर्माण में केवल पुलिया निर्माण किया गया है उसके ऊपर सेफ्टी के तौर पर कुछ भी नहीं लगाया गया है। जहां पर करीब ९ इंच से अधिक के लोहे के एंगल लगे हुए हैं जबकि यह एक सकरा मार्ग है पुलियां पर से दो भारी वाहन एक साथ क्रॉस नहीं हो पाते हैं। जहां से रोजाना सैकड़ो लोग ग्रामीण क्षेत्रो से वारासिवनी मुख्यालय के लिए आवागमन करते हैं । वहीं विभिन्न पंचायत के ग्रामीण समीप का मार्ग होने के लिए अन्य ग्राम पंचायत के लिए आवागमन करते हैं। तो वहीं इस मार्ग का उपयोग सबसे ज्यादा विद्यार्थी करते हैं इस दौरान लोग मोटरसाइकिल या अपने किसी भी प्रकार के वाहन से तीव्र गति से आते हैं। ऐसे में पुलियां के पास आकर उनके वाहन अनियंत्रित होने लगते हैं। क्योंकि वहां पर छोटे बड़े गड्ढे सहित गिट्टी के बड़े पत्थर बाहर आ गए हैं जहां आवागमन करने में लोगों को काफी समस्या का सामना करना पड़ता है। कई बार मोटर साइकिल अनियंत्रित होकर दुर्घटना ग्रस्त भी हो जाते है। जिसमें राहगीरों के द्वारा बताया जाता है कि सड़क एवं पुलिया निर्माण के दौरान ग्रामीणों के द्वारा निर्माण एजेंसी एवं अधिकारियों का ध्यान आकर्षण कराया गया था परंतु उस पर किसी के द्वारा ध्यान नहीं दिया गया। जिसके बाद से स्थिति यथावत बनी हुई है जहां पर राहगीरों के द्वारा व्यवस्था बनाए जाने की मांग कार्य एजेंसी एवं विभाग से कर रहा है।

### पुलियां पर सेफ्टीवाल के नही होने से दुर्घनायें हो रही है- संजय सिल्ले

रहागीर संजय सिल्ले ने बताया कि यह बांसी चढ़ाव का पुलिया है यहां उबड़ खाबड़ सड़क हो गई है आने जाने के दौरान बहुत ज्यादा धूल उड़ती है। क्योंकि पूरा मार्ग पक्का बना हुआ है केवल पुलियां के आसपास कच्चा मार्ग का निर्माण है । यहां पर सड़क फूट गई है वहीं पुलिया पर भी कोई सेफ्टी का ध्यान नहीं रखा गया है। यही कारण है कि यहां दुर्घटना होने की संभावना बनी हुई है जबकि यह हम लोगों के लिए मुख्य मार्ग है क्योंकि हम उमरवाड़ा के रहने वाले हैं। वारासिवनी मुख्यालय आने जाने के लिए यह एक मात्र मार्ग हमारे पास है ।वह भी व्यवस्थित रूप से नहीं बनाया गया है इस पर विभाग के द्वारा ध्यान दिया जाना चाहिए।



### दुर्घटना का मुख्य कारण पुलियां के दोनों तरफ कच्ची रोड़-सविन ठाकरे

रहागीर सविन ठाकरे ने बताया कि यह पुलियां के दोनों तरफ सड़क नहीं है पुलियां पर कोई भी सेफ्टी वाल नहीं है। उमरवाड़ा से बासी मार्ग में समस्या तो यहां पर बहुत ज्यादा है इसमें सुरक्षा का ध्यान रखा जाना चाहिए था। रोड़ केवल पुलियां के दोनों तरफ कच्ची है बाकि पुरा मार्ग पक्का है यह कच्छा मार्ग बुरी तरह फूट गया है। पुलियां पर सड़क भी नहीं बनाई गई है इसे खाली छोड़ दिया गया है चार पांच साल पहले यह सड़क बनी थी। तब से यही स्थिति है यहां पर सेफ्टी वाल होना चाहिए कोई भी मोटर साइकिल वाला कभी भी अनियंत्रित होकर झाड़ियां में घुस जाता है दुर्घटना होते रहती है। इस दुर्घटना का मुख्य कारण होता है पुलियां के दोनों तरफ कच्ची रोड़ है जिसमें छोटे बड़े गड्ढे और गिट्टी के पत्थर बाहर निकले हुए हैं।



### पुलियां के दोनो ओर विभाग को रैलिंग या सेफ्टीवाल बनाना चाहियें-दुर्गा जैतवार

राहगीर दुर्गा जैतवार ने बताया कि मैं बोदलकसा का रहने वाला हूं इस मार्ग से अपने रिश्तेदारों के घर आना जाना करता हूं। अभी अपने रिश्तेदार के घर से ही वापस अपने गांव जा रहा हूं यह उमरवाड़ा से बासी सड़क के बीच में पढ़ने वाला पुलियां है। यह शायद उमरवाड़ा में आता होगा यहां पर बहुत स्थिति खराब है। पुलियां पर किसी प्रकार की सुरक्षा के लिए दीवाल या रेलिंग नहीं लगाई गई है तो वहीं सड़क पुलियां के ऊपर से नहीं बनाई गई है। आने जाने में तकलीफ होती है कभी ट्रक आता है तो बाजू में मोटर साइकिल वाले को कोई सपोर्ट नहीं मिल पाता है। जिससे धोखा हो सकता है यह जो कच्चा मार्ग है उस पर गिट्टी बाहर निकल गई है। पुलियां की चौड़ाई समझ नहीं आती है सबसे ज्यादा दिक्कत रात्रि के समय होती है क्योंकि उस समय सड़क भी स्पष्ट समझ नहीं आती है।



# विधायक विवेक पटेल रविवार को करेंगे बोर्ड परीक्षाओं में उत्कृष्ट अंक लाने वाले विद्यार्थियों का सम्मान

### जनसंपर्क कार्यालय में आयोजित किया जाएगा प्रतिभा सम्मान समारोह

वारासिवनी( पद्मेश न्यूज )। मध्यप्रदेश माध्यमिक शिक्षा मंडल द्वारा सत्र २०२४-२५की कक्षा १० वीं एवं कक्षा १२ की बोर्ड परीक्षाओं में अव्वल अंक पाकर उत्तीर्ण हुए विद्यार्थियों का १८ मई दिन रविवार को दीनदयाल चौक स्थित पीडब्ल्यूडी ऑफिस के बाजू में जनसंपर्क कार्यालय में विधायक विवेक पटेल के द्वारा सम्मानित किया जाएँगा। विधायक प्रतिनिधि सुदेश गुड्डु सोनी ने बताया की वारासिवनी विधानसभा क्षेत्र के तहत आने वाले सभी सरकारी एवँ निजी शिक्षण संस्थानों के करीब ५०० से अधिक विद्यार्थियों जिन्होंने कक्षा १० वीं एवं कक्षा १२ वीं की बोर्ड परीक्षाओं में ८५ प्रतिशत से अधिक अंक लाकर अपने पालकों,स्कूल और विधानसभा क्षेत्र का नाम रौशन करने वाले बच्चों का सम्मान विधायक विवेक पटेल के हस्ते किया जायेगा। विदित हो कि ऐसा दूसरी बार होंगा की सम्पूर्ण विधानसभा स्तर पर मेधावी विद्यार्थियों का सम्मान क्षेत्र के विधायक विवेक पटेल के द्वारा किया जा रहा हैं जो अनुकरणीय हैं । इस सम्मान समारोह की शुरुआत विधायक विवेक पटेल के द्वारा किया गया था। विद्यार्थियों के इस सम्मान से निश्चित ही विद्यार्थियों को पढ़ाई के क्षेत्र में और भी बेहतर से बेहतर करने की प्रेरणा मिलेंगी।



# शंकर तालाब में स्वच्छता अभियान का हुआ आयोजन




वारासिवनी( पद्मेश न्यूज )। नगर के वार्ड नंबर १५ स्थित शंकर तालाब में नगर पालिका परिषद के तत्वाधान में १३ मई को सुबह ९ बजे स्वच्छता अभियान एवं श्रमदान कार्यक्रम का आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम जल गंगा संवर्धन अभियान अंतर्गत आयोजित किया गया। जिसमें शंकर तालाब में स्वच्छता श्रमदान कर गाद जलकुम्भी निकाले जाने यह वृहद स्तर पर आयोजित किया गया। जिसमें नगर पालिका कर्मचारियों ,जनप्रतिनिधि ,सामाजिक स्वयं सेवी संस्था एवं संगठनों के साथ मिलकर किया गया। जिसमें तालाब में जल कुंभी बेला आदि की निकासी जल संरचना में अंदर डली झल्ली, पन्नी कचरे के निकासी के साथ साथ वर्षा जल जो सड़को के माध्यम से सीधे तालाब में उतर जायें इसलिये व्यवस्थित साफ सफाई का कार्य किया गया। हालांकि इस दौरान सीएमओ के द्वारा तालाब के किनारे कुछ स्थान पर पिचिंग कार्य नहीं किया गया है जिसको लेकर निराशा व्यक्त की गई। पद्मेश से चर्चा में मुख्य नगर पालिका अधिकारी दिशा डहेरिया ने बताया कि शंकर तालाब में स्वच्छता अभियान का आयोजन किया गया है। यह कार्यक्रम जल गंगा संवर्धन अभियान के अंतर्गत किया जा रहा है जो श्रमदान करने के लिए लोगों को प्रेरित किया जा रहा है वहीं स्वच्छता का संदेश भी दिया जा रहा है। यह अभियान ३० जून तक चलेगा इसके अंतर्गत नगर के विभिन्न स्थान पर लगातार कार्य किया जा रहे हैं। तालाब के चारों ओर पीचिंग कार्य होना था जिसमें कुछ स्थान छूट गया है इसके लिए नई कार्य योजना तैयार की गई है जिसके तहत यह छूटे हुए कार्य को पूर्ण करवाया जाएगा। इस अवसर पर वार्ड पार्षद संदीप मिश्रा ,प्रवीण डोंगरें ,मदनलाल धार्मिक, आशुतोष कोहाड, मिथलेश बुरड़े ,निलेश चौबे सहित अन्य गणमान्य नागरिक एवं नगर पालिका अमला उपस्थित रहा।

# ग्राम पंचायत झालीवाड़ा में सत्ता परिवर्तन

### साधना सोनवाने ने संभाला सरपंच पद, विकास कार्यों को दी प्राथमिकता

वारासिवनी( पद्मेश न्यूज )। वारासिवनी जनपद पंचायत अंतर्गत ग्राम पंचायत झालीवाड़ा में हाल ही में हुए राजनीतिक घटनाक्रम के अंतर्गत अविश्वास प्रस्ताव पारित होने के बाद मंगलवार को सरपंच पद का स्थानापन शांतिपूर्ण एवं लोकतांत्रिक प्रक्रिया के तहत संपन्न हुआ। इस दौरान ग्राम पंचायत के सभी निर्वाचित पंचों की सर्वसम्मति से श्रीमती साधना सुरेश सोनवाने को नया सरपंच चुना गया। उन्होंने विधिवत रूप से पदभार ग्रहण कर पंचायत के कार्यों की जिम्मेदारी संभाली। सरपंच पदभार ग्रहण समारोह के पश्चात पंचायत कार्यालय में आयोजित पहली बैठक में गांव के समग्र विकास को प्राथमिकता देते हुए कई महत्वपूर्ण प्रस्ताव पारित किए गए। इनमें वार्ड क्रमांक ५ में सीसी रोड़ निर्माण, पक्की सीमेंट नाली निर्माण और सम्पूर्ण ग्राम की नाली सफाई जैसे कार्य शामिल हैं। इन प्रस्तावों को तत्परता से लागू करने हेतु सचिव एवं संबंधित अधिकारियों को दिशा निर्देश भी दिए गए। इस अवसर पर उपसरपंच पंकज डोंगरे, पंचायत सचिव,छोटेलाल राणा,रोजगार सहायक उदय ठाकरे , पंचगण हीरालाल भैरम,धनेश्वरी चौधरी, कविता चंदलकर, कल्पना अड़में, सालिकराम सोनी, संजय पटले, हेमंत चौधरी, मंजुलता मेश्राम एवं सुमित राठौर उपस्थित रहे। सभी सदस्यों ने एकमत से नवचयनित सरपंच को सहयोग देने का संकल्प लिया और पंचायत के कार्यों को पारदर्शिता के साथ आगे बढ़ाने की बात कही। ग्राम वासियों में भी पंचायत के नए नेतृत्व को लेकर उत्साह देखने को मिला। बड़ी संख्या में ग्रामीणों ने उपस्थित होकर श्रीमती साधना सोनवाने को बधाई एवं शुभकामनाएं दीं। ग्रामीणों ने उम्मीद जताई कि नई पंचायत बॉडी उनके विश्वास पर खरा उतरते हुए गांव के विकास के लिए निष्ठापूर्वक कार्य करेगी। सरपंच साधना सोनवाने ने सभी पंचों और अधिकारियों एवं ग्रामवासियों के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा कि वे सभी के सहयोग से गांव के विकास के लिए कार्य करेंगी। उन्होंने विशेष रूप से महिलाओं की भागीदारी को बढ़ावा देने, स्वच्छता पर जोर देने एवं मूलभूत सुविधाओं के विस्तार को प्राथमिकता में रखने की बात कही। झालीवाड़ा ग्राम पंचायत में हुए इस सत्ता परिवर्तन को लोकतंत्र की सशक्त अभिव्यक्ति के रूप में देखा जा रहा है। जहां पंचों ने एकमत से नेतृत्व परिवर्तन कर विकास की नई राह तय करने का संकेत दिया है। आने वाले समय में यह देखना रोचक होगा कि नई पंचायत टीम अपने दायित्वों का निर्वहन किस प्रकार करती है।



# पेड़ से गिरने पर राजू मानकर गंभीर रूप से घायल

### बहेतर उपचार के लिये जिला चिकित्सालय रिफर

वारासिवनी( पद्मेश न्यूज )। वारासिवनी जनपद पंचायत अंतर्गत ग्राम पंचायत बुदबुदा निवासी ३८ वर्षीय युवक पेड़ पर से गिरने से गंभीर रूप से घायल हो गया। सिविल अस्पताल में घायल राजू मानकर का प्राथमिक उपचार कर जिला चिकित्सालय रिफर कर दिया गया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार राजू पिता रामलाल मानकर ३८ वर्ष बुदबूदा निवासी है। जिसके परिवार में कोई भी नहीं है वह अकेला मेहनत मजदूरी कर अपना जीवन व्यापन करता है जो १२ मई की सुबह करीब १० बजे लाख तोड़ने तालाब की पार गया था। उसके साथ उसका मित्र दिलीप बागड़े भी गया हुआ था दोनों पेड़ पर लगी लाख निकालने का कार्य कर रहे थे। तभी अचानक राजू मानकर जो पेड़ पर चढ़ा हुआ था उसका संतुलन खराब होने पर जमीन पर गिर गया। जिसमें वह गंभीर रूप से घायल हुआ था यह घटना सुबह करीब १०.३० बजे की बताई जा रही है इसके बाद मौके से दिलीप बांगडे फरार हो गया। जिसके द्वारा ग्राम में किसी को भी घटना की जानकारी नहीं दी और ना ही राजू मानकर के गंभीर घायल होने की सूचना दी गई। जहां शाम करीब ६ बजे गांव के लोग तालाब की तरफ गए तो उन्होंने देखा कि एक व्यक्ति नीचे गिरा हुआ है । जो काफी दर्द में है पास जाकर देखें तो वह गांव का राजू मानकर था। जिसके बाद उक्त व्यक्तियों के द्वारा घटना की जानकारी राजू के पड़ोसियों को दी गई । जिन्होंने संजीवनी १०८ से पायलेट स्माइल खान एवं ईएमटी की मदद से रात करीब ८ बजे सिविल अस्पताल वारासिवनी में लाकर भर्ती किया गया। जहां राजू मानकर का प्राथमिक उपचार कर उसे बहेतर इलाज के लिये जिला चिकित्सालय रिफर कर दिया गया। इस दुर्घटना में उसे हाथ पैर सर सहित शरीर के विभिन्न हिस्सों में अंदरूनी और बाहरी चोटे आई है।



# योग गुरु श्री रविशंकर के जन्म दिवस पर योग साधकों ने किया विशेष योग अभ्यास

वारासिवनी( पद्मेश न्यूज )। योग गुरु आर्ट ऑफलीविंग के श्री श्री रविशंकर के जन्म दिवस के शुभ अवसर पर मंगलवार को स्थानीय गांधी बाल उद्यान में योग साधकों ने विशेष योग अभ्यास किया एवं तनाव रहित जीवन जीने से संबंधित आसन, ध्यान ,प्राणायाम करते हुए सुदर्शन क्रिया का अभ्यास भी किया । जीवन में आनंद की अनुभूति हेतु हास्य योग अभ्यास भी किया। इस अवसर पर प्रणय श्रीवास्तव, गणेश चुरहे,ओमप्रकाश नगपुरे , सुमेर चंद कोल्हे, अशोक कुमार दुबे, लालचंद लाखड़े, मनीराम बिसेन, अशोक ओचानी, कन्हैया चौहान, राकेश सोनी,कमल नारायण पटले, अभिषेक अग्रवाल ,रतन अग्रवाल, संजय रूसिया सहित अन्य लोग मौजूद रहे।



# ऊर्जा संरक्षण में तकनीकी अहम भूमिका

20 साल पहले तक जन सामान्य द्वारा 100 वाट के विद्युत बल्ब इस्तेमाल में लाए जाते थे, लेकिन वर्तमान समय में बल्ब के स्थान पर 2- 4-5 और 10 वाट की सीएफएल को इस्तेमाल में लिया जा रहा है क्योंकि 2-4-5और 10वाट की सीएफएल विधुत बचत के साथ बल्कि बल्बों से ज्यादा पर्याप्त मात्रा में रोशनी देती हैं। फ्रिज, कूलर, हो या वाशिंग मशीन या अन्य कोई भी जनसामान्य के उपयोग में लाया जाने वाला उपकरण सबको प्रौद्योगिकी के इस्तेमाल से ऊर्जा कुशल बनाया जा रहा है। आधुनिक तकनीक के बेहतर उपयोग से बने स्मार्ट मीटर से विद्युत इस्तेमाल का बेहतर निरीक्षण संभव हो सका है। रेलवे ,ऑटोमोबाइल्स, उड्डयन इत्यादि में भी तकनीक के इस्तेमाल से ऊर्जा संरक्षण में इजाफा हुआ है। प्रौद्योगिक के इस्तेमाल से ऊर्जा संवहन को बेहतर बनाने का काम इन दिनों युद्ध स्तर पर चल रहा है ।जैसे आजकल ग्रीन स्विच , स्मार्ट एचवीएसी और स्मार्ट लाइटनिंग तकनीको का भरपूर उपयोग किया जा रहा है। ग्रीन स्विच जहां सामान्य स्विचों से काफी कम ऊर्जा से संचालित होते हैं ,वही जल्दी गर्म भी नहीं होते ।स्मार्ट एचवीएसी घरेलू आवास अथवा कार्यालय के रिक्त भाग में विद्युत खपत को सीमित करते हैं, और विद्युत का अनावश्यक उपयोग पर रोकते हैं। स्मार्ट लाइटनिंग गति संवेदको की मदद से ऊर्जा की खपत को काफी हद तक काम कर देते हैं। वर्तमान समय में तकनीकी उन्नति के प्रयास अपनी चरम सीमा पर हैं, और इसमें दिन प्रतिदिन इजाफा भी होता जा रहा है ।आज तकनीकी का इस्तेमाल व्यक्तिगत, व्यावसायिक, प्रशासन और राजकीय सभी कार्यों में बिना किसी हिचकिचाहट के किया जा रहा है ।बड़े कारोबारी संस्थानो लेकिन आप करमें आधुनिक तकनीक का उपयोग स्वचालन के लिये हो रहा हैं , वहीं शासकीय संस्थानों आधुनिक तकनीक का इस्तेमाल प्रशासन को बेहतर बनाने के लिए किया जा रहा है। लेकिन तकनीकी के प्रयोग से यहां जनजीवन ,व्यापार और प्रशासन में काफी सहूलियत हो रही है। वहीं दुर्लभ ऊर्जा स्त्रोत घटते जा रहे हैं। तकनीकी के इस्तेमाल के लिए ऊर्जा के अधिकाधिक उपयोग से भूमि, जल और संपूर्ण पारिस्थितिकी तंत्र के ऊपर दबाव बढ़ता जा रहा है। बढती आबादी और संसाधनों के बढ़ते उपयोग के कारण पारंपरिक ऊर्जा के स्त्रोतों का तेजी से क्षरण हो रहा है। दिन प्रतिदिन मोटर गाड़ियां, रेलगाड़ी, हवाई जहाज इत्यादि की संख्या में द्रुत गति से इजाफा हो रहा है ।कल कारखानों में भी मशीनों का उपयोग तेजी से बढ़ रहा है ।मशीनों पर निर्भरता का सीधा मतलब है ऊर्जा का अतिरिक्त इस्तेमाल। निश्चित तौर पर तकनीक और प्रौद्योगिकी में ऊर्जा का अधिकार अधिक उपयोग होता है लेकिन ऊर्जा संरक्षण में भी अब तकनीक का प्रत्यक्ष इस्तेमाल होने लगा है परिणाम स्वरुप अब ऊर्जा कुशल विसर्जन को अहमियत दी जा रही है ।20 साल पहले आमतौर पर 100 वाट के बल्ब उपयोग में ले जाते थे लेकिन अब उनके स्थान पर 2-4-5और 10 वाट की सीएफए का उपयोग बड़े पैमाने पर होने लगा है,, क्यों कि सीएफएल से पर्याप्त प्रकाश तो मिलता ही है और साथ ही बिजली की भी बचत होती है। कूलर ,फ्रिज हो अथवा वाशिग मशीन या फिर अन्य कोई घरेलू विद्युत उपकरण सबको प्रौद्योगिकी के उपयोग से उर्जा कुशल बनाया जा रहा है। तकनीक के उपयोग से बने स्मार्ट मीटर से विद्युत उपयोग का बेहतर निरीक्षण संभव हो सका है । ऑटोमोबाइल्स, रेलवे, उड्डयन आदि में भी आधुनिक तकनीक के इस्तेमाल से ऊर्जा संरक्षण में इजाफा हुआ है। प्रौद्योगिकी के इस्तेमाल से ऊर्जा संवहन को बेहतर बनाने का काम भी युद्ध स्तर पर चल रहा है ।जैसे आजकल ग्रीन स्विच, स्मार्ट एचवीएसी और स्मार्ट लाइटनिंग तकनीकों का उपयोग किया जा रहा है ।ग्रीन से काफी कम ऊर्जा को संचालित होते हैं वहीं जल्दी कम भी नहीं होती स्मार्ट हब एक घर या कार्यालय के रिक्त हिस्से में विद्युत खपत को सीमित करते हैं और विद्युत का अनावश्यक उपयोग रोकते हैं।

# शानदार जीत से भारत एशिया की एक बड़ी शक्ति बना

भारत और पाकिस्तान के बीच सीमा पर जारी तनाव एवं युद्ध की स्थितियों के बीच भारत ने बड़ा ऐलान करते हुए सीज फायर लागू किया। चार दिन चले सैन्य संघर्ष में परिस्थितियां और भी ज्यादा नाजुक हो गई थीं एवं पाकिस्तान की भारी तबाही हुई। दोनों परमाणु सम्पन्न देशों के बीच के बढ़ते तनाव के बीच समझौते के बाद भले ही पाकिस्तान के विनाश का सिलसिला थम गया हो, लेकिन उसकी एक भूल भारी का सबब बन सकता है। क्योंकि भारत ने यह बड़ा फैसले लेते हुए कहा था कि भविष्य में उसकी जमीन पर किसी भी आतंकवादी हमले को भारत के खिलाफ युद्ध की कार्रवाई माना जाएगा और उसकी गोली का जवाब गोले से दिया जाएगा। पाकिस्तान की फितरत को देखते हुए भारत सरकार एवं भारतीय सेना अधिक चौकस, सावधान एवं सतर्क रहते हुए संघर्ष-विराम के लिये यदि सहमत हुई है तो उसका स्वागत होना चाहिए। जब भारत ने पाकिस्तान को सबक सिखाकर कड़ा संदेश दे दिया तो संघर्ष विराम को एक समझदारी भरा फैसला ही माना जायेगा। यदि पाकिस्तान ने फिर आतंकवादियों को मदद-हथियार देकर भारत पर हमले करवाये तो उसकी हर हरकत का जवाब पहले से ज्यादा ताकतवर, विनाशकारी एवं विध्वसंक होगा। शनिवार को हुए समझौते के कुछ ही घंटों के बाद सीज फायर के अतिक्रमण ने बता दिया कि पाकिस्तान में चुनी हुई सरकार के बजाय सेना ही समांतर रूप से सत्ता चला रही है। जिसे भारत-पाक के बीच शांति पसंद नहीं है। तभी भारत ने स्पष्ट किया है कि पाक के साथ बातचीत राजनीतिक, ईएएम स्तर पर या एनएसए के बजाय सिर्फ डीजीएमओ स्तर पर ही होगी।

पाकिस्तान को परमाणु ठिकानों पर हमले का डर सता रहा था, भय एवं डर की इन स्थितियों के बीच पाकिस्तान ने अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप से सहयोग मांगा एवं युद्ध विराम के लिये अपनी सहमति दी, भारत ने अपनी शर्तों पर, पाकिस्तान को झटका देने के बाद इस सीज फायर पर सहमति जताई है तो यह भारत का बडप्पन है, उसकी ब?ी सोच का ही परिचायक है और भारत की कूटनीतिक जीत है। एक बार फिर पाकिस्तान को उसकी जमीन दिखाई गयी है। दुनिया ने भी भारत की सैन्य पराक्रम एवं स्वदेशी हथियारों की ताकत को देखा और समझा है। एक बानगी भर में जब पाकिस्तान ने पुंछ और राजौरी समेत रिहायशी इलाकों को निशाना बनाया तो जवाबी कार्रवाई करते हुए भारतीय सेना ने भी पाकिस्तानी सेना के कई महत्वपूर्ण अड्डों को तबाह कर दिया। सेना ने रावलपिंडी समेत पाक सेना के 4 एयरबेस नष्ट कर दिए। पाकिस्तान की फतेह मिसाइल को हवा में ही खत्म कर दिया गया। लाहोर एवं करांची सहित पाकिस्तान में अनेक स्थानों पर भारी तबाही से सहम गये पाकिस्तान ने घुटने टेक दिये। भारत ने उसके एयर डिफेंस सिस्टम की धज्जियां उड़ाकर जिस तरह उसके प्रमुख एयरबेस ध्वस्त किए, उसके बाद उसके सामने और अधिक तबाही एवं शर्मिंदगी झेलने के अलावा और कोई चारा नहीं रह गया था।

यह ठीक है कि सैन्य टकराव रोकने की घोषणा अमेरिकी राष्ट्रपति ने की, लेकिन इसका मूल कारण तो भारत का यह संकल्प रहा कि इस बार पाकिस्तान को छो?ना नहीं है। भारत ने संघर्ष विराम केवल सैन्य टकराव रोकने तक सीमित रखकर कूटनीति एवं राजनीतिक परिपक्वता का ही परिचय दिया है। भारत ने पाकिस्तान को सही रास्ते पर लाने के लिए उसके खिलाफ सिंधु जल समझौते स्थगित करने जैसे जो कठोर फैसले लिए, वे यथावत रहेंगे। ये रहने भी चाहिए, क्योंकि धोखा देना एवं अपनी बात से बदलना पाकिस्तान की पुरानी आदत है। इस पर यकीन के साथ कुछ कहना कठिन है कि अब वह भारत में आतंक फैलाने से बाज आएगा। उसने और खासकर उसकी सेना ने भारत के प्रति जो नफरत पाल रखी है, उसके दूर होने में संदेह है। भारतीय नेतृत्व को पाकिस्तान के प्रति अपने संदेह से तब तक मुक्त नहीं होना चाहिए, जब तक वह आतंक से तौबा नहीं करता और कश्मीर राग अलापना बंद नहीं करता।



सीजफायर की कहानी 9-10 मई की रात से शुरू होती है, जब पाकिस्तान पर करारा पलटवार करते हुए भारतीय वायुसेना ने पाक सैन्य ठिकानों पर ब्रह्मोस-ए क्रूज मिसाइल दाग दी। इस दौरान रावलपिंडी के नूरखान, चकलाला और पंजाब के सरगोधा एयरबेस को निशाना बनाया गया। यह हमला रावलपिंडी में पाकिस्तानी सेना के मुख्यालय के बेहद करीब हुआ। इसके बाद पीओके में जकोबाबाद, भोलारी और स्कार्दू एयरबेस को भी तबाह किया गया। भारत के द्वारा पाकिस्तानी एयरबेस पर हमले से बौखलाए पाक को अगला निशाना उनके परमाणु कमांड और कंट्रोल इंफ्रास्ट्रक्चर पर होने का डर सताने लगा। ऐसे में पाकिस्तान ने अमेरिका से मदद मांगी। अमेरिका पहले से दोनों देशों के संपर्क में था। मगर, परमाणु की बात सुनकर अमेरिका भी हड़बड़ी में आ गया।

पहलगाम आंतकी हमले के बाद तेजी से बदले घटनाक्रम के चलते 'ऑपरेशन सिंदूर' शुरू होते ही पाक स्थित बहावलपुर, मुरीदके व मुजफ्फराबाद में आतंकी ठिकानों को सेना ने मिट्टी में मिला दिया। फिर एक बार भारतीय सेना प्रोफेशनल एवं सैन्य मानकों पर खरी उतरी। जिसमें वायुसेना-नौसेना की महत्वपूर्ण भूमिका रही। 'ऑपरेशन-सिंदूर' की कामयाबी से बौखलाए पाक ने एलओसी समेत कई शहरों पर हमले किये, जिसे हमारे प्रतिरक्षातंत्र ने विफल किया। विदेशी डिफेंस सिस्टम के साथ मिलाकर बनायी गई कई परतों वाली प्रतिरक्षा प्रणाली ने पाकिस्तान के तमाम हमले विफल कर दिए। तमाम विदेशी रक्षा विशेषज्ञों ने इस प्रणाली की मुक्त कंठ से प्रशंसा की। भारत के मारक हमलों के सामने असहाय पाकिस्तान ने अमेरिका, सऊदी अरब व चीन जैसे देशों से सीज फायर के लिये गुहार लगायी। लेकिन भारत ने अपनी शर्तों पर सीज फायर पर सहमति जतायी। प्रधानमंत्री ने दो टूक शब्दों में कहा कि सीमा पार से यदि कोई गोली चली तो उसका जवाब गोले से दिया जाएगा।

पाकिस्तान का यह आरोप बेबुनियाद है कि तनाव की शुरुआत भारत ने की। भारत ने पाकिस्तानी सेना के ठिकानों को अभी तक निशाना नहीं बनाया है। दरअसल, आतंकवाद के मामले में पाकिस्तान लंबे अरसे से दुनिया को गुमराह करता आया है। ताजा मामले में भी वह झूठ फैला रहा है कि भारत की स्ट्राइक उसके धार्मिक स्थलों पर हुई और इसमें आतंकी नहीं, आम नागरिक मारे गए हैं। यह झूठ दरअसल उसी साजिश का हिस्सा है, जिसके तहत आतंकियों ने टारगेटेड किलिंग करके भारत में सांप्रदायिक तनाव फैलाने का प्रयास किया था। सच्चाई तो यह है कि धर्म को आतंक से पाकिस्तान ने जोड़ा है। आतंकवादियों को पालना-पोसना और उनके जरिये छद्म युद्ध लड़ना पाकिस्तान की पुरानी आदत रही है, लेकिन इस बार वह जिस तरह आम लोगों का इस्तेमाल ढाल की तरह कर रहा है, वह निंदनीय एवं शर्मनाक होने के साथ-साथ चिंताजनक भी है। इससे उसकी हताशा झलकती है।

भारत का मकसद आतंकवाद का खात्मा है, युद्ध नहीं है। प्रधानमंत्री ने अमेरिकी उप राष्ट्रपति जेडी वेंस को साफ बताया था कि पाकिस्तान की किसी भी हरकत की प्रतिक्रिया विनाशकारी साबित हो सकती है। निस्संदेह, भारत की सटीक कार्रवाई और पाकिस्तान के हमलों को विफल बनाने से दुनिया में स्पष्ट संदेश गया कि भारत एशिया की एक बड़ी शक्ति है। यह भी कि भारत अपनी सुरक्षा को लेकर न केवल सतर्क है बल्कि पाकिस्तानी हमलों को विफल बनाने की ताकत भी रखता है। भारतीय सेनाओं का उत्कृष्ट प्रदर्शन इसकी मिसाल है। आधुनिक तकनीक व मजबूत प्रतिरक्षा तंत्र के बूते भारत पाक के सैन्य प्रतिष्ठानों, हवाई अड्डों व प्रतिरक्षा प्रणाली को करारी चोट देने में सफल हुआ। पाक को इसकी बड़ी कीमत चुकानी पड़ी। वहीं उसके मित्र तुर्की व चीन द्वारा दिए गए हथियारों, ड्रोन व प्रतिरक्षा प्रणाली को भारतीय सेनाओं ने नेस्तनाबूद कर दिया। हमने दुनिया को बताया कि हम अपनी संप्रभुता और नागरिकों की सुरक्षा से कोई समझौता नहीं करेंगे। पाकिस्तान के पास विकल्प बहुत ज्यादा नहीं हैं। उसकी अर्थव्यवस्था इस संघर्ष को लंबा झेल पाने में असमर्थ है, युद्ध को तो वह भूल ही जाए। इसके बाद भी अगर वह दुस्साहस करने की सोच रहा है, तो यह जरूरी हो जाता है कि उस तक पहुंचने वाली मदद को भी रोका जाए। उसे आईएमएफ से नए राहत पैकेज का इंतजार है और भारत सरकार इसका विरोध करेगी। दुनिया को समझ लेना चाहिए कि पाकिस्तान को मिलने वाली कोई भी मदद आखिरकार आतंक फैलाने में ही इस्तेमाल होगी।

**- ललित गर्ग**

# भारत का आगाज -किसी भी प्रकार की आतंकी कार्रवाही को अब एक्ट आफ वार मानकर उसका जवाब दिया जाएगा

वैश्विक स्तर पर दिनांक 10 मई 2025 को जहां एक ओर चौथे दिन भी भारत पाक के बीच ड्रोन मिसाइल इत्यादि से वार पलटवार या एक तरह से युद्ध शुरू था तो दोपहर करीब 3:30 बजे अमेरिकी राष्ट्रपति ने एक्स: पर लिखा कि शाम 5 से भारत-पाक के बीच सैन्य गतिविधियां रोकने की आपसी सहमति हो गई है, जिसे सुनकर भारत सहित पूरी दुनियाँ स्तब्ध रह गई, क्योंकि सभी को यह उम्मीद थी कि इस बार भारत लास्ट बार सबसे भारी जवाब देगा व पीओके को वापस लेकर ही दम लगा परंतु सीजफायर के ऐलान से जहां एक ओर आम जनता हैरान व मायूस हुई तो दूसरी ओर यह बात किसी को समझ में भी नहीं आई ऐसा हुआ तो क्यों और कैसे फिर ऐसी क्या कमी थी भारतीय ताकत में किसी सीजफायर के लिए राजी होना पड़ा? इसी प्रश्न के उत्तर में मेरा मानना है कि यह किसी आगे की रणनीति का हिस्सा होगी या फिर अमेरिका के दबाव तंत्र से युद्ध को हटाने के लिए यह फैसला लिया गया होगा परंतु कुछ भी सफाई दी जाए, यह बात आम आदमी के हलक से नहीं उतरेगी कि आखिर ऐसी क्या कमियां थी कि सीजफायर के लिए राजी होना पड़ा? चूँकि भारत का आगाज, किसी भी प्रकार की आतंकी कार्रवाई को अब एक्ट आफ वार मानकर उसका जवाब दिया जाएगा तथा भारत पाक युद्ध विराम आपसी सहमति नीति समझ नहीं आई ? - रणनीति या अमेरिकी दबाव तंत्र- सैन्य कार्रवाई विराम बाद भी पाक ड्रोन की खेप बरसाई, इसलिए आज हम मीडिया में उपलब्ध जानकारी के सहयोगसे इस आर्टिकल के माध्यम से चर्चा करेंगे, यह कैसा सीज फायर? सभी सैन्य गतिविधियां रोकने की आपसी सहमति के 3 घंटे भीतर सीजफायर का घोर उल्लंघन? ड्रोन हमले जोरदार जारी!

साथियों बात अगर हम भारत पाक सीजफायर की आपसी सहमति की करें तो, सीजफायर की घोषणा के कुछ ही घंटों बाद जम्मू-कश्मीर में फिर से ड्रोन हमलों की खबर सामने आई है, एलओसी पर भी पाकिस्तान की ओर से फायरिंग हुई, ऐसे में पाकिस्तान सीमा से सटे कई शहरों में ब्लैक आउट की घोषणा की गई है, सीजफायर की घोषणा से स्थानीय लोगों ने राहत की सांस ली थी। लेकिन पाकिस्तान की ओर से फिर से नापाक हरकतें शुरू हो गई है। सीजफायर के बाद पाकिस्तान का फिर से ड्रोन अटैक,अपडेट्स (1) पाकिस्तान से लगती सीमा पर लगातार फायरिंग की खबर सामने आई है। (2) पाकसीमा से सटे कई शहरों में ब्लैकआउट घोषित किया गया है। (3) श्रीनगर में ड्रोन अटैक हुआ है. यहां कई धमाके सुने गए। पंजाब के पठानकोट में पूरी तरह से ब्लैकआउट लागू कर दिया गया है। (4) श्रीनगर में ब्लैकआउट के बीच भारतीय वायु रक्षा बलों ने पाकिस्तानी ड्रोन को रोका है. सामने आए एक वीडियो में धमाकों की आवाज सुनी जा सकती है। (5) राजस्थान के जैसलमेर में पूरी तरह से ब्लैकआउट लागू कर दिया गया है। (6) राजस्थान के बाड़मेर शहर में भी पूरी तरह से ब्लैकआउट लागू कर दिया गया है। (7) उधमपुर में ब्लैकआउट के बीच भारतीय वायु रक्षा बलों द्वारा पाकिस्तानी ड्रोन को रोका गया. धमाकों की आवाज सुनी जा सकती है। (8) राजस्थान के बाड़मेर जिले में भी धमाकों की आवाज सुनी गई है. यहां भी सुरक्षा बल पूरी मुस्तैदी से पाक की हर कोशिश को नाकाम करने में जुटे हैं। (9) पाकिस्तान की ओर से हो रहे ड्रोन अटैक और गोलीबारी का भारत का एयर डिफेंस सिस्टम और बीएसएफ लगातार जवाब दे रही है। (10) श्रीनगर में बीते 15 मिनट से ड्रोन अटैक की एक्टिविटी बंद हो गई है. हालांकि अभी सीमा से सटे कई अन्य इलाकों से माहौल तनावपूर्ण ही है। (11)



गुजरात के कच्छ में तत्काल प्रभाव से ब्लैकआउट घोषित किया गया है. सभी नागरिकों से इसका सख्ती से पालन करने को कहा गया है। (12) पंजाब के पठानकोट में रात को ड्रोन देखे गए. यहां लगातार सायरन भी बजा. इसके बाद पठानकोट, अमृतसर, बरनाला, बठिंडा, होशियारपुर, फाजिल्का और फिरोजपुर में दोबारा ब्लैकआउट कराया गया है। उल्लेखनीय है कि तीन दिनों तक चले संघर्ष के बाद भारत-पाकिस्तान के बीच शनिवार को सीजफायर की घोषणा हुई थी। भारतीय विदेश मंत्रालय ने बताया था कि शनिवार शाम पांच बजे से सीजफायर लागू हो गया है, लेकिन महज तीन चार घंटे के अंदर ही पाकिस्तान ने सीजफायर का उल्लंघन किया और सीमा पार से गोलीबारी शुरू की, जम्मू कश्मीर के मुख्यमंत्री उमर अब्दुल्ला ने सोशल मीडिया मंच एक्स पर एक पोस्ट लिखते हुए सीजफायर पर सवाल उठाए, उन्होंने लिखा- जम्मू-कश्मीर में कोई सीजफायर नहीं है, श्रीनगर के बीचोबीच एयर डिफेंस यूनिट को एक्टिवेट कर दिया गया है।हालांकि एक घंटे की हलचल के बाद ड्रोन अटैक की घटनाएं थम गई है, एलओसी पर फायरिंग भी बंद हो गई है. सेना से जुड़े सूत्रों ने बताया कि पाकिस्तान की ओर से कुछ ड्रोन आए थे, जिन्हें इंटरसेप्ट करने के लिए भारतीय एयर डिफेंस सिस्टम मुस्तैद थी, हालांकि पाकिस्तान की ओर से आए ये ड्रोन कुछ ही देर बाद वापस लौट गए थे। ऐसी जानकारी मीडिया में आई।

साथियों बात अगर हम भारत-पाकिस्तान युद्ध का सी? फायर कैसे हुआ इसको जानने की करें तो,शनिवार सुबह तक एक दूसरे पर मिसाइलें बरसा रहे भारत और पाकिस्तान ने शनिवार शाम होते होते अमेरिका से आए संघर्ष विराम के संदेश की पुष्टि कर दी, दोनों देशों के तुरंत प्रभाव से हथियार थामने का एलान असल में हजारों किलोमीटर दूर वॉशिंगटन से आया।शनिवार को अमेरिकी राष्ट्रपति डॉनल्ड ट्रंप ने अपने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म ट्रुथ सोशल पर लिखा, अमेरिकी की मध्यस्थता में रात में बहुत देर तक हुई बातचीत के बाद, मुझे यह एलान करते हुए खुशी है कि भारत और पाकिस्तान पूर्ण और त्वरित संघर्ष विराम पर सहमत हो गए हैं।कॉमन सेंस और गजब की बुद्धिमतत्ता दिखाने के लिए दोनों देशों को बधाई, इस मुद्दे पर ध्यान देने के लिए आपका शुक्रिया.अमेरिकी राष्ट्रपति के इस बयान के फौरन बाद पाकिस्तानी विदेश मंत्री इशाक डार ने सोशल नेटवर्किंग साइट एक्स पर लिखा, पाकिस्तान और भारत तुरंत प्रभाव से संघर्ष विराम पर समहत हो गए हैं, पाकिस्तान हमेशा क्षेत्रीय शांति और सुरक्षा के लिए प्रयास करता रहा है, वो भी अपनी संप्रभुता और क्षेत्रीय अखंडता पर समझौता किए बिना.इसके कुछ देर बाद, भारत के विदेश सचिव विक्रम मिस्त्री ने भी मीडिया को संबोधित करते हुए कहा, यह तय हुआ है कि दोनों पक्ष, जमीन, हवा और समंदर में हर तरह की फायरिंग और सैन्य कार्रवाई बंद करेंगे.भारतीय विदेश सचिव ने यह भी बताया कि दोनों देशों केअधिकारी 12 मई को आपस में बातचीत करेंगे. भारत ने दावा किया है कि वह भविष्य में किसी भी आतंकवादी हमले को युद्ध की कार्रवाई मानेगा। नई दिल्ली के इस रुख से साफ है कि भविष्य में दोनों देशों की बीच जो भी बातचीत होगी, उसमें इस बात को केंद्र बिंदु की तरह रखा जाएगा, सीज फायर के एलान के बाद, शनिवार शाम भारतीय विदेश मंत्री एस जयशंकर ने एक्स पर लिखा, भारत और पाकिस्तान फायरिंग और सैन्य कार्रवाई बंद करने के लिए एक समझ तैयार कर चुके हैं. भारत ने लगातार हर तरह के आतंकवाद और उसके पोषण पर कड़ा और गैर समझौतावादी रुख बरकरार रखा है.

अत: अगर हम उपरोक्त पूरे विवरण का अध्ययन कर इसका विश्लेषण करें तो हम पाएंगे कि,ये कैसा सीज फायर ? सभी सैन्य गतिविधियाँ रोकने की आपसी सहमति के 3 घंटों भीतर ही घोर उल्लंघन - ड्रोन हमले जारी ? भारत का आगाज - किसी भी प्रकार की आतंकी कार्रवाही को अब एक्ट आफ वार मानकर उसका जवाब दिया जाएगा। भारत पाक युद्ध विराम आपसी सहमति नीति समझ नहीं आई ?- रणनीति या अमेरिकी दबाव तंत्र- सैन्य कार्रवाई विराम बाद भी पाक नें ड्रोन की खेप बरसाई।

**-किशन सनमुखदास भावनानी**

## संत का धन

उन दिनों विजय नगर में संत पुरंदर की ख्याति बढ़ती ही जा रही थी। हर प्रकार के मोह-माया से मुक्त त्यागमूर्ति पुरंदर अपनी पत्नी के साथ नगर से बाहर एक कुटिया में रहते थे और भिक्षा मांग कर गुजारा करते थे। उनके नाम की चर्चा उड़ते-उड़ते राजा कृष्णदेव राय तक भी पहुंची। उन्हें लगा कि उन्हें संत के लिए कुछ करना चाहिए। एक दिन उन्होंने तेनालीराम से कहा-जाओ संत पुरंदर से कहो कि वे भिक्षा के लिए दर-दर न भटकें और केवल राजमहल से भिक्षा लिया करें। राजा ने इसी बहाने उनकी दरिदता दूर करने का उपय सोच लिया था। अब संत रोज राजमहल आने लगे।

उन्हें भिक्षा में अनाज के साथ छोटे-मोटे कीमती पत्थर भी दिए जाते थे। राजा को लगता था कि संत के पास जल्दी ही अच्छी-खासी संपत्ति जमा हो जाएगी। पर मन में सवाल भी उठता था कि आखिर ये कैसे संत हैं जो ये कीमती रत्न स्वीकार कर रहे हैं। कहीं ये संत होने का ढोंग तो नहीं कर रहे। एक दिन राजा और तेनालीराम भेस बदलकर संत की कुटिया में पहुंचे। राज को देखकर हैरत हुई कि संत की कुटिया में कोई बदलाव नहीं आया था। उनकी पत्नी चावल बीनते हुए बुदबुदा रही थीं कि पता नहीं कहां से कंकड़-पत्थर आ जाते हैं। राजा ने चावल हाथ में लेकर कहा-पर ये तो हीरे-मोती हैं। इनसे आपकी दरिदता दूर हो सकती थी। संत की पत्नी ने कहा-हमारे लिए तो ये कंकड़-पत्थर ही हैं। धन और विनम्रता ही हमारा धन है। यह सुनकर राजा लज्जित हो गए। उन्होंने संत और उनकी पत्नी से क्षमा मांगी।

## कहो तो कह दूं - हंसने की चाह ने कितना मुझे रुलाया है

सन 1974 में राजेश खन्ना और शर्मिला टैगोर अभिनीत फिल्म अविष्कार प्रदर्शित हुई थी इसका एक गाना जो मन्ना डे की आवाज में है बड़ा ही मकबूल हुआ था जिसके बोल थे हंसने की चाह ने कितना मुझे रुलाया है कोई हमदर्द नहीं, दर्द मेरा साया है। ये गाना लाफ्टर डे यानी हास्य दिवस पर बड़ा ही मौजू लगता है । लोग बाग और डॉक्टर भी यही बताते हैं कि हंसना स्वास्थ्य के लिए बहुत जरूरी है जब आप हंसते हो तो आपके अच्छे वाले हारमोंस सक्रिय हो जाते हैं, हंसने से निराशा दूर होती है, हंसने से चेहरे की मांसपेशियों में सुधार होता है शायद इसलिए आजकल एक नया फैशन चला है लाफ्टर क्लब का जिसमें लोग आते हैं और जोर-जोर से नकली हंसी-हंसने लगते है और अब तो अपने को लगता है कि हर आदमी नकली हंसी ही हंस रहा है क्योंकि जब वो सामान लेने हंसता हुआ बाजार जाता है फिर उसकी कीमत सुनता है तो रोने लगता है, सुबह से तैयार हो तारों ताजा होकर हंसता हुआ ऑफिस पहुंचता है और जब पहुंचते ही बॉस की डांट खाता है तो रोने लगता है, शाम को घर आता है तो सोचता है कि घर में हंसी खुशी मिलेगी लेकिन जैसे ही बीवी की टेढ़ी निगाह उस पर पड़ती है जो उससे कई सवाल पूछती है तो सारी हंसी गायब हो जाती है और हंसने की चाहत रोने में बदल जाती है, विद्यार्थी हंसता हुआ परीक्षा देता है और हंसता हुआ अपना रिजल्ट लेने भी जाता है लेकिन जब परीक्षा फल आता है तो दिल के अरमां आंसुओं में बह गए वाली स्थिति बन जाती है । यही हाल नेताओं का है जब चुनाव का समय आता है तो वे जोर-जोर से हंसते हुए अपने लोगों को बताते हैं कि उनकी टिकट तो बिल्कुल पक्की है लेकिन जब लिस्ट आती है और उनका नाम गायब हो जाता है तब उनके हंसने की चाहत रूदाली बन जाती है यानी इंसान हंसने की कोशिश तो बहुत करता है लेकिन उसकी हंसने की चाहत उसे रुला देती है । ये ठीक है कि जीवन में हंसना बहुत जरूरी है लेकिन जिंदगी की भाग दौड़, तमाम तरह के तनाव, घर की चिंता, संतानों के ब्याह और रोजगार ना मिल पाने का टेंशन, दफ्तर में काम का बोझ, घर में बीवी से झगड़ा ,अब आप ही बताओ कि ऐसे में कौन कितना बड़ा जोधा होगा जो हंसेगा। भले ही हंसने से कई लाभ होते हैं लेकिन हंसने का मौका भी तो मिले तब तो उन लाभों का लाभ मिल सकता है। अपने को तो लगता है कि जो लोग लाफ्टर क्लब में जाते हैं भले ही वे नकली हंसी हंसते हो लेकिन कम से कम हंसते तो हैं वरना आम आदमी के चेहरे से हंसी ऐसी गायब हुई है जैसे गधे के सर से सींग । अपने को तो ये भी महसूस होता है कि बरसों पहले से ही लोगों के चेहरे से मुस्कुराहट और हंसी गायब हो चुकी है शायद यही कारण था कि बरसों पहले एक फिल्म आई थी एक फूल दो माली में बलराज साहनी अपने बेटे से कहता है मुस्कुरा लाडले मुस्कुरा उसके बाद भी वो लाडला मुस्कुराता नहीं है,शायद उसे अपने भविष्य का अंदाजा हो गया होगा कि जब भविष्य में नहीं मुस्कुराना और हंसना है तो अभी काहे को हंसे या मुस्कुराए । खैर भले जिंदगी हंसने का मौका ना दे फिर भी कोशिश इस बात की होना चाहिए कि चौबीस घंटे में कम से कम चौबीस सेकंड ही हंस लिया जाए शायद इसी से ही अच्छे वाले हार्मोन सेट हो जाएं।

### अब विधायक जी भी

अभी तक तो अपन ने सरकारी अफसरों और कर्मचारियों को रिश्वत लेते सुना था और ये भी सुना था कि वे रिश्वत लेते हुए रंगे हाथ पकड़े गए लेकिन राजस्थान में तो एक विधायक जी बीस लाख की रिश्वत लेते हुए पकड़े गए। सेटिंग तो दो करोड़ की थी और पहली किस्त में बीस लाख विधायक जी के हाथों में रखे जाने थे लेकिन इधर विधायक जी ने पैसा लिया उधर भ्रष्टाचार निरोधक संस्था ने उनको धर दबोचा । मामला बस इतना था कि ये भाई साहब एक खदान के मलिक के खिलाफ विधानसभा में सवाल उठा रहे थे खदान मलिक उस्ताद था उसने विधायक जी से संपर्क किया कि भैया काहे को ये सब कर रहे हो जो आप बोलोगे वो मैं कर दूंगा आप अपना सवाल वापस ले लो, विधायक जी ने सोचा अपन तो विधायक हैं अपना कोई क्या कर सकता है तो तत्काल दो करोड़ की मांग कर डाली खदान मलिक ने भी हामी भर दी और पहली किस्त जो बीस लाख की थी विधायक जी ले रहे थे उसे लेते हुए भ्रष्टाचार निरोधक संस्था ने पकड़ लिया । दरअसल विधायक जी ने सोचा होगा कि जब कर्मचारी अधिकारी रिश्वत ले सकते हैं तो फिर वे क्यों पीछे रहे उन्हें ऐसा लग रहा होगा कि विधायक पर कौन हाथ डाल सकता है वे तो जनता के चुने हुए प्रतिनिधि होते हैं सरकारी अफसर होता तो पकड़ लिया जाता लेकिन भाई साहब इसी में धोखा खा गए इधर पैसे लिए उधर पकड़े गए । ऐसा लगता है कि विधायक जी नए-नए हैं इन्हें माल कमाने की स्कीमों का पता नहीं है वरना वे इस तरह से खुलेआम रिश्वत की मांग ना करते हैं कई तरीके हैं माल कमाने के, थोड़ा धीरज रखते पुराने घाघ लोगों से गुरु दीक्षा ले लेते उसके बाद कुछ करते लेकिन क्या करें, लालच बुरी बला एक ही झटके में करोड़पति बनने का सपना जो विधायक जी ने देखा था वो दूसरे ही झटके में

**- चैतन्य भट्ट**

## इन्दौर बाजार भाव

**इन्दौर।** सुस्त कारोबार के बीच मंगलवार को स्थानीय अनाज मंडी में चना कमजोर बना रहा। खाद्य तेलों व तिलहनों में व्यापार सुस्त-सुस्त ही रहा। किराना बाजार में कामकाज सामान्य देखा गया। व्यापारिक सूत्रों के अनुसार चने में कमजोर लेवाली के चलते बाजार नरमी की गिरफ्त में है। चना आज के कारोबार में 6050-6100 रू. प्रति क्विंटल बोला गया। खाद्य तेलों व तिलहनों में व्यापार ठंडा-ठंडा ही रहा। उधर, किराना जिंसों में व्यापार सामान्य बना रहा। सूखे मेवों में मामूली नरमी के संकेत रहे। शक्कर बाजार भी सुस्ती पर रहे। भाव इस प्रकार रहे-

**किराना**- शक्कर 4125-4190, खोपरा गोला 210-245, खोपरा बूरा 4000-6100 (15 कि.ग्रा.), जीरा राजस्थान 275-283, मीडियम 287-292, बेस्ट 300-310, ऊंझा हल्का 268-285, बेस्ट 295-310, हल्दी निजामाबाद 180-220, सांगली 250-270, साबूदाना हल्का 6000-6100, मीडियम 6200-6300, बेस्ट 6300-6500, ग्लास 6700, वरलक्ष्मी 5350, सौंफ मोटी 100-140, बेस्ट 280-300, एस्ट्रा बेस्ट 310-350, सौंफ बारिक 280-290, राई दाल 90-95, सरसो दाल 85-95, कालीमिर्च एटम 770-800, गरबल 740-750, मटरदाना 825-850, खसखस अनक्लीन 1050-1200, क्लीन 1220-1330, दालचीनी 250-265, जायफल 725-750, बेस्ट 780-790, वाद्यान फूल 440-495, शाहजीरा 385, तेजपान 90-95, पत्थर फूल 340-425, बेस्ट 475-500, जावत्री 1675-1750, बेस्ट 1850-1890, केसर 175-185, सौंठ 375-400, धोली मूसली 2175-2250, लौंग 765-775, बेस्ट 800-810, हींग (वनदेवी 751) 2600, पाउच 2650, 121 नं. दाना 2400, पाउच 2250, 111 नं. डिब्बी 2200, पाउच 2250, सिंघाडा 160-185, सिंदूर 6600, देशी कपूर 750-775, पूजा बादाम 115-200, पूजा सुपारी 450-475, अरीठा 130-145, हरि इलायची शंकर 2700-2800, मीडियम 2900-3050, बोल्ड 3100-3400, एक्ट्रा बोल्ड 3500-3700, पानबार 2450, बड़ी इलायची 1600-1750, बेस्ट 1850-2000, तरबूज मगज 480-500, काजू (240) 950-1000, काजू (320) 825-860, काजू एस. डब्ल्यू 800-820, जे.एच. 850-870, टुकड़ी 800-840, बादाम मगज 820-835, सिंगापुरी 795-815, अखरोट 450-650, जर्दालु 250-350, बेस्ट 450-600, किशमिश कंधारी 420-470, बेस्ट 550-650, इंडियन 140-150, बेस्ट 170-190, चारौली 1550-1650, बेस्ट 1700, मुनक्का 450-550, बेस्ट 650-900, अंजीर 750-1450, मखाना 1100-1625, खारक 115-135, मीडियम 140-180, बेस्ट 225-250, एक्ट्रा बेस्ट 300-310, पिस्ता 1300-1450, कंधारी 1750-1900, गेहूँ आटा 1820, मैदा कट्टा 1850, रवा कट्टा 1880, बेसन 4675 (50 कि.ग्रा.), नारियल (120) 2500-2550, (160) 2850-2900, (200) 3250-3300, (250) 3250-3300

**तेल**- सींगदाना 1340-1350, मुम्बई 1370, राजकोट तेलिया 2150, सोया साल्वेंट 1180-1185, सोया रिफाइंड 1250-1255, कपास्या 1220, धूलिया 1225, कड़ी 1225,

**रात की धारणा**- गुजरात लुज 1325, मुम्बई पाम 1220, मुम्बई सोया 1280,

**खली**- कपस्या खली (60 कि.ग्रा.) इन्दौर 2200, देवास-उज्जैन 2200, खंडवा-बुरहानपुर 2175, अकोला 2990 (प्रति क्विटल)

**तिलहन**- सरसो 6400-6500, रायडा 5600, सोयाबीन 4300, टोली (महुआ बीज) 4000-4200, करंज 4000-4200, अलसी 7500-7600, अरंडी 4500-4700,

**दलहन**- चना कांटेवाला बेस्ट 6050-6100, एवरेज 5200-5300, काबूली चना बिटकी 6300-6600, काबली चना काटकू 6700-7200, काबूली चना मीडियम 7400-8300, काबूली चना डॉलर 9600-10600, मसूर बेस्ट 6600-6650, एवरेज 6400-6450, मूंग देशी 7800-7900, पाला 8000-8100, चमकी 8100-8200, नायलोन 8200-8300, तुअर निमाड़ी बेस्ट 6900-7000, एवरेज 6700-6800, हल्की 6500-6600, तुअर महाराष्ट्र 7100-7400, उड़द बेस्ट 8500-8600, एवरेज 8300-8400, शंकर 7900-8000, हल्की 7300-7500,

**दाल**- चना दाल एवरेज 8000-8200, बेस्ट 8300-8500, तुअर दाल सवा नं. 8300-8400, तुअर दाल फूल 9500-9700, तुअर दाल बोल्ड 11700-11800, मसूर दाल एवरेज 7400-7550, बेस्ट 7600-7750, मूंग दाल 9500-9600, बोल्ड 9800-10000, मूंग मोगर 10400-10500, बोल्ड 10600-10800, उड़द दाल 10600-10700, बोल्ड 10800-10900, मोगर 10900-11000, बोल्ड 11200-11400,

**अनाज**- गेहूं मिल क्वालिटी 2400-2500, लोकवन 2700-2650, बेस्ट 2750-2800, (147) 2600-2650, बेस्ट 2650-2800, मालवराज 2800-2900, पूर्णा 2900-3000, चन्द्रोसी 3000-3800, ज्वार देशी 2400-2550, मक्का पीली 2350-2400,

**चावल**- चावल हंसा सफेद 2900-3050, सेला 3400-3800, परमल 3400-3500, दुबराज 4000-4800, राजभोग 7000-7200, काली मुंछ 8500-8900, बासमती दुबार 8000-8500, मीनी दुबार 7000-7500, मोगरा 4500-6500, तिबार 9000-10000, बासमती (921) 10500-11500, बासमती सेला 6500-9000, पोहा 4500-5100,

**मावा**- इन्दौर 360, उज्जैन 280, रतलाम 300 रू. प्रति किलो।

## इन्दौर सराफा बाजार

**इन्दौर।** मंगलवार को स्थानीय सराफा बाजार में व्यापार अच्छा रहा। किन्तु दोनों ही मूल्यवान धातुओं में बाजार तेजी के रहे। भाव इस प्रकार रहे-

चाँदी (9999) 97500, चाँदी (99) 97400, टंच 96300, सिक्का 1000, सोना 10 ग्राम 96200,

## रुपया बढ़त पर बंद

मुंबई। अमेरिकी डॉलर के मुकाबले मंगलवार को भारतीय रुपया छह पैसे की बढ़त के साथ ही 85.30 पर बंद हुआ। इससे पहले सुबह रुपया शुरुआती कारोबार में 74 पैसे मजबूत होकर 84.62 प्रति डॉलर पर पहुंच गया। विदेशी मुद्रा कारोबारियों ने बताया कि भारतीय परिसंपत्तियों में विदेशी निवेशकों की निरंतर रुचि ने स्थानीय मुद्रा को मौलिक समर्थन दिया। अंतरबैंक विदेशी मुद्रा विनिमय बाजार में रुपया 84.70 प्रति डॉलर पर खुला और फिर डॉलर के मुकाबले 84.74 पर लुढ़क गया। हालांकि, यह फिर वापसी करता हुआ 84.62 प्रति डॉलर पर आ गया जो पिछले बंद भाव के मुकाबले 74 पैसे की बढ़त दिखाता है। रुपया शुक्रवार को अमेरिकी डॉलर के मुकाबले 85.36 पर बंद हुआ था। बुद्ध पूर्णिमा के अवसर पर सोमवार को विदेशी मुद्रा बाजार बंद था।

## आज का राशिफल

**मेष**- आज आपको अपनी वाणी व व्यवहार पर संयम रखने की आवश्यकता है। आप लोगों से अपने काम को आसानी से निकालने में कामयाब रहेंगे। आपको किसी पुरानी गलती से सबक लेने की आवश्यकता है। कोई काम यदि पूरा होने में समस्या आ रही थी, तो उसके लिए आप अपने पिताजी से बातचीत कर सकते हैं। आपका किसी बात को लेकर मन परेशान रहेगा।

**वृषभ**- आज का दिन आपके लिए आर्थिक दृष्टिकोण से अच्छा रहने वाला है। आप बड़े बुजुर्गों की सेवा के लिए भी कुछ समय निकालेंगे। आप अपनी चतुर बुद्धि का प्रयोग करके लोगों को आसानी से मात देने में कामयाब रहेंगे। आप अपने घर किसी नए वाहन को लेकर आ सकते हैं। डिजाइनिंग का काम कर रहे लोगों को कोई बड़ा ऑर्डर मिलने की संभावना है।

**मिथुन**- आज का दिन आपके लिए सकारात्मक परिणाम लेकर आएगा। भाई व बहनों की मदद से आपको अच्छा फायदा मिल सकता है। दोस्तों का आपको पूरा सहयोग मिलेगा। आपको किसी काम को लेकर योजना बनाकर चलने की आवश्यकता है। आपके विरोधी आपको पीठ पीछे नुकसान पहुंचाने की कोशिश करेंगे। आपको अपनी जिम्मेदारियों से घबराने की आवश्यकता नहीं है और यदि आप किसी यात्रा पर जाएं, तो उसमें थोड़ा सावधानी बरतें, क्योंकि आपको कोई चोट आदि लगने की संभावना है।

**कर्क**- आज का दिन आपके लिए सुखद परिणाम लेकर आएगा। व्यापार में आपको कुछ नए अवसर मिलेंगे। धन लाभ होगा। आपको किसी काम को लेकर यदि कोई चिंता थी, तो वह भी काफी हद तक दूर होगी। वैवाहिक जीवन में चल रही समस्याओं से आपको राहत मिलेगी। आप अपने कामों को पूरा करने के लिए ससुराल पक्ष के किसी व्यक्ति से बातचीत कर सकते हैं।

**सिंह**- आज का दिन आपके लिए धन-धान्य में वृद्धि लेकर आने वाला है। आपको एक साथ कई काम हाथ लगने से आपकी व्याकाग्रता बढ़ सकती हैं। आपको बेवजह की भागदौड़ लगी रहेगी। आपके परिवार में किसी सदस्य की सेहत में गिरावट आ सकती है। आप अपने बिजनेस में भी कोई बदलाव कर सकते हैं। आपको कोई काम पूरा करके अपने किसी मित्र से मदद लेनी होगी।

**कन्या**- आज का दिन आपके लिए बुद्धि व विवेक से निर्णय लेने के लिए रहेगा। आपको अपने कामों को धैर्य व साहस से निपटाने की आवश्यकता है। आपको दूसरों के मामले में बेवजह बोलने से बचना होगा। प्रॉपर्टी को लेकर आपके घर में कोई विवाद खड़ा हो सकता है, जिसमें आप बड़े सदस्यों की राय अवश्य लें। आपको अपने पारिवारिक मामलों को मिल बैठकर निपटाने की आवश्यकता है।

**तुला**- आज का दिन आपके लिए सामान्य रहने वाला है। बच्चों को अच्छा काम करते देख आपका मन खुश रहेगा। जीवनसाथी को आप कहीं शॉपिंग आदि पर लेकर जाने की योजना बना सकते हैं। आप किसी के बहकावे में आकर किसी नए काम में हाथ ना डालें, नहीं तो कोई नुकसान हो सकता है। आपको अपने लेनदेन से संबंधित मामलों पर पूरी निगरानी बनाकर रखनी होगी। नौकरी की तलाश में इधर-उधर भटक रहे लोगों को कोई खुशखबरी सुनने को मिल सकती है।

**वृश्चिक**- आज का दिन आपके लिए उलझनो में भरा रहने वाला है। आपके घर किसी अतिथि का आगमन हो सकता है। जो लोग विदेशों से व्यापार कर रहे हैं, उन्हें कोई खुशखबरी सुनने को मिल सकती हैं। आपके कुछ नए मित्र बनेंगे और सामाजिक क्षेत्रों में आप अच्छा प्रदर्शन करेंगे, लेकिन नौकरी में कार्यरत लोग अपने बॉस से अपने रिश्तों को बेहतर रखें, इसलिए आपको अपनी वाणी पर संयम रखने की आवश्यकता है। संतान आपसे किसी चीज की फरमाइश कर सकती है, जिसे आप पूरे अवश्य करेंगे।

**धनु**- आज का दिन बिजनेस कर रहे लोगों के लिए अच्छा रहने वाला है, उनकी कोई बड़ी डील फाइनल होगी। आपको कहीं भी बाहर घूमने फिरने जाने से बचना होगा, नहीं तो कोई दुर्घटना होने की संभावना है। आपको कोई जिम्मेदारी भरा काम मिल सकता है। आपका किसी बात को लेकर मन परेशान रहेगा। विद्यार्थियों के उच्च शिक्षा के मार्ग प्रशस्त होंगे।

**मकर**- आज का दिन आपके लिए किसी जोखिम भरे काम को करने से बचने के लिए रहेगा। आपको आर्थिक मामला में बहुत ही संभल कर चलने की आवश्यकता है, इसलिए आप किसी को धन उधार देने से बचे। संतान की शिक्षा में यदि कुछ समस्याएं आ रही थी, तो उनके लिए आप कोई महत्वपूर्ण कदम उठा सकते हैं। आपके विरोधी सक्रिय रहेंगे, जो आपको परेशान करने में कोई कसर नहीं छोड़ेंगे।

**कुंभ**- आज का दिन आपके चारों ओर का वातावरण खुशनुमा रहने वाला है। आपका मन धार्मिक कामों में खूब लगेगा। आपको किसी पुराने मित्र से लंबे समय बाद मिलकर खुशी होगी। संतान को तरक्की करते देख आपकी खुशी का ठिकाना नहीं रहेगा। आपको शीघ्रगामी में वाहनों के प्रयोग से भी सावधान रहने की आवश्यकता है। आप अपने परिवार में सदस्यों की जरूरतों पर पूरा ध्यान देंगे और उन्हें आसानी से पूरा भी कर पाएंगे।

मीन- आज आपको अपनी आय और व्यय भी में संतुलन बनाकर चलने की आवश्यकता है, तभी आपका दिन बेहतर रहेगा, नहीं तो आपके खर्च अधिक रहेंगे। आपका मन कोई काम पूर्ण होने से परेशान रहेगा, लेकिन आप अपनी इनकम को बढ़ाने के प्रयासों में तेजी लाएंगे। रोजगार की तलाश में भटक रहे लोगों को कोई खुशखबरी सुनने को मिल सकती है। जीवनसाथी का सहयोग व सानिध्य आपको भरपूर मात्रा में मिलेगा।

### शब्दजाल - 7898

| | | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| बं | म | म | म | न | च | ली | क | म | ल | म |
| म | वा | ब | लि | दा | न | म | मौ | स | ल | न |
| र्या | ह | म | र | ते | द | म | त | क | य | की |
| दा | ब | बं | र | दे | म | ब | द | ल | श | आं |
| म | इ | म | म | सं | व | क | श | र | मं | खें |
| हा | म | म | ई | म | र | क | स | ना | जि | ज |
| रा | बं | द | श | र्द | क | मं | र | द | ल | ब |
| म | र | ब | र | व | ज | सी | ग | न | प | न |
| क | म | ल | ज | इं | बा | री | ऐ | ल | प | र |
| क | शा | ल | म | बू | डि | स | म | ब | पां | जा |
| का | ल | बं | ध | न | क | या | म | ग | प | डे |

*शब्द जाल में 'म' नाम से शुरु होनेवाली 10 फिल्मों के नाम ढूंढिए.नाम उपर से नीचे, नीचे से उपर, दाएं से बाएं एवं तिरछे भी हैं.*

मंजिल, मर्यादा, मदर इंडिया, मर्द, मशाल, मरते दम तक, मकसद, मनचली, मंगल पाडे, मन की आंखें.

### शब्दजाल - 7897 का हल

| | | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| प्र | उ | त्त | र | प्र | दे | श | ब | ना | क | प्र |
| ती | क | ती | ति | ल | क | व | जी | ग | कृ | गु |
| के | ड़ | रा | त | त | मि | ल | ना | डु | आ | ज |
| र | क | के | ज | ज | जा | पु | का | प्र | प | रा |
| ल | प्र | क | को | स्था | ग | प्र | अ | प्र | श | त |
| झ | झा | का | प्र | ल | न | ह | झ | दे | ना | ण |
| घ | र | ती | श | षी | म | प्र | प्र | से | क | क |
| ला | खं | क | ता | तै | ई | ध्य | ब | र्ना | फ | लो |
| श | ड | प्र | बि | हि | म | ई | ट | प्र | री | प |
| प | जा | द | र | हा | प | क | जी | उ | ड़ी | सा |
| प | प्र | क | क | प्र | र | है | या | रा | बा | प्र |

Jagrutidaur.com, Bangalore

### फिल्म वर्ग पहेली- 6842



**ऊपर से नीचे:-**

१. अमिताभ, श्रीदेवी की 'मैं तुझे कबूल' गीत वाली फिल्म-२,३
२. 'जीवन चलने का नाम' गीत वाली मनोज, जया की फिल्म-२
४. फिल्म 'आनंद' में आनंद की शीर्षक भूमिका किसने की थी?-३.२
५. शशिकपूर, शबाना की 'दिल में तुझे बिठाके' गीत वाली फिल्म-३
६. अमरीशपुरी पर फिल्माये 'ये दुनिया एक दुल्हन' गीत वाली फिल्म-४
७. 'मंदिर में ना मस्जिद' गीत वाली फिल्म-५
१३. धर्मेन्द्र, वहीदा, जया की 'कब माने हो दिल के दीवाने' गीत वाली फिल्म-३
१५. 'हम जब सिमट' गीत वाली शशि, साधना, शर्मिला टैगोर की फिल्म-२
१७. देवानंद, गीत बाली की 'ठंडी हवाएं लहरा के आएं' गीत वाली फिल्म-४
१८. नायक के रूप में अनिल कपूर की पहली फिल्म-३
१९. 'नींद कभी रहती थी' गीत वाली विश्वजीत, माला सिन्हा की फिल्म-३
२०. मनोजकुमार, नंदा की 'काले हैं तो क्या हुआ' गीत वाली फिल्म-४
२३. 'किताबें बहुत सी' गीत वाली फिल्म-४
२६. सर्वश्रेष्ठ फिल्म का राष्ट्रीय पुरस्कार प्राप्त एक हिंदी फिल्म-३
२८. सनी, तब्बू, रीमा सेन की 'जो प्यार तुमने' गीत वाली फिल्म-२
२९. 'खोया है तूने' गीत वाली लक्की अली, गौरी कार्णिक की फिल्म-२

**बायें से दायें:-**

१. 'तेरे बिना तेरे बिना' गीत वाली फरदीन, करीना की फिल्म-२
३. 'ये प्यार यार क्या है' गीत वाली फिल्म-३
६. 'ओ सजना बरखा बहार आई' गीत किस फिल्म का है?-३
८. अमिताभ, अजय, अक्षय, ऐश्वर्या की फिल्म-२
९. 'घर आजा परदेसी' गीत वाली सनी, अमीषा की फिल्म-३
१०. अक्षय, करीना की 'तुने कहा जबसे हाँ' गीत वाली फिल्म-३
११. 'रूठे सैंया हमारे सैंया' गीत वाली धर्मेंद्र, शर्मिला की फिल्म-३
१२. रणधीर कपूर, रेखा की फिल्म-३
१४. 'तेरी गलियों में ना रखेंगे कदम' गीत किस फिल्म का है?-३
१६. बॉबी, मनीषा, काजोल की फिल्म-२
१७. 'पल्लो लटके' गीत वाली फिल्म-३
१९. दिलीपकुमार, निम्मी की 'दिल में छुपाके' गीत वाली फिल्म-२
२१. 'जो भी कसमें' गीत वाली डीनो मोरिया, बिपाशा की फिल्म-२
२२. धर्मेन्द्र, हेमा की 'राजा ना जा' गीत वाली फिल्म-३
२४. 'रूकी रूकी सी जिंदगी' गीत वाली फिल्म-२
२५. राजकुमार, प्रिया राजवंश की फिल्म-३
२७. 'संडे की रात थी' गीत वाली गोविंदा, रवीना की फिल्म-३
२८. राहुल, दीपक, पूजा भट्ट की 'मेरे दिल का पता' गीत वाली फिल्म-३
३०. 'जिंदगी आ रहा' गीत वाली की फिल्म-३
३१. विनोद, डैनी, मौसमी की 'संसार है एक नदिया' गीत वाली फिल्म-३
३२. 'तू मेरे सामने' गीत वाली फिल्म-२

### फिल्म वर्ग पहेली - 6841

| | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| गे | ड | | बॉ | बी | | श्र | ग | र | त |
| टी | | अ | क्स | | फ | ग | ज | | ला |
| | कु | द | र | त | | बी | | जो | श्र |
| आ | | ना | | म | र्द | | जं | ग | |
| द | म | न | | त्रा | | | जी | न | त |
| मी | | सा | थी | | म | द | र | | ह |
| | वि | मी | | अ | वा | म | | शू | ल |
| ही | र | | रू | दा | ली | | जै | | का |
| | स | नी | | ल | | फ | की | र | |
| जी | त | | सौ | त | न | | | जा | ल |

Jagrutidaur.com, Bangalore

### शब्द पहेली - 8366



**बाएँ से दाएँ**

1. इच्छा, मन्नत-2
3. आश्रय, शरण-3
6. ठाठ-बाट-2
8. प्रकार-3
10. आवरण-3
12. तीर्थ, धार्मिक यात्रा-3
14. ख्वाब, स्वप्न-3
17. घर, आवास-3
19. लोच-3
21. भस्म, खाक-2
23. निगाह, दृष्टि-3
25. संबोधन-2
26. देवर्षि-3
28. तिजोरी-3
30. तरंग, हिलोर-3
32. गुंडा, बदमाश-3
35. अनुकृति-3
37. नाप करना-3
39. थोड़ा-2
40. उल्टी, कै-3
41. मां के पिता-2

**ऊपर से नीचे**

1. सप्तम, सातवां-2
2. पृथ्वी, वसुंधरा-3
4. घ्राणेंद्रिय-2
5. वासना, लालसा-3
7. खुमार, सरूर-2
9. रनिवास (उर्दू-3)
11. चतुर, तेज-3
13. थकावट-3
15. नृत्य करना-3
16. कुल, खानदान, वंश-3
18. पुराना जुकाम-3
20. कटि, शरीर का मध्यांग-3
22. ईमामदस्ता-3
24. नकद राशि, रोकड़-3
27. जलने की क्रिया-3
29. रवानगी, विदा होना-3
31. राशि, धन-3
33. आलेप करना, पोतना-3
34. रहस्य-2
36. बुरी आदत-2
38. अनेक प्रकार-2

### शब्द पहेली -8365 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| श | ब | | ता | | य | | लॉ | क |
| रा | | ला | ल | | श | ह | | हा |
| ब | से | रा | | सा | | क | स | र |
| | ना | | आ | स | रा | | र | |
| अ | ना | मि | का | | श | रा | फ | त |
| | य | | र | ह | न | | रो | |
| म | क | र | | र | | प्रे | श | र |
| लि | | ज | मा | | आ | स | | स |
| न | र | | न | | म | | आ | ना |

Jagrutidaur.com, Bangalore

### दैनिक पंचांग

**14 मई 2025 को सूर्योदय के समय की ग्रह स्थिति**




| ग्रह स्थिति | | लग्नारंभ समय | |
|---|---|---|---|
| सूर्य | मेष में | वृष | 05.26 बजे से |
| चंद्र | वृश्चिक में | मिथुन | 07.24 बजे से |
| मंगल | कर्क में | कर्क | 09.37 बजे से |
| बुध | मेष में | सिंह | 11.54 बजे से |
| गुरु | वृष में | कन्या | 14.05 बजे से |
| शुक्र | मीन में | तुला | 16.16 बजे से |
| शनि | मीन में | वृश्चिक | 18.31 ब.से |
| राहु | मीन में | धनु | 20.47 बजे से |
| केतु | कन्या में | मकर | 22.52 बजे से |
| राहुकाल | | कुंभ | 00.38 बजे से |
| 12.00 से 1.30 | | मीन | 02.11 बजे से |
| बजे तक | | मेष | 03.42 बजे से |

**बुधवार** 2025 वर्ष का 134 वा दिन **दिशाशूल** उत्तर **ऋतु** ग्रीष्म। **विक्रम संवत्** 2082 **शक संवत्** 1946 **मास** ज्येष्ठ (दक्षिण भारत में वैशाख) **पक्ष** कृष्ण **तिथि** द्वितीया 02.30 बजे रात्र को समाप्त। **नक्षत्र** अनुराधा 11.47 बजे को समाप्त। **योग** परिघ 06.34 बजे को समाप्त। **करण** तैतिल 13.35 बजे तदनन्तर गर 02.30 बजे रात्र को समाप्त। **चन्द्रायु** 16.2 घण्टे **रवि क्रान्ति** उत्तर 18° 38' **सूर्य** उत्तरायन **कलि अहर्गण** 1872344 **जूलियन दिन** 2460809.5 **कलियुग संवत्** 5125 **कल्पारंभ संवत्** 1972949123 **सृष्टि ग्रहारंभ संवत्** 1955885123 **वीरनिर्वाण संवत्** 2551 **हिजरी सन्** 1446 **महीना** जिल्काद **तारीख** 15

| दिन का चौघड़िया | | रात का चौघड़िया | |
|---|---|---|---|
| लाभ | 05.54 से 07.22 बजे तक | उद्वेग | 05.41 से 07.12 बजे तक |
| अमृत | 07.22 से 08.51 बजे तक | शुभ | 07.12 से 08.44 बजे तक |
| काल | 08.15 से 10.19 बजे तक | अमृत | 08.44 से 10.16 बजे तक |
| शुभ | 10.19 से 11.47 बजे तक | चर | 10.16 से 11.47 बजे तक |
| रोग | 11.47 से 01.16 बजे तक | रोग | 11.47 से 01.19 बजे तक |
| उद्वेग | 01.16 से 02.44 बजे तक | काल | 01.19 से 02.51 बजे तक |
| चर | 02.44 से 04.12 बजे तक | लाभ | 02.51 से 04.23 बजे तक |
| लाभ | 04.12 से 05.41 बजे तक | उद्वेग | 04.23 से 05.54 बजे तक |

**चौघड़िया शुभाशुभ- शुभत्व श्रेष्ठ** शुभ, अमृत व लाभ, **मध्यम** चर, **अशुभ** उद्वेग, रोग व काल। सभी समय भारतीय मानक समय की मध्य रेखा बिन्दु के आधार पर है अत: आप अपने स्थानीय समयानुसार ही देखें। Jagrutidaur.com, Bangalore

### प्रसंगत: कछुए की चतुराई

एक कछुए ने राजा का कोई अपराध किया। राजा उसको कड़ी से कड़ी सजा देना चाहता था। राजा ने कछुए को उल्टा लटकाने का हुक्म दिया। सुनकर कछुए ने कहा- उल्टे लटकने से तो मुझे बड़ा माजा आएगा। मैं चाहता ही था कि सर्दी में मेरे पेट पर धूप लगे। कछुए का बात सुनकर राजा सोच में पड़ गया कि अगर उल्टे लटकने से कछुए को अच्छा लगता है तो यह सजा कैसे हुई? उसने हुक्म दिया कि कछुए का पीठ पर दनादन कोड़े बरसाए जाएं। यह हुक्म सुनकर कछुआ और भी खुश होकर बोला- वाह, यह तो और बहुत अच्छा होगा। इससे ते मेरी पीठ और मजबूत हो जाएगी। कछुए की बात सुनकर राजा ने अपना इरादा बदल दिया उसने कछुए को पानी में फिंकवाने का फैसला किया। कछुआ चिल्लाया- नहीं, नहीं। कुछ भी करो, लेकिन मुझको पानी में मत फेंको। पानी तो बहुत ठंड़ है। सर्दी के मारे मेरी जान ही निकल जाएगी। राजा ने कछुए की एक नहीं सुनी। कछुआ पानी में फेंक दिया गया। राजा खुश था कि आखिर उसने कछुए को सही सजा दी। कछुआ भी खुश था कि वह अपने घर वापस पहुंच गया।

### सूडोकु नवताल- 7151

★★★★★ कठिनतम

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | 2 | | | | | 4 |
| | | | 6 | | | | | 1 |
| | 5 | | 8 | | | 2 | | 3 |
| | | 7 | | | | | 6 | |
| | | | | | | | | |
| | 3 | | | | | 8 | | |
| 1 | | 6 | | | 3 | | 7 | |
| 2 | | | | | 5 | | | |
| 8 | | | | | 4 | | | |

Jagrutidaur.com, Bangalore

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते .
- पहेली का केवल एक ही हल है.

### सूडोकु नवताल -7150 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 6 | 5 | 4 | 3 | 1 | 9 | 7 | 2 | 8 |
| 7 | 2 | 3 | 5 | 8 | 4 | 9 | 6 | 1 |
| 8 | 9 | 1 | 7 | 2 | 6 | 3 | 4 | 5 |
| 1 | 7 | 2 | 8 | 3 | 2 | 5 | 9 | 4 |
| 4 | 3 | 8 | 9 | 6 | 5 | 1 | 7 | 6 |
| 5 | 6 | 9 | 4 | 7 | 1 | 8 | 3 | 2 |
| 2 | 8 | 7 | 1 | 4 | 3 | 6 | 5 | 9 |
| 9 | 1 | 6 | 2 | 5 | 7 | 4 | 8 | 3 |
| 3 | 4 | 5 | 6 | 9 | 8 | 2 | 1 | 7 |

## शेयर बाजार में भारी गिरावट

मुम्बई। भारतीय शेयर बाजार मंगलवार को भारी गिरावट पर बंद हुआ। सप्ताह के दूसरे ही कारोबारी दिन बाजार में गिरावट का कारण दुनिया भर से मिले कमजोर संकेतों के साथ ही आईटी के अलावा दिग्गज कंपनियों के शेयरों में बिकवाली हावी होना रहा। दिन भर के कारोबार के बाद 30 शेयरों वाला बीएसई सेंसेक्स 1281.68 अंकों 1.55 फीसदी की गिरावट के साथ ही 81,148.22 अंकों पर बंद हुआ। वहीं इसी प्रकार 50 शेयरों वाला एनएसई निफ्टी भी 346.35 अंकों 1.39 फीसदी की बड़ी गिरावट के साथ ही 24,578.35 अंकों पर बंद हुआ। वहीं गत दिवस बाजार भारी तेजी के साथ




बंद हुआ था। आज सेंसेक्स की 30 में से केवल 5 कंपनियों के शेयर ही बढ़त पर बंद हुए वहीं 25 कंपनियों के शेयरों में गिरावट रही। इसी प्रकार निफ्टी के 50 में से में केवल 14 कंपनियों के शेयर ही बढ़त पर बंद हुए। बाकी की 35 कंपनियों के शेयरों में जबरदस्त गिरावट रही। एक कंपनी का शेयर बिना किसी गिरावट के बंद हुआ। सेंसेक्स की कंपनियों में शामिल सनफार्मा ओर इंफोसिस के शेयरों में सबसे ज्यादा 0.99 फीसदी की बढ़त जबकि इंफोसिस के शेयरों में सबसे ज्यादा 3.57 फीसदी की गिरावट रही। बजार में आई इस गिरावट का कारण मुनाफासूली को बताया जा रहा है। भारत और पाकिस्तान के बीच युद्ध विराम के बाद सोमवार को भारतीय बाजार में भारी तेजी दर्ज की गई। वहीं इसी कारण मंगलवार को निवेशक मुनाफावसूली करते दिखे, जिसकी वजह से बाजार नीचे आ गया। अमेरिका और चीन द्वारा शुल्क कम करने और आर्थिक रूप से सहयोग करने से वैश्विक बाजार बेहतर हुआ है पर इसका भारतीय बाजारों में एकदम से प्रभाव नहीं पड़ेगा। वहीं इससे पहले आज सुबह बाजार गिरावट पर खुले। सेंसेक्स 180 अंक गिरकर 82,249.60 पर खुला। सुबह शुरुआत के बाद 471.58 अंक की गिरावट लेकर 81,958.32 पर कारोबार कर रहा था। इसी तरह निफ्टी50 भी गिरावट के साथ 24,864.05 अंक पर खुला। सोमवार को यह 24,924.7 अंक के स्तर पर बंद हुआ था। सुबह शुरुआत के बाद यह 121.75 अंक की गिरावट लेकर 24,802.95 पर कारोबार कर रहा था। इस बीच मेरिका-चीन व्यापार समझौते के बाद वॉल स्ट्रीट में तेजी आने के बाद मंगलवार को एशियाई बाजारों में तेजी आई। जापान के निक्केई में 2.17 फीसदी की उछाल आई और टॉपिक्स में 1.77 फीसदी की बढ़त दर्ज की गई। दक्षिण कोरिया का कोस्पी 0.13 फीसदी बढ़ा। ऑस्ट्रेलिया का एएसएक्स 200 0.71 फीसदी बढ़ा।

## भारत ने अमेरिका पर जवाबी शुल्क लगाने का प्रस्ताव रखा

नई दिल्ली। भारत ने अमेरिकी शुल्क के जवाब में विश्व व्यापार संगठन (डब्ल्यूटीओ) के मानदंडों के तहत सोमवार को अमेरिका पर जवाबी शुल्क लगाने का प्रस्ताव रखा। डब्ल्यूटीओ ने बयान में कहा कि इस से अमेरिका में उत्पादित स्टील व एल्युमीनियम उत्पादों के आयात पर 7.6 अरब अमरीकी डॉलर का असर पड़ेगा। भारत द्वारा रियायतों के प्रस्तावित निलंबन के परिणामस्वरूप अमेरिका में उत्पादित उत्पादों से समान शुल्क वसूला जाएगा। अमेरिका ने पिछले साल मार्च में शुल्क लागू किया था, जिसे यह साल बढ़ा दिया गया था। मंगलवार, मेटल कंपनियों के शेयर फोकस में हैं। हिंडाल्को इंडस्ट्रीज लिमिटेड, जेएसडब्ल्यू स्टील लिमिटेड, हिंदुस्तान जिंक लिमिटेड और टाटा स्टील के शेयरों में आज उतार-चढ़ाव देखा गया। वेदांता और टाटा स्टील में मामूली तेजी देखी गई, जबकि सेल के शेयरों में गिरावट देखी गई। अमेरिका ने आठ मार्च, 2018 को कुछ स्टील और एल्युमीनियम उत्पादों पर क्रमश 25 प्रतिशत और 10 प्रतिशत मूल्यानुसार शुल्क लगाकर सुरक्षा उपाय लागू किए थे। यह 23 मार्च, 2018 को लागू हुआ था, जिसे जनवरी 2020 में बढ़ा दिया गया था। इस वर्ष 10 फरवरी को अमेरिका ने स्टील व एल्युमीनियम उत्पादों के आयात पर सुरक्षा उपायों में फिर से संशोधन किया, जो 12 मार्च 2025 से प्रभावी हुआ और इसकी अवधि असीमित है। अमेरिका ने अब 25 प्रतिशत शुल्क लगा दिया है।

## वैश्विक स्तर पर मुक्त व्यापार संकट में है-विश्व व्यापार प्रमुख

तोक्यो। विश्व व्यापार संगठन की प्रमुख नगोजी ओकोंजो-इवेला ने मंगलवार को जापान के प्रधानमंत्री शिगारू इशिबा से मुलाकात की। इवेला ने कहा कि वैश्विक स्तर पर मुक्त व्यापार संकट में है। विश्व व्यापार संगठन (डब्ल्यूटीओ) की महानिदेशक ने इशिबा से कहा कि खुले बाजारों में अग्रणी होने के नाते उन्हें जापान से काफी उम्मीदें हैं, क्योंकि अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप अपने तेजी से बदलते शुल्क एवं अन्य नीतियों के साथ विश्व वाणिज्य को बाधित कर रहे हैं। उन्होंने कहा ?कि व्यापार वर्तमान में बेहद चुनौतीपूर्ण समय का सामना कर रहा है और यह काफी कठिन है। जापान के विदेश मंत्रालय ने उनके हवाले से कहा ?कि हमें इस संकट का इस्तेमाल हमारे सामने मौजूद चुनौतियों को हल करने के अवसर के रूप में करना चाहिए और व्यापार में नए रुझानों का लाभ उठाना चाहिए। उन्होंने कहा कि बहुपक्षीय व्यापार प्रणाली के अग्रणी के तौर पर जापान को विश्व व्यापार संगठन को बनाए रखने, मजबूत करने तथा बेहतर बनाने में मदद करनी चाहिए। यह मुलाकात इसलिए भी महत्वपूर्ण है क्योंकि अमेरिका और चीन ने हाल ही में एक-दूसरे पर लगाए गए भारी शुल्क में से अधिकतर पर 90 दिन की रोक लगाने को लेकर दोनों देशों के बीच सहमति बनने की सोमवार को घोषणा की थी। जापान उन देशों में से है जो अभी तक अमेरिकी प्रशासन के साथ मोटर वाहन, इस्पात तथा एल्युमीनियम सहित शुल्क में बढ़ोतरी पर कोई समझौता नहीं कर पाए हैं। जापानी अधिकारियों ने बताया कि ओकोंजो-इवेला बहुपक्षीय व्यापार प्रणाली को बनाए रखने और सुदृढ़ करने के लिए जापान तथा विश्व व्यापार संगठन के बीच सहयोग को मजबूत करने के लिए जापान की यात्रा पर हैं। ओकोंजो-इवेला का विदेश मंत्री ताकेशी इवाया, वित्त मंत्री कात्सुनोबु काटो और अर्थव्यवस्था, व्यापार एवं उद्योग मंत्री योजी मुटो से भी मिलने का कार्यक्रम है।

# कब होगा पूर्ण जल जीवन मिशन का कार्य, 2025 में भी नहीं मिल पाया घरों में नल से जल







लांजी ( पद्मेश न्यूज )। लांजी क्षेत्र के विभिन्न ग्रामों में नल जल मिशन योजना अन्तर्गत घर घर नल से जल पहुंचाने का कार्य किया जा रहा है, किन्तु विभागीय एवं ठेकेदार की निष्क्रियता के चलते क्षेत्र के अधिकांश ग्रामों नल जल योजना का कार्य पूर्ण नहीं हो पाया है एवं लोगों को इस भीषण गर्मी में भी दूर दराज से अन्य माध्यमों से जल आपूर्ति करना पड़ रहा है। प्रधानमंत्री मोदी जी की जनहितैषी जल जीवन मिशन योजना जिसमें 2024 तक सभी घरों में नल के माध्यम से पानी उपलब्ध कराना था, किन्तु 2025 की भी गर्मी बीतने को आ गई, किन्तु क्षेत्र के अधिकांश गांवों में 50 प्रतिशत कार्य भी पूर्ण नहीं हो पाया है। अनेक ग्रामों में पाईप लाईन डाली जा चुकी है लेकिन कनेक्शन नही हुआ है, कहीं मोटर पंप डल चुका है तो विद्युत सप्लाई नही दी गई है कई जगह तो मोटर पंप एवं पाईप लाईन डल चुकी है लेकिन जल सेवा प्रदान नही की गई है तथा ऐसे भी अनेकों ग्राम है जहां पाईप लाईन बिछाने के लिये सड़के काटी गई है लेकिन उन्हे दुरूस्त नही किया गया है। इन सभी समस्याओं को देखते हुये ग्रामीण जन अब परेशान हो चुके है कि यह कैसी योजना है जो कि परेशानी का कारण लेकर आई है। इस योजनाओं पर सीधे सीधे ठेकेदार एवं विभाग पलीता लगा रहे है जो कि ना तो ठेकेदार सुचारू रूप से कार्य कर रहे है और ना ही विभाग इन ठेकेदारों से सही माप दण्ड में कार्य ले पा रहे है जिसका खामियाजा आम जनता भुगत रही है। ऐसा ही एक मामला जनपद पंचायत लांजी अन्तर्गत ग्राम पंचायत मनेरी का सामने आया है जहां ठेकेदार के द्वारा आज दिनांक नल जल योजना प्रारंभ नही कर पाया है और ना ही विभाग इस ओर कोई ध्यान दे रहा है।

## भारत सरकार की महत्वकांक्षी योजना पर पलीता लगा रहे ठेकेदार

भारत सरकार की महत्वकांक्षी योजना जल जीवन मिशन जिसके अन्तर्गत प्रत्येक घर में नल के माध्यम से जल पंहुचाने कार्य किया जाना है लेकिन इस इस योजना को संबधित ठेकेदार एवं विभाग पलीता लगाने में कोई कसर नही छोड रहे है। क्षेत्र की अनेकों पंचायते है जहां पर जल जीवन मिशन का कार्य पूर्ण नही हुआ उसके बावजुद भी विभाग ध्यान नही दे रहा है एवं ग्रामीण पानी के लिये तरस रहे है। जनपद पंचायत लांजी के अन्तर्गत ग्राम पंचायत मनेरी 1 में जल जीवन मिशन के तहत 86.56 लाख रूपये तथा मनेरी -2 में 77.25 लाख रूपये की लागत से योजना के तहत निर्माण कार्य किया जाना था जिसके लिये 23 अगस्त 2021 को ठेकेदार के द्वारा अनुबंध कर कार्य प्रारंभ किया गया जिसे 1 वर्ष की अवधि में ठेकेदार के द्वारा पूर्ण किया जाना था किन्तु मई 2025 में भी कार्य पुण नही हो पाया है एवं ग्रामीणों को नल के माध्यम से जल नसीब नही हो पा रहा है।

## अधिकारी को शिकायत करने पर भी नहीं हो रहा कार्य- सरपंच श्रीमती सहारे

उक्त संबध में ग्राम पंचायत मनेरी की सरपंच श्रीमती मनीषा सुभाष सहारे ने बताया कि कई वर्षो से ग्राम में नल जल योजना का कार्य किया जा रहा है जो कि आज भी अपूर्ण है किसी भी प्रकार से पानी ग्रामीणों को नल जल योजना के तहत नही मिल पा रहा है। ग्राम में 20 वार्ड है लगभग 3000 की आबादी वाला क्षेत्र है जिन्हे अब तक पेयजल हेतु शुद्ध जल उपलब्ध नही हो पा रहा है। अधिकतर घरों के लोग कुंए या हैण्ड पंप से पानी भरने को मजबूर है जबकि जल जीवन मिशन के तहत कार्य पूर्ण हो जाता तो संपूर्ण ग्राम वासियों को सुविधाऐं मिल जाती है। इस संबंध में अधिकारी को शिकायत के बावजूद भी कार्य ठंडे बस्ते में हैं। ऐसा प्रतीत होता है कि ठेकेदार शासन की योजनाओं पर पलीता लगाने का ही कार्य रहे है। मेरे द्वारा ठेकेदार एवं विभागीय अधिकारियों से कई बार कहा गया है लेकिन वे लोग ध्यान नही दे पा रहे है। जिसके फलस्वरूप ग्रामीणों को पानी नसीब नही हो पा रहा है।

## कार्य नहीं करने वाले ठेकेदारों पर की जा रही कार्यवाही - रविन्द्र हट्टेवार एसडीओ पीएचई

उक्त संबध में एसडीओ पीएचई रविन्द्र हट्टेवार से चर्चा की गई तो आपने बताया कि मनेरी ही नही अपितू जहां जहां नल जल योजना का कार्य प्रारंभ है या संपन्न नही हो पाया है उन सभी ठेकेदारो को कार्यालयीन नोटिस जारी किये जा चुके है कि आपके द्वारा किये जा रहे कार्य प्रगतिरथ नही है समय अधिक हो चुका है आप अतिशिघ्र कार्य पूर्ण करे अन्यथा नियमानुसार कार्यवाही कर ठेकेदार को ब्लेक लिस्टेड किया जा रहा है एवं शीघ्र कार्य पूर्ण नहीं किए जाने की दशा में अनुबंध निरस्त कर अन्य ठेकेदारों के माध्यम से कार्य कराया जाएगा।

# निर्माण इंस्टीट्यूट ऑफ कंप्यूटर टेक्नोलॉजी का परीक्षा परिणाम रहा शत-प्रतिशत




लांजी (पद्मेश न्यूज)। नगर के आमगांव मार्ग में संचालित माखन लाल चतुर्वेदी राष्ट्रीय पत्रकारिता एवं संचार विश्वविद्यालय भोपाल से मान्यता प्राप्त संस्थान निर्माण इंस्टीट्यूट ऑफ कंप्यूटर टेक्नोलॉजी ने सत्र 2024-25 के डीसीए एवं पीजीडीसीए डिप्लोमा कोर्स का परीक्षा परिणाम घोषित किया गया जो कि शत-प्रतिशत रहा।संस्थान के डायरेक्टर प्रणय कुमार ने कहा कि निर्माण इंस्टीट्यूट ऑफ़ कंप्यूटर टेक्नोलॉजी लांजी शुरू से ही गुणवत्तापूर्ण व्यवसायिक शिक्षा और विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास पर जोर देता आया है। उन्होंने सभी सफल विद्यार्थियों को बधाई देते हुए कहा कि उनकी मेहनत और शिक्षकों के मार्गदर्शन से यह शानदार उपलब्धि हासिल हुई है। उन्होंने छात्रों को आगे भी इसी तरह मेहनत करने और नई ऊंचाइयों को छूने एवं विश्वविधालय के टॉप 10 में आने के लिए प्रेरित किया। संस्थान के सभी शिक्षको ने भी विद्यार्थियों की सफलता पर हर्ष व्यक्त किया और उन्हें उज्जवल भविष्य के लिए शुभकामनाएं दीं।निर्माण इंस्टीट्यूट ऑफ कंप्यूटर की इस सफलता पर विधायक राजकुमार कर्राहे, शासकीय महाविद्यालय लांजी के प्राचार्य रेवाराम सोनवाने, भूतपूर्व वायुसैनिक राजेंद्र रामटेककर एवं लांजी सामाजिक कार्यकर्ता विशाल खोंगल ने 100 प्रतिशत परिणाम प्राप्त करने पर बधाई प्रदान करते हुए कहा कि यह एक शानदार उपलब्धि है और आपकी कड़ी मेहनत और लगन ने निश्चित रूप से रंग दिखाया है। आगे भी आपको बहुत-बहुत शुभकामनाएं।

# बुद्ध घोष बुद्ध विहार दखनीटोला में मनाई गई बुद्ध पूर्णिमा







लांजी (पद्मेश न्यूज)। बुद्ध पूर्णिमा के अवसर पर 12 मई को बुद्ध घोष बुद्ध विहार दखनीटोला लांजी में भारतीय बौद्ध महासभा तहसील शाखा लांजी, नगर शाखा लांजी, प्रज्ञा महिला मंडल नगर व तहसील शाखा लांजी के संयुक्त तत्वाधान में भगवान बुद्ध की 2569 वी जयंती समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में विनोद भिमटे उपस्थित रहे जिन्होंने बुद्ध घोष बुद्ध विहार दखनीटोला लांजी के लिए भगवान बुद्ध की चार फीट ऊंची प्रतिमा प्रदान की। कार्यक्रम का शुभारंभ सर्वप्रथम मूर्ति दानदाता विनोद भीमटे एवं अरुण भीमटे द्वारा भगवान बुद्ध की प्रतिमा का फीता काटकर अनावरण किया गया तत्पश्चात संस्कार कर्ता आनंद रामटेके द्वारा त्रिशरण पंचशील बुद्ध वंदना, धर्म वंदना व संघ वंदना का संघायन किया गया। पूजा वंदना के पश्चात मंचीय कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में विनोद भिमटे सामाजिक कार्यकर्ता रायपुर उपस्थित रहे। इनके अतिरिक्त के के भलाधारे सचिव भारतीय बौद्ध महासभा जिला बालाघाट, पी डी भालाधरे संगठन भारतीय बौद्ध महासभा जिला बालाघाट, पी के भीमटे अध्यक्ष भारतीय बौद्ध महासभा तहसील लांजी, एम के बौद्ध पूर्व अध्यक्ष भारतीय बौद्ध महासभा लांजी, सुरेंद्र कुमार बोरकर प्रभारी प्राचार्य शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय लांजी, धर्मशिला मेश्राम अध्यक्ष प्रज्ञा महिला मंडल लांजी, शशि बौद्ध प्रज्ञा महिला मंडल तहसील शाखा लांजी, कमल मेश्राम अध्यक्ष नगर शाखा लांजी, अरुण भीमटे शिक्षक व सामाजिक कार्यकर्ता, वंतिका मेश्राम भूमि दानदाता, आशा ताई बोरकर पूर्व अध्यक्ष प्रज्ञा महिला मंडल लांजी, सरोज गजभिए पूर्व अध्यक्ष प्रज्ञा महिला मंडल लांजी मंचासीन रहे। विश्व को समानता व मानवता का संदेश देने वाले भगवान बुद्ध की जयंती के अवसर पर आनंद रामटेके द्वारा भारतीय संविधान की उद्देशिका का वाचन किया गया। अतिथि वक्ताओं में पी डी भालाधरे द्वारा आज के दिन का महत्व पर चर्चा की गई। के के भालाधरे द्वारा बुद्ध के दुख मुक्ति के मार्ग पर अपनी बात रखी गई। धीरज बहाने सर्कल अध्यक्ष नेवरवाही द्वारा त्रिगुण पावन पूर्णिमा की महत्व की बात कही। एम के बौद्ध व शशि बौद्ध द्वारा एक प्रेरणादाई गीत प्रस्तुत किया गया। इसके अलावा दयाल रंगारी सचिव संस्कार भारतीय बौद्ध महासभा तहसील लांजी, कैलाश वैद्य, सुशीला मेश्राम द्वारा त्रिगुण पावन पूर्णिमा पर प्रेरणादायक गीतों की प्रस्तुति दी गई। कार्यक्रम में वीरेंद्र हुमने महासचिव नगर शाखा लांजी द्वारा महाबोधि महाविहार मुक्ति आंदोलन का ज्ञापन पढ़कर सुनाया गया जिस पर सभी उपस्थितों द्वारा हस्ताक्षर कर सहमति प्रकट की गई। उत्तरा पवन टेंबुरकर ग्राम चिखली निवासी द्वारा समिति को 500 रूपये का दान किया गया। कार्यक्रम का सफल संचालन वह आभार प्रदर्शन पी आर गजभिए महासचिव भारतीय बौद्ध महासभा तहसील शाखा लांजी द्वारा किया गया। कार्यक्रम में महेश मेश्राम, कमलेश गजभिए, सूर्यकांत मड़ामे, सुजीत भालेकर, संतोष वैद्य, प्रमोद बंसोड़, जागेश्वर चौरे, इंद्रजीत अहिरवार, उज्जवल मेश्राम, प्रेमदास बागड़े, शकुंतला भीमटे, नमिता मेश्राम, पदमा चौरे, छाया मडामे, रेखा चौरे, पार्वती रामटेके, मुकेश बोंबर्डे, इंदिरा भालाधरे, रेखा बोंबर्डे, नेहा बागडे, समिता बोरकर, कृष्णा बोरकर, पूर्णिमा बोरकर, दीक्षा गजभिए, संतोष बोरकर, कपिल मड़ामे, प्रियंका मेश्राम एवं अन्य उपासक उपाशिकाएं सम्मिलित रहे।

# मोटरसाइकिल स्लिप होने से दीपेश वाघाड़े घायल



वारासिवनी(पद्मेश न्यूज)। वारासिवनी पुलिस थाना अंतर्गत ग्राम नेवरगांव वॉ के चौक पर १२ मई की रात में मोटरसाइकिल अनियंत्रित होने से २३ वर्षीय दीपेश वाघाडे गंभीर रूप से घायल हो गया। जिसे परिचितों के द्वारा सिविल अस्पताल में भर्ती कराया गया जहां उसका उपचार जारी है। प्राप्त जानकारी के अनुसार दीपेश पिता हरिचंद वाघाड़े २३ वर्ष नगझर निवासी अपने रिश्तेदार के घर ग्राम पंचायत कायदी में गया हुआ था जहां से वह सोमवार की रात वापस कायदी से नगझर जा रहा था। इस दौरान नेवरगांव वॉ के चौक पर सामने से भारी वाहन की लाइट में सड़क ना दिखने पर मोटरसाइकिल अनियंत्रित होकर स्लिप हो गई। जिसमें वह गंभीर रूप से घायल हो गया जिसकी सूचना उसके द्वारा तत्काल अपने परिवार सहित दोस्तों को दी गई। जिन्होंने मौके से उसे उठाकर तत्काल सिविल अस्पताल वारासिवनी में लाकर भर्ती किया जहां उसका उपचार जारी है। इस दुर्घटना में उसके हाथ पैर सर सहित शरीर के विभिन्न हिस्सों में चोटे आई है।

# विवाह समारोह में शामिल होने गये आंनद वासनिक की मोटर साइकिल हुई चोरी

अमई/वारासिवनी(पद्मेश न्यूज)। खैरलांजी पुलिस थाना अंतर्गत ग्राम पंचायत झरिया में आयोजित विवाह समारोह में शामिल होने गये घराती आनंद वासनिक की मोटरसाइकिल अज्ञात चोरों के द्वारा चोरी कर ली गई। मामले में पीड़ित के द्वारा खैरलांजी थाने में मोटरसाइकिल गुम होने की शिकायत कर चोरों को गिरफ्तार कर मोटरसाइकिल वापस दिलाने की मांग की है। शिकायत में उल्लेखित है कि मैं आनंद पिता स्व. अनुरुद्ध वासनिक ग्राम पंचायत लालपुर तहसील वारासिवनी का रहने वाला हूं। वर्तमान में अध्यक्ष सह वनोपज समिति अमई के पद पर हूं। मैं ग्राम पंचायत झरिया लड़की तरफ से शैलेश ढोके की बेटी के विवाह समारोह में शामिल होने के लिए गया हुआ था। जहां शैलेश ढोके के घर के सामने अपनी मोटरसाइकिल रमेश शेंडे के घर के आंगन में खड़ी किया हुआ था। जहां पर वर पक्ष की बारात भेंडारा से आई हुई थी मेरी मोटर साइकिल का नंबर एमपी ५० एमएम २७०५ है जो पैशन प्रो वर्ष २०१७ का मॉडल है। गाड़ी के सामने मेरी अध्यक्ष सह वनोउपज की नेम प्लेट लगी हुई है। इस दौरान मैं विवाह कार्यक्रम में शामिल होने के बाद वापस जब घर जाने के लिए आकर मोटर साइकिल खड़े करने वाले स्थान पर देखा तो वहां मोटर साइकिल नहीं थी। जिसकी मेरे द्वारा आस पड़ोस में पूछताछ की गई और ग्राम में पतासाजी भी की गई परंतु कहीं भी किसी प्रकार की जानकारी नहीं मिली और ना ही मोटरसाइकिल मिली है। हमारी मांग है कि जल्द मोटर साइकिल चोरों को पड़कर कठोर कार्यवाही की जाए वहीं हमें हमारी मोटरसाइकिल वापस दिलाई जायें।

# आदि गुरु शंकराचार्य की जयंती पर पीजी कॉलेज में व्याख्यान माला का हुआ आयोजन

बालाघाट(पद्मेश न्यूज)। भारतीय चेतना और राष्ट्रीय एकता के आधार स्तंभ आदि गुरु शंकराचार्य की जयंती के उपलक्ष्य मंगलवार को पीजी कॉलेज बालाघाट में व्याख्यानमाला कार्यक्रम का आयोजन किया गया।




कार्यक्रम का शुभारंभ अतिथियों द्वारा आदि गुरु शंकराचार्य की प्रतिमा पर दीप प्रज्वलन कर माल्यार्पण कर किया गया। इस अवसर सामाजिक कार्यकर्ता विक्रांत साखरे ने कहा कि भारतीय चेतना और राष्ट्रीय एकता के आधार स्तंभ, सांस्कृतिक एकता एवं मानव मात्र में एकात्मता के उद्घोषक अद्वैतवाद के योद्धा 8 वर्ष की उम्र में अकेले ही गुरु की तलाश में निकल पड़े, और 12 वर्ष की उम्र में सभी शास्त्रों के व्याख्या कर , 16 वर्ष की अवस्था तक भास्यों के प्रणेता बने। आदि शंकराचार्य विलक्षण प्रतिभा के धनी थे। जिला समन्वयक सुशील बर्मन द्वारा जल गंगा संवर्धन अभियान के बारे में बताया गया और आदि गुरु शंकराचार्य ने संपूर्ण मानवता को एक सूत्र में पिरोने का कार्य किया। नंवाकुर संस्था प्रतिनिधि इशूलाल जी धावडे जी द्वारा बताया गया कि, आदि गुरु शंकराचार्य द्वारा चार मठों की स्थापना की गई। और सनातन संस्कृति के एकता के सूत्र में बाधा। कार्यक्रम में परामर्शदाता मालती बिसेन, विजय सूर्यवंशी, वर्षा परिहार, निकास एडे, रूपचंद बोरीकर, सहित बीएसडब्ल्यू, एमएसडब्ल्यू के छात्र-छात्राएं, नवांकुर संस्थाएं, प्रस्फुटन समिति के सदस्य, की उपस्थिति रही।

# जनजातीय विद्यालयों का सीबीएसई परीक्षा परिणाम रहा अतुलनीय

बालाघाट(पद्मेश न्यूज)। केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड (सीबीएसई) का परीक्षा परिणाम मंगलवार को आ चुका है। जिसमे जिले में संचालित विभिन्न केंद्रीय विद्यालयों का परीक्षा परिणाम सराहनीय रहा है। यही नही जिले जनजातीय कार्य विभाग अंतर्गत संचालित विद्यालयों का भी परीक्षा परिणाम अतुलनीय रहा है। जनजातीय कार्य विभाग से प्राप्त जानकारी अनुरूप इस वर्ष नक्सल क्षेत्रो में संचालित विशिष्ट संस्थाओ का कक्षा 10वीं का परीक्षा परिणाम 96.71 प्रतिशत तथा कक्षा 12वीं का परीक्षा परिणाम 83.78 प्रतिशत रहा है। जिसमे कक्षा 10 वीं में कन्या शिक्षा परिसर परसवाड़ा, बालाघाट एवं आदर्श आवासीय विद्यालय मलाजखंड का परीक्षा परिणाम शत प्रतिशत रहा है। वहीं एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालय बैहर एवं उकवा का परीक्षा परिणाम 92.86 प्रतिशत रहा है। इसके साथ ही कक्षा 12वीं में कन्या शिक्षा परिसर परसवाड़ा का परिणाम शत प्रतिशत रहा। जबकि कन्या शिक्षा परिसर बालाघाट का परिणाम 96 प्रतिशत, एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालय उकवा का परिणाम 90.77 प्रतिशत तथा बैहर का 82.46 प्रतिशत परीक्षा परिणाम रहा है।

लांजी में "पद्मेश"
इंटरनेट (ब्राडबेंड) कनेक्शन के लिये संपर्क करें
Mo. 8319969927

## मंत्री विजय शाह ने कर्नल सोफिया पर दिया आपत्तिजनक बयान...कहा

# जिन्होंने बहनों का सिंदूर उजाड़ा, उन्हीं की बहन को भेजकर उनकी ऐसी-तैसी करवाई

### -संगठन ने पार्टी कार्यालय बुलाकर लगाई फटकार

भोपाल। मप्र के आदिम जाति कल्याण मंत्री विजय शाह कर्नल सोफिया का हवाला देकर विवादित बयान दिया। उन्होंने कहा, जिन लोगों ने बेटियों का सिंदूर उजाड़ा था, उन्हीं की बहन भेजकर उनकी ऐसी की तैसी करवाई। मंत्री विजय शाह इंदौर के महू पहुंचे थे। उन्होंने महू में रायकुंडा गांव में आयोजित हलमा कार्यक्रम के दौरान ये बयान दिया। विजय शाह के बयान पर भाजपा संगठन ने तीखी प्रतिक्रिया दी है। अपने ही मंत्री से नाराज पार्टी आलाकमान ने उन्हें आनन-फानन में प्रदेश मुख्यालय तलब कर लिया। यहां संगठन महामंत्री ने उनसे चर्चा की। पार्टी के अंदरूनी सूत्रों के अनुसार शाह ने अपने बयान को लेकर हितानंद शर्मा से माफी मांगते हुए आगे से ऐसा नहीं करने का आश्वासन दिया है। संगठन महामंत्री से मिलने के बाद मंत्री विजय शाह भाजपा प्रदेश अध्यक्ष वीडी शर्मा से भी मिले। मंत्री शाह ने अपने बयान पर संगठन महामंत्री और प्रदेश अध्यक्ष को सफाई दी।

वहीं मंत्री विजय शाह द्वारा सेना की महिला अधिकारी कर्नल सोफिया कुरैशी को लेकर दिए अपने बयान को लेकर चौरफा घिरने के बाद उन्होंने सफाई दी है। उन्होंने कहा कि हमारी बहनों के साथ जो कुछ हुआ था उनको उनकी भाषा में जवाब दिया है। मेरे भाषण को अलग संदर्भ में ना देखा जाए। हमारी बहनों ने सेना के साथ बहुत ताकत से लडक़र बदला लिया है। विजय शाह के बयान को लेकर भाजपा प्रवक्ता राजपाल सिसोदिया का भी बयान सामने आया है। उन्होंने कहा कि-विजय शाह जी का व्यक्तिगत बयान था। उन्होंने उसको लेकर स्पष्टीकरण भी जारी कर दिया है। कर्नल सोफिया पर मंत्री विजय शाह के विवादित बोल पर विधानसभा में उप नेता प्रतिपक्ष हेमंत कटारे ने कहा कि कि विजय शाह का वक्तव्य सेना का मनोबल गिराने वाला है। निम्न स्तर की राजनीति उन्होंने की है। सोफिया कुरैशी हमारी बहन है, बेटी है। विजय शाह को देश से माफी मांगना चाहिए। पीएम मोदी को उन्हें बर्खास्त करना चाहिए।



### मंत्री शाह को बर्खास्त करें

मंत्री विजय शाह के बयान के बाद कांग्रेस ने कहा, जिस भाजपा और आरएसएस ने 50 साल तक अपने मुख्यालय में तिरंगा नहीं फहराया, उनका भारतीय ध्वज के प्रति कितना सम्मान है यह तो पूरा देश जनता है। अब वही भाजपा पूरे देश में तिरंगा यात्रा निकालने की तैयारी कर रही है। मंत्री विजय शाह विधायक की उपस्थित में ऑपरेशन सिंदूर में भाग लेने वाली और देशभर में प्रशंसा पा रहीं कर्नल सोफिया कुरैशी को लेकर बेहद आपत्तिजनक बयान दे रहे हैं। विधायक महोदया उनके भाषण की मंच पर प्रशंसा भी करती है। भाजपा की यह कैसी घृणित और दूषित मानसिकता है। कांग्रेस ने मुख्यमंत्री मोहन यादव से सवाल करते हुए कहा, मंत्री विजय शाह का यह बयान क्या भाजपा सरकार के इशारे पर दिया गया है। अगर नहीं तो शाह के साथ विधायक उषा ठाकुर पर तुरंत कार्रवाई कर बर्खास्त करें।

### 2013 में भी बिगड़े बोल बने थे इस्तीफे की वजह

यह पहली बार नहीं है जब विजय शाह की जुबान से अभद्र शब्द निकले हैं। 2013 के विधानसभा चुनावों से पहले 14 अप्रैल को उन्होंने झाबुआ में आयोजित एक सरकारी कार्यक्रम में ऐसा बयान दिया था। तब उन्होंने तत्कालीन सीएम शिवराज सिंह चौहान की पत्नी पर डबल मीनिंग टिप्पणी की थी। इस बयान ने न केवल उनकी छवि को धूमिल किया, बल्कि पार्टी की भी किरकिरी कटाई। 2013 में विवादास्पद भाषण के दौरान मंत्री विजय शाह ने मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान की पत्नी साधना सिंह को लेकर भी अभद्र टिप्पणी की। उन्होंने कहा भाषण के दौरान कहा था कि मैंने एक बार सीएम शिवराज सिंह चौहान की पत्नी से कहा कि भइया के साथ तो रोज जाती हो, कभी देवर के साथ भी चली जाया करो।

# 10वीं-12वीं में पुअर परफॉर्मेंस वाले प्राचार्य पर गिरेगी गाज!

### - 20 मई को खराब रिजल्ट की होगी समीक्षा, प्रिंसिपल से पूछा जाएगा ये सवाल

भोपाल। मध्य प्रदेश शिक्षा विभाग खराब रिजल्ट देने वाले स्कूलों पर सख्त है। 10वीं-12वीं में पुअर परफॉर्मेंस वाले स्कूलों के प्राचार्य पर गाज गिर सकती है। बोर्ड परीक्षा के खराब परिणाम को लेकर 20 मई को समीक्षा होगी। जिसमें प्रिंसिपल से सवाल पूछा जाएगा कि आखिर रिजल्ट खराब क्यों आया है। मध्य प्रदेश माध्यमिक शिक्षा मंडल ने 6 मई को 10वीं और 12वीं के रिजल्ट जारी किए। एमपी बोर्ड 10वीं की परीक्षा में प्रज्ञा जायसवाल ने टॉप किया। प्रज्ञा को 500 में से 500 अंक मिले। वहीं एमपी बोर्ड 12वीं में सतना की प्रियल द्विवेदी ने टॉप किया है। प्रियल को 500 में से 492 अंक मिले हैं। 10वीं में 76.42 फीसदी, जबकि 12वीं में 74.48 प्रतिशत स्टूडेंट्स पास हुए।

#### टॉप टेन जिले

एमपी बोर्ड रिजल्ट के टॉप 10 जिलों में नरसिंहपुर 91.91, नीमच 86.34, शाजापुर 86.11, मंडला 85.5, सीधी 84.02, शहडोल 83.63, अनूपपुर 83.51, खंडवा 83.28, मंदसौर 83.16, होशंगाबाद 83.06 प्रतिशत रहा है। हाईस्कूल परीक्षा की मेरिट लिस्ट में 212 छात्रों में से 144 लड़कियां हैं। वहीं हायर सेकेंडरी परीक्षा के 159 छात्रों की मेरिट लिस्ट में 89 लड़कियां शामिल हैं।

#### भोपाल का रिजल्ट खराब

राजधानी भोपाल का इस बार का रिजल्ट बहुत खराब रहा है। 10वीं के रिजल्ट में भोपाल 36वें स्थान और 12वीं के रिजल्ट में 33वें स्थान पर आया। भोपाल के करीब 15 शासकीय स्कूलों का रिजल्ट 50 फीसदी के नीचे रहा।

#### फरवरी से मार्च तक आयोजित की गई थी परीक्षा

आपको बता दें कि इस साल एमपी बोर्ड परीक्षा का आयोजन फरवरी से मार्च तक किया गया था। एमपी बोर्ड 10वीं की परीक्षाएं 27 फरवरी से 21 मार्च तक आयोजित की गई थीं। वहीं एमपी बोर्ड कक्षा 12वीं की परीक्षाएं 25 फरवरी से 25 मार्च तक हुई थीं। इस साल साढ़े 9 लाख से ज्यादा छात्रों ने एग्जाम दिया था।

## सर्वोदय की तर्ज पर कार्यकर्ता-विधायकों को ट्रेनिंग देगी कांग्रेस

### - एआई और सोशल मीडिया का भी प्रशिक्षण

भोपाल। मप्र कांग्रेस सर्वोदय की तर्ज पर कार्यकर्ता और विधायकों को ट्रेनिंग देगी। खुद के खर्चे पर कांग्रेस के विधायक और कार्यकर्ता ट्रेनिंग लेंगे। कार्यकर्ताओं की ट्रेनिंग 9 जून से 15 जून तक चलेगी। प्रशिक्षण के लिए तय राशि कांग्रेस कार्यकर्ता जमा करेंगे। पूर्व मंत्री पीसी शर्मा ने कहा कि- कांग्रेस की ऑडियोलॉजी और आजादी के पहले कैसे कांग्रेस कार्य करती थी यह भी बताएंगे। एआई और सोशल मीडिया की ट्रेनिंग भी दी जाएगी। यह बहुत विशेष ट्रेनिंग है और इसका लाभ कांग्रेस को बड़े स्तर पर मिलने वाला है। ट्रेनिंग कैम्प में प्रशिक्षण लेने वाले विधायकों, जिला अध्यक्षों सहित सभी नेताओं को एक निश्चित राशि बतौर पार्टी के पास जमा करनी होगी। ऑल इंडिया कांग्रेस कमेटी ट्रेनिंग डिपार्टमेंट के चीफ सचिन राव और एमपी कांग्रेस के प्रशिक्षण विभाग द्वारा ये ट्रेनिंग कैम्प आयोजित किया जाएगा। बीते दिनों भोपाल में एमपी कांग्रेस के प्रभारी हरीश चौधरी, पीसीसी चीफ जीतू पटवारी के साथ हुई बैठक में ये तय हुआ है कि पार्टी के कार्यकर्ताओं को आइडियोलॉजी के आधार पर जोडऩे के लिए विधायकों, जिलाध्यक्षों, प्रदेश पदाधिकारियों से लेकर ब्लॉक, मंडलम, सेक्टर और बूथ स्तर तक के कार्यकर्ताओं को प्रशिक्षण दिए जाएं। सबसे पहले होने वाली ट्रेनिंग में कांग्रेस पार्टी के इतिहास, राजनीतिक सफरनामे से लेकर वर्तमान में आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस के बारे में बताया जाएगा। कांग्रेस ने ट्रेनिंग मॉड्यूल तैयार किया है। इसमें प्रशिक्षणार्थियों को ये बताया जाएगा कि वर्तमान में एआई के युग में फेक न्यूज और कंटेंट और फैक्ट को कैसे पहचानें। विरोधी दल द्वारा सोशल मीडिया पर किए जाने वाले दुष्प्रचार को रोकने के तौर तरीके भी बताए जाएंगे।

#### मोबाइल मैनेजमेंट से लेकर चुनाव प्रबंधन सिखाएंगे

कांग्रेस का मानना है कि सार्वजनिक जीवन में व्यक्ति के व्यवहार और काम करने के तौर तरीके का कार्यकर्ताओं और आम जनता पर बड़ा असर पड़ता है। ट्रेनिंग में मोबाइल मैनेजमेंट, मीडिया और सोशल मीडिया मैनेजमेंट भी सिखाया जाएगा। प्रशिक्षण विभाग से जुड़े एक सदस्य ने बताया कि कई नेता अपने वॉट्सऐप पर रीड रिसिप्ट ऑन किए रहते हैं। ऐसे में जब कोई वॉट्सऐप पर मैसेज भेजता है तो यह पता नहीं चलता कि मैसेज देखा या नहीं? नेताओं के वॉट्सऐप पर प्रोफाइल फोटो, बायो पब्लिक होना चाहिए। कांग्रेस विधायकों, जिला अध्यक्षों, जिला प्रभारियों और विधानसभा प्रभारियों को ट्रेनिंग देने के लिए देश भर के अलग-अलग सब्जेक्ट एक्सपर्ट्स बुलाए जाएंगे। दो दिनों में करीब सात-आठ सत्रों में अलग-अलग विषयों पर प्रशिक्षण दिया जाएगा। कांग्रेस के संगठन प्रभारी महासचिव संजय कामले ने बताया लंबे समय से पार्टी इस बात पर विचार कर रही थी कि हमारे सभी नेतागण और कार्यकर्ता प्रशिक्षित हों।

## मप्र में कांग्रेस चलाएगी इंदिरा तेरी याद आई अभियान

भोपाल। ऑपरेशन सिंदूर की सफलता के बाद भारत-पाक के बीच चल रहे तनाव को लेकर अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के हस्तक्षेप को लेकर कांग्रेस मोदी सरकार पर सवाल उठा रही है। सीजफायर के ऐलान के बाद सोमवार रात को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के संबोधन के पहले अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के बयानों के बाद अब कांग्रेस एमपी में इंदिरा तेरी याद आई अभियान शुरू करने जा रही है। भोपाल में पीसीसी चीफ जीतू पटवारी ने कहा कि ये स्पष्ट हो गया है कि ट्रम्प ने पूरे पाकिस्तान और भारत की युद्ध की परिस्थितियों को कंट्रोल किया, जो प्रधानमंत्री का देश के नाम संदेश आया उसके पहले ट्रंप ने जिस तरह की भाषा बोली कि मुझसे व्यापार करना है तो युद्ध पर विराम लगाना होगा मेरी बात माननी होगी।



पटवारी ने कहा कि सवाल ये है कि युद्ध व्यापार के लिए तो हुआ नहीं था। आत्मसम्मान और भारत के नागरिकों की सुरक्षा के लिए हुआ। देश को देखना समझना है कि क्या ये सारी परिस्थितियां भारत के अनुकूल हुई हैं?

पटवारी ने कहा कि हमने ही दुनिया को वसुधैव कुटुंबकम और प्राणियों में सद्भावना की बात की है। कांग्रेस पार्टी की मूल रीति नीति, विचार, संस्कार, मोहब्बत और भाईचारे के रहे हैं, लेकिन देश के प्रधानमंत्री ने पिछले 10-15 साल में जो भाषण दिए कि पाकिस्तान को लव लैटर लिखना बंद करना चाहिए। उसी की भाषा में उसको जवाब देना चाहिए। ये 2014 के चुनाव के पहले उनके वक्तव्य हैं। 22 सैनिकों की शहादत और 26 भारतीय नागरिकों की हत्या हुई। उससे बड़ा घात ये है कि धर्म पूछकर हत्या हुई। मैं समझता हूं ये भारत के आंतरिक व्यवहार को बिगाडऩे का एक कुचक्र और बहुत बड़ा षड्यंत्र था। भारतवर्ष की जो सभ्यता परंपरा से वो बच पाया। यही भारत की ताकत है।

पटवारी ने कहा कि ये स्पष्ट हो गया है कि ट्रंप ने पूरे पाकिस्तान और भारत की युद्ध की परिस्थितियों को कंट्रोल किया। देश को देखना समझना है कि क्या ये सारी परिस्थितियां भारत के अनुकूल हुई हैं? 22 दिन युद्ध में पूरा देश उहापोह में रहा। उससे मेरे देश को क्या मिला? पटवारी ने कहा कि जिस देश की कोई हैसियत नहीं थी। न तो सामरिक ताकत, न सैन्य ताकत और न ही आर्थिक हैसियत थी। पाकिस्तान दुनिया के रहमोकरम पर जिंदा है। जिस तरह 22 दिन का घटनाक्रम चला वो पूरे देश के लोगों को सोचने के लिए मजबूर करेगा। मैं मानता हूं प्रधानमंत्री का पद महत्वपूर्ण और सम्मानित होता है। हर देशभक्त नागरिक को देश का प्रधानमंत्री किसी भी पार्टी और विचार का हो उनका सम्मान सबको करना चाहिए।

## आंगनवाड़ियों में सप्ताह में तीन दिन हर बच्चे को मिलेगा 100 ग्राम दूध

भोपाल। मध्य प्रदेश सरकार ने राज्य के लाखों बच्चों के पोषण स्तर को सुधारने के लिए एक बड़ा कदम उठाया है। महिला एवं बाल विकास विभाग आंगनवाड़ियों में अब सप्ताह में तीन दिन बच्चों को दूध बांटने की तैयारी कर रहा है। इसको लेकर प्रस्ताव तैयार किया जा रहा है। जिसे स्वीकृति के लिए वित्त विभाग को भेजा जाएगा। जानकारी के अनुसार आंगनवाड़ी के करीब 50 लाख बच्चों को सप्ताह में तीन दिन टेट्रा पैक दूध बांटा जाएगा। इस पर पर सालाना करीब 300 करोड़ रुपये खर्च आने का अनुमान है। बता दें, मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने हाल ही में विभाग की समीक्षा बैठक में आंगनवाड़ियों में दूध बांटने की पहल करने को कहा था। इसका उद्देश्य बच्चों को प्रोटीन युक्त आहार उपलब्ध कराना है, जिससे उनके शारीरिक और मानसिक विकास को मजबूती मिल सके।

महिला एवं बाल विकास विभाग के अधिकारियों का कहना है कि यह कदम न सिर्फ बच्चों के पोषण स्तर में सुधार लाएगा, बल्कि कुपोषण से लड़ाई में भी मददगार साबित होगा। योजना के लागू होने के बाद आंगनवाड़ी केंद्रों की भूमिका और भी अहम हो जाएगी, जहां बच्चों को नियमित रूप से पोषक आहार के साथ अब दूध भी मिलेगा।

## मप्र सरकार को केंद्र से मिली बड़ी राशि

भोपाल। मप्र सरकार को केंद्र की नरेंद्र मोदी सरकार पीएम आवास के लिए इस साल 4300 करोड़ रुपए देगी। इससे शहरी और ग्रामीण इलाकों में गरीबों के लिए आवास बनाने का काम तेजी से हो सकेगा। इसके साथ ही एमपी में स्वास्थ्य सेवाओं के लिए दो हजार करोड़ रुपए मिलेंगे। जिससे उप स्वास्थ्य केंद्र, एमबीबीएस सीट्स में वृद्धि, स्टाफ भर्ती और आयुष्मान भारत से उपचार कराने का काम हो सकेगा। केन बेतवा लिंक परियोजना के लिए 630 करोड़ और सडक़ों के निर्माण के लिए 1150 करोड़ रुपए दिए जाएंगे। पीएम ई-बस सेवा और मेट्रो के लिए 186 करोड़ रुपए इस साल मोहन यादव सरकार को मिलेंगे।

केंद्र और राज्य सरकार के अंशदान से संचालित योजनाओं के साथ अलग-अलग विभागों को केंद्र सरकार द्वारा इस साल मोहन सरकार को 44255 करोड़ रुपए देने वाली है। चालू वित्त वर्ष में प्रदेश में केंद्र सरकार और राज्य सरकार द्वारा योजनाओं के संयुक्त क्रियान्वयन के लिए कुल 68519.05 करोड़ रुपए खर्च किए जाने का फैसला किया गया है। इसमें 44255.33 करोड़ रुपए केंद्र सरकार देगी जबकि 24263.71 करोड़ रुपए राज्य सरकार के अंश के रूप में शामिल होंगे। जो राशि एमपी को देने के लिए तय की गई है। उसमें स्वास्थ्य, आवास, पेयजल, सडक़ के साथ अन्य सेवाओं से जुड़ी योजनाओं पर फोकस किया है। इस राशि से प्रदेश के तेज विकास ढांचे को मजबूती देने का काम किया जा सकेगा।

## निजी क्षेत्र के सहयोग से वन्यप्राणी संरक्षण करेगी सरकार

### - बिगड़े वन सुधार नीति पर वनवासी संघ-आदिवासी संगठन पहले से नाराज

भोपाल । मध्य प्रदेश सरकार अब निजी क्षेत्र के सहयोग से वन्यप्राणियों का संरक्षण करेगी। इसके लिए वन विभाग ने नीति का प्रारूप तैयार कर लिया है, जो अनुमोदन के लिए कैबिनेट को भेजा है। कैबिनेट की मंजूरी के बाद वन्य प्राणियों के संरक्षण के लिए सीएसआर (कारपोरेट सोशल रिस्पांसिबिलिटी) के अंतर्गत अनुदान लेकर काम कराए जा सकेंगे। ऐसा तब किया जा रहा है, जब निजी क्षेत्र के सहयोग से बिगड़े वनों के सुधार की नीति का खुलकर विरोध हो रहा है।

वन विभाग द्वारा प्रदेश के बिगड़े वनों के सुधार के लिए दो माह पहले नीति लाई गई थी। इसके बाद आरएसएस से जुड़े वनवासी विकास संघ और अन्य आदिवासी संगठनों ने इसका विरोध किया था। इसको लेकर एक प्रतिनिधिमंडल ने सीएम डॉ. मोहन यादव से मुलाकात करके कहा था कि ऐसे में वनों का संरक्षण होने के बजाय नुकसान की स्थिति बनेगी। निजी क्षेत्रों के हस्तक्षेप के चलते वनों का ढांचा और भी गड़बड़ा जाएगा। इसलिए इस नीति पर काम नहीं करने के लिए कहा गया था। मुख्यमंत्री ने इस मामले में कार्रवाई का आश्वासन दिया था और इसके बाद निजी क्षेत्रों के सहयोग से बिगड़े वनों का विकास संबंधी कार्यक्रम रुक गया है। इन हालातों को देखते हुए वन अफसरों ने अब एक नीति का मसौदा तैयार किया है। इसमें निजी क्षेत्रों के सहयोग से वन्य प्राणियों के संरक्षण का प्रस्ताव है और इसे कैबिनेट की मंजूरी के लिए भेजा है। कैबिनेट की मंजूरी मिलने के बाद सीएसआर और अन्य प्रावधानों के अंतर्गत वन्य प्राणियों के रहवास और संरक्षण को लेकर वन विभाग अंशदान लेकर काम करा सकेगा। बताया जाता है कि टाइगर फाउंडेशन कमेटी में सीएसआर मद में राशि लिए जाने का प्रावधान है लेकिन इसको लेकर कोई स्पष्ट नीति नहीं है। इसलिए वन अफसरों ने अब नई नीति तैयार की है और शासन की परमिशन मिलने के बाद इस पर काम किया जाएगा।

## प्रधानमंत्री श्री मोदी को मंत्रि-परिषद ने ऑपरेशन सिंदूर की सफलता के लिए दी बधाई

भोपाल। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में पाकिस्तान के विरुद्ध संचालित ऑपरेशन सिंदूर की सफलता के लिए मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने मंत्रि-परिषद की ओर से बधाई दी। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने प्रधानमंत्री श्री मोदी, रक्षा मंत्री, केंद्रीय गृहमंत्री, भारतीय सेना और अर्ध सैनिक बलों के सभी जवानों को बधाई दी। उन्होंने कहा कि तकनीक का उपयोग करते हुए, कम समय में तीव्र गति से की गई कार्रवाई से विश्व, भारत के बदलते दौर के नेतृत्व की क्षमता से परिचित हुआ है, यह सभी भारतवासियों के लिए सौभाग्य का विषय है।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने मंत्रि-परिषद की बैठक से पहले अपने संबोधन में मंत्रीगण को प्रदेश में गेहूं उपार्जन की स्थिति, महाराष्ट्र के साथ नदी जोड़ो अभियान के लिए हुए एमओयू, महाराष्ट्र और मध्यप्रदेश द्वारा परस्पर समन्वय से आगामी दिनों में की जाने वाली सांस्कृतिक-धार्मिक व इतिहास केंद्रित गतिविधियों, प्रदेश में निवेश संवर्धन और औद्योगिक गतिविधियों के विस्तार के लिए बेंगलुरु और इंदौर में होने वाले आयोजनों तथा 20 मई को इंदौर में होने वाली मंत्रि-परिषद की बैठक तथा विजन डॉक्यूमेंटञ्च2047 पर चर्चा के संबंध में अवगत कराया।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि गेहूं उपार्जन में 5 मई तक प्रदेश के 3475 केंद्रों पर उपार्जन हुआ, इसमें 9 लाख किसानों की फसल का उपार्जन हुआ। प्रदेश में 77.74 लाख मैट्रिक टन गेहूं का उपार्जन किया गया, जिसमें से 74.42 लाख मीट्रिक टन भंडारण में आ गया है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने बताया कि किसानों को अब तक 18 हजार 471 करोड़ रुपए का भुगतान भी किया जा चुका है। अब मात्र 400 करोड़ रुपए का भुगतान शेष है, जो शीघ्र कर दिया जाएगा।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री देवेन्द्र फडणवीस के साथ 10 मई को तापी बेसिन मेगा रिचार्ज योजना के संबंध में हुए एम.ओ.यू. की मंत्रि-परिषद को बधाई दी।

## ना मंत्री ने सुनी ना सीएम मिले, नवनियुक्त शिक्षक हुए हताश

### -ट्रांसफर पॉलिसी में शिथिलता की मांग, नवनियुक्त शिक्षकों ने सौंपा ज्ञापन

भोपाल । जनजातीय कार्य विभाग के अंतर्गत संचालित शासकीय शालाओं में पदस्थ शिक्षकों को विभागीय मंत्री और मुख्यमंत्री तक की बेरूखी से दो चार होना पड़ा। मंगलवार को अपनी मांगों और परेशानियों को लेकर पहले तो ये नवनियुक्त शिक्षक विभागीय मंत्री विजय शाह के बंगले पहुंचे थे। यहां पर शाह ने अपनी कार में बैठते हुए ही इन शिक्षकों से कह दिया कि वे कुछ नहीं कर सकते, इतना कहते हुए ही वे बंगले से निकल गए। इसके बाद जब आधा सैकड़ा से ज्यादा ये नवनियुक्त शिक्षक मुख्यंत्री निवास पहुंचे तो यहां उनके पीए सहित अन्य स्टाफ से ये कहकर बेरंग ही लौटा दिया कि सीएम साहब व्यस्त हैं। बाद में इन शिक्षकों ने आदि भवन पहुंचकर जनजातीय कार्य विभाग आयुक्त को शासन की स्थानांतरण नीति में शिथिलता प्रदान करने की मांग को लेकर ज्ञापन सौंपा। ये ऐसे शिक्षक हैं जिनकी पदस्थापना को अभी तीन साल पूरे नहीं हुए हैं। परीवीक्षा अवधि वाले इन शिक्षकों का कहना है कि इनमें अधिकांश शिक्षक अपने घर से कई किलोमीटर दूर नौकरी कर रहे हैं। इन्हें अपनी डयूटी के साथ पारिवारिक जिम्मेदारियों का भी वहन करना होता है। अपने निवास स्थान के काफी दूर रहने के कारण परेशानी का सामना करना पड़ता है। जनजातीय कार्य विभाग आयुक्त को सौंपे ज्ञापन में इन शिक्षकों ने कहा है कि स्थानांतरण नीति 2025 में शिथिलता प्रदान करते हुए इन शिक्षकों को भी स्थानांतरण के लिए आवेदन करने का अवसर प्रदान किया जाए। शिक्षकों ने बताया कि इससे पूर्व स्थानांतरण नीति 2022 में भी नवनियुक्त शिक्षकों को शामिल किया गया था। ज्ञापन में ये भी मांग की गई है कि स्थानांतरण नीति वर्ष 2025 में सभी शिक्षकों को जनजातीय कार्य विभाग से स्कूल शिक्षा विभाग में पारस्परिक स्थानांतरण की अनुमति प्रदान की जाए ताकि पद संख्या प्रभावित हुए बिना शिक्षक अपने निवास स्थान के समीप पहुंच कर अपने कर्तव्य का निर्वहन कर सकें। नवनियुक्त शिक्षकों में बड़ी तादाद में विवाहित महिलाएं और अविवाहित युवतियां भी शामिल हैं। इन महिलाओं का कहना है कि उन्हें ऐसे दूरस्थ क्षेत्रों में पदस्थापना मिली हैं जहां से उन्हें घर जाने के लिए सीधे यात्री बस-ट्रेन अथवा अन्य साधन नहीं मिलते जिसके कारण अवकाश के दिन भी वह घर नहीं जा सकतीं। इनमें से कुछेक तो ऐसी भी हैं जिनके माता-पिता इन दुनिया में नहीं हैं, वो अपने भाई या बहन के साथ रहतीं हैं। कुछ युवतियां तो ऐसे क्षेत्रों में पदस्थ जहां पर्यास चिकित्सा सुविधा भी नहीं हैं। इन नवनियुक्त शिक्षकों का कहना है कि मानवीय आधार पर स्थानांतरण नीति 2025 में शिथिलता प्रदान करते हुए इन्हें भी ट्रांसफर हेतू आवेदन करने का मौका दिया जाए। यहां ये बताना लाजमी होगा कि शासन की स्थानांतरण नीति के अनुसार ट्रांसफर के लिए वही नवनियुक्त शिक्षक पात्र होते हैं जिनकी पदस्थापना को तीन साल पूरे हो जाते हैं। लेकिन जो परिवीक्षा अवधि में होते हैं अथवा जिन्हें तीन वर्ष पूरे नहीं होते वे जब ट्रांसफर के लिए पोर्टल में अपनी आईडी डालकर ओपन करते हैं तो पोर्टल ओपन नहीं होता जिसकी वजह से वे ट्रांसफर के लिए आवेदन ही नहीं कर पाते। जनजातीय कार्य विभाग के अंतर्गत संचालित शासकीय शालाओं में पदस्थ नवनियुक्त शिक्षकों ने मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव, विभागीय मंत्री विजय शाह से मांग की है कि मानवीय आधार पर उनके ज्ञापन पर विचार किया जाए और ट्रांसफर नीति में शिथिलता प्रदान की जाए।

# आईपीएल में लीग के अंतिम मैच जीतकर इस प्रकार प्लेऑफ में जगह बना सकती हैं ये टीमें

मुम्बई। इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) सत्र 17 मई से एक बार फिर शुरु होने जा रहा है। इस सत्र के अब तक 58 मुकाबले हुए हैं। वहीं भारत और पाकिस्तान के बीच तनाव के कारण पिछले सप्ताह 8 मई को अचानक ही मुकाबले रोक दिये गये थे और लीग को एक सप्ताह के लिए स्थगित कर दिया गया था। वहीं दोनो देशों के बीच संघर्षविराम लागू होने के बाद एक बार फिर मैच शुरु हो रहे हैं। टूर्नामेंट के लीग स्तर में अभी 13 मैच बाकी हैं जबकि सात टीमें प्लेऑफ में जगह बनाने की दौड़ में हैं। अभी तक कोई भी टीम प्लेऑफ में नहीं पहुंच पाई है। ऐसे में अब बचे हुए मैचों में टीमों को प्लेऑफ में पहुंचने के लिए इस प्रकार का प्रदर्शन करना होगा।




### गुजरात टाइटंस

गुजरात टाइटंस ने अब तक 11 मैचो में 16 हासिल किये हैं और उसका नेट रन रेट 0.793 है। टीम अंक तालिका में शीर्ष पर है। उसे अब दिल्ली कैपिल्लस और लखनऊ सुपरजायंट्स के अलावा चेन्नई सुपरकिंग्स (सीएकसके) से खेलना है। गुजरात टाइटंस को प्लेऑफ में पहुंचने केवल एक मैच ही जीतना है। अंतिम लीग मैच में जीत का मतलब है कि वह अब प्लेऑफ में पहुंचने से केवल एक जीत दूर है।

### मुंबई इंडियंस

मुंबई इंडियंस ने अब तक अपने 12 मैचों में 14 अंक हासिल किये हैं और उसका नेट रन रेट 1.156 है। उसे पंजाब और दिल्ली कैपिटल्स से बचे हुए मैच खेलने हैं। उसे प्लेऑफ में पहुंचने अंतिम दो मैच जीतने हैं। वहीं अगर वह 16 अंकों पर ही रही तो उसे दूसरी टीम के परिणामों की जरुरत पड़ेगी।

### रॉयल चैलेंजर्स बैंगलोर (आरसीबी)

आरसीबी ने 11 मैच में 16 अंक हासिल किये हैं। उसका नेट रन रेट 0.482 है। उसे अब बचे हुए मैचों में लखनऊ, हैदराबाद, कोलकाता से खेलना है।

सनराइजर्स हैदराबाद (एसआरएच) और दिल्ली कैपिटल्स (डीसी) के बीच बारिश से मैच रद्द होने और गुजरता की एमआई के खिलाफ जीत के बाद रॉयल चैलेंजर्स बैंगलोर (आरसीबी) अब प्लेऑफ में जगह बनाने से केवल एक जीत दूर हैं। ऐसा इसलिए है क्योंकि चार टीमें 18 या उससे अधिक अंकों पर पहुंच सकती हैं। आरसीबी 16 अंकों पर भी शीर्ष् चार में जगह बना सकती है।

### पंजाब किंग्स

पंजाब किंग्स ने अब तक 11 मैचों में 15 अंक हासिल किये हैं और उसका नेट रन रेट 0.376 है।

उसे दिल्ली, मुंबई और राजस्थान से बचे हुए मैच खेलने हैं।

पंजाब किंग्स (पीबीकेएस) डीसी को हराकर प्लेऑफ में जगह बना सकती है। दिल्ली के बाद उसे मुम्बई से खेलना है। उन दोनों में से केवल एक ही 17 या उससे अधिक अंकों पर पहुंच सकती है। अगर पंजाब की टीम दिल्ली से हार जाती है, तो उन्हें अपने आखिरी दो मैच जीतने होंगे और 19 अंकों पर पहुंचना होगा. क्योंकि उस स्थिति में दिल्ली और मुम्बई दोनों ही 17 या उससे अधिक अंकों पर पहुंच सकते हैं।

पीबीकेएस तीनों मैच हारकर भी 15 अंकों पर रहकर प्लेऑफ में जगह बना सकती है। ये तभी संभव है जब जब दिल्ली को अपने आखिरी दो मैच हारकर 15 अंकों पर ही रहें. लखनऊ को अपने तीन में से दो मैच से ज्यादा नहीं जीतने होंगे. फिर यह रन रेट पर निर्भर करेगा.

### दिल्ली कैपिटल्स

दिल्ली कैपिटल्स ने अब तक 12 मैच खेलते हुए 13 अंक हासिल किये हैं। उसका नेट रन रेट -0.109 है।

उसे अब प्लेऑफ के लिए पंजाब और मुंबई से अपने मैच जीतने होंगे। हैदराबाद के खिलाफ एक अंक ने डीसी की दो मैचों की हार का सिलसिला खत्म किया। 15 अंक उन्हें टॉप चार में तभी पहुंचाएंगे जब बाकी परिणाम भी उसके अनुसार आयें। 17 अंक होने पर उन्हें शेष टीमों के परिणामों पर निर्भर रहना होगा।

### कोलकाता नाइट राइडर्स (केकेआर)

केकेआर ने अब तब 12 खेलते हुए 11 अंक हासिल किये हैं उसका नेट रन रेट 0.193 रहा है। उसे हैदराबाद, आरसीबी से बचे हुए मैच खेलने हैं।

चेन्नई सुपर किंग्स के खिलाफ अपने आखिरी लीग मैच में हारने के बाद कोलकाता नाइट राइडर्स (केकेआर) के लिए प्लेऑफ की राह असंभव हो गई है। अब उनके पास केवल दो मैच बचे हैं और अधिकतम 15 अंक ही हासिल कर सकते हैं। पहले से ही दो टीमें 15 से अधिक अंक पर हैं जबकि पंजाब किंग्स के पास तीन मैच बचे हैं और वे 15 अंकों पर हैं। अब केकेआर को उम्मीद करनी होगी कि मुंबई इंडियंस अपने दोनों बचे हुए मैच हार जाएं और 14 अंकों पर ही रहें। उनका एक मैच दिल्ली कैपिटल्स के खिलाफ है जो अभी 13 अंकों पर हैं। ऐसी स्थिति में दिल्ली 15 अंकों पर पहुंच जाएगी। चौथे स्थान के लिए फिर केकेआर और दिल्ली के बीच मुकाबला होगा। दूसरी ओर अगर पंजाब किंग्स अपने तीनों बचे हुए मैच हार जाती है तो मुंबई इंडियंस 15 अंकों से आगे निकल जाएगी। ऐसे में दिल्ली, पंजाब और केकेआर सभी 15 अंकों पर होंगे और चौथे स्थान पर रहकर प्लेऑफ के लिए प्रयास करेंगे। .

### लखनऊ सुपर जायंट्स

लखनऊ सुपर जायंट्स ने अब तक 11 मैच खेलकर 10 अंक हासिल किये हैं। उसका नेट रन रेट -0.469

उसे बचे हुए मैचों में आरसीबी, गुजरात, हैदराबाद से खेलना है। दिल्ली की तरह, लखनऊ सुपर जायंट्स (एलएसजी) का हाल भी बुरा है और उन्होंने लगातार तीन मैच हारे हैं। अब वह अपने तीनों बचे हुए मैच जीते तो 16 अंकों पर पहुंच सकते हैं। वहीं अगर सुपरजायंट्य एक मैच भी हारी तो प्लेऑफ की दौड़ से बाहर हो जाएगी।

## 17 मई से फिर खेलें जाएंगे आईपीएल मुकाबले - बीसीसीआई

### फाइनल तीन जून को खेला जाएगा

मुम्बई। भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) ने कहा है कि 17 मई से एक बार फिर आईपीएल मुकाबले शुरु होगें। इससे पहले पाकिस्तान के खिलाफ संघर्ष के कारण ये मुकाबले एक सप्ताह के लिए स्थगित कर दिये गये थे। अब जबकि संघर्ष विराम लागू हो गया है। बीसीसीआई ने सरकार की मंजूरी मिलने के बाद इन मुकाबलों को फिर से शुरु करने का फैसला किया है। बीसीसीआई ने कहा है कि आईपीएल को ये 18 सत्र 17 मई से छह स्थानों पर फिर से शुरू होगा। इसमें संशोधित कार्यक्रम के अनुसार फाइनल तीन जून को खेला जाएगा। इससे पहले आठ मई को पाक के ड्रोन हमलों को देखते हुए पंजाब किंग्स और दिल्ली कैपिटल्स के बीच मैच को बीच में ही रद्द करना पड़ा था। तब पाकिस्तान ने चंडीगढ़ के पास भारतीय हवाई क्षेत्र में घुसपैठ करने की कोशिश की थी जिससे स्टेडियम में ब्लैकआउट हो गया था।

बीसीसीआई ने अपने एक बयान में कहा, ''हमें आईपीएल 2025 फिर से शुरू करने की घोषणा करते हुए खुशी हो रही है। सरकार और सुरक्षा एजेंसियों और सभी प्रमुख हितधारकों के साथ व्यापक विचार-विमर्श के बाद बोर्ड ने बचे सत्र के साथ आगे बढ़ने का फैसला किया है। ''

लीग के फिर से शुरू होने पर पहला मैच 17 मई को बेंगलुरु में रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) और चेन्नई सुपर किंग्स (सीएसके) के बीच मुकाबले से होगा। संशोधित कार्यक्रम के अनुसार लीग मैचों के लिए छह स्थान बेंगलुरु, जयपुर, दिल्ली, लखनऊ, अहमदाबाद और मुंबई रखे गये हैं। वहीं प्लेऑफ मैचों के लिए स्थानों की घोषणा बाद में की जाएगी। छह स्थानों पर कुल 17 मैच खेले जाएंगे और संशोधित कार्यक्रम में दो 'डबल-हेडर' शामिल हैं जो दो रविवार को खेले जाएंगे।

बीसीसीआई ने देश की सुरक्षा करने वाले सशस्त्र बलों की वीरता और दृढ़ संकल्प को सलाम किया है। बोर्ड ने अपने बयान में कहा, 卐हम भारत की सशस्त्र सेनाओं के साहस और समर्पण को नमन करते हैं, जिनकी बदौलत क्रिकेट की सुरक्षित वापसी संभव हो पाई है। बीसीसीआई राष्ट्रहित को सर्वोपरि मानता है और उसी भावना के साथ आईपीएल को सफलतापूर्वक पूरा करने के लिए प्रतिबद्ध है।卐

### आईपीएल 2025 के शेष मैचों का कार्यक्रम इस प्रकार है

**17-मई (शनिवार) - रॉयल चैलेंजर्स बैंगलोर बनाम कोलकाता नाइट राइडर्स (शाम 7-30 बजे, बेंगलुरु)**

**18-मई (रविवार) - राजस्थान रॉयल्स बनाम पंजाब किंग्स (दोपहर 3-30 बजे, जयपुर)**

**18-मई (रविवार) - दिल्ली कैपिटल्स बनाम गुजरात टाइटन्स (शाम 7-30 बजे, दिल्ली)**

**19-मई (सोमवार) - लखनऊ सुपर जायंट्स बनाम सनराइजर्स हैदराबाद (शाम 7-30 बजे, लखनऊ)**

**20-मई (मंगलवार) - चेन्नई सुपर किंग्स बनाम राजस्थान रॉयल्स (शाम 7-30 बजे, दिल्ली)**

**21-मई (बुधवार) - मुंबई इंडियंस बनाम दिल्ली कैपिटल्स (7-30 बजे, मुंबई)**

**22-मई(गुरुवार) - गुजरात टाइटन्स बनाम लखनऊ सुपर जायंट्स (7-30 बजे, अहमदाबाद)**

**23-मई (शुक्रवार) - रॉयल चैलेंजर्स बैंगलोर बनाम सनराइजर्स हैदराबाद (7-30 बजे, बेंगलुरु)**

**24-मई (शनिवार) - पंजाब किंग्स बनाम दिल्ली कैपिटल्स (7-30 बजे,जयपुर)**

**25-मई (रविवार) - गुजरात टाइटन्स बनाम चेन्नई सुपर किंग्स (3-30 बजे, अहमदाबाद)**

**25-मई(रविवार) - सनराइजर्स हैदराबाद बनाम कोलकाता नाइट राइडर्स (7-30 बजे, दिल्ली)**

**26-मई-(सोमवार) - पंजाब किंग्स बनाम मुंबई इंडियंस (7-30 बजे, जयपुर)**

**27-मई (मंगलवार) - लखनऊ सुपर जायंट्स बनाम रॉयल चैलेंजर्स बैंगलोर (7-30 बजे, लखनऊ)**

**29-मई (गुरुवार) - क्वालीफायर 1 (7-30 बजे)**

**30-मई (शुक्रवार) - एलिमिनेटर (7-30 बजे)**

**01-जून (रविवार) - क्वालीफायर 2 (7-30 बजे)**

**03-जून-(मंगलवार)- फाइनल (7-30 बजे)**

## अब अगस्त में ही अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट खेलते हुए दिखेंगे रोहित

नई दिल्ली। भारतीय टीम के सलामी बल्लेबाज रोहित शर्मा ने पिछले सप्ताह टेस्ट प्रारुप से संन्यास की घोषणा कर दी थी। ऐसे में अब वह इंग्लैंड दौरे से बाहर हो गये हैं। रोहित अब अगस्त में ही अंतराष्ट्रीय क्रिकेट खेलते हुए दिखेंगे। भारतीय टीम अगस्त में बांग्लादेश के दौरे पर जाएगी। जिससे रोहित टीम की कप्तानी करते दिखेंगे। भारतीय टीम को इस दौरे में तीन एकदिवसीय और इतने ही टी20 मैच खेलने हैं। रोहित इस दौरे में एकदिवसीय सीरीज में कप्तानी करेंगे। वह 2027 विश्व कप तक एकदिवसीय प्रारुप खेलना चाहते हैं। वहीं टी20 प्रारुप की कप्तानी सूर्यकुमार यादव करेंगे। भारतीय टीम का बांग्लादेश का दौरान 17 अगस्त से शुरू होगा। सीरीज का पहला एकदिवसीय ढाका के शेर ए बांग्ला स्टेडियम में खेला जाएगा जबकि दूसरा एकदिवसीय मैच 20 अगस्त को इसी स्थल पर होगा।

## वेस्टइंडीज के नये टेस्ट कप्तान की दौड़ में रोस्टन सहित छह खिलाड़ी शामिल

जमैका । वेस्टइंडीज क्रिकेट टीम को नया टेस्ट कप्तान अगले सप्ताह मिल सकता है। ये इसलिए क्योंकि वेस्टइंडीज क्रिकेट बोर्ड ने कहा है कि उसने नये कप्तान के लिए छह संभावितों के नाम तय किये हैं जिसमें से वह कप्तान के नाम की घोषणा करेगी। साथ ही कहा कि इन उम्मीदवारों के साक्षात्कर भी उसने लिए हैं। इसके अलावा नए टेस्ट कप्तान को चुनने के लिए अपनाई गई चयन प्रक्रिया को सभी ने पसंद किया है।

एक रिपोर्ट के अनुसार रोस्टन चेस, जस्टिन ग्रीव्स, जोशुआ डा सिल्वा, जॉन कैम्पबेल, जोमेल वॉरिकन और टेविन इमलाच टेस्ट कप्तानी की दौड़ में शामिल हैं। क्रिकेट निदेशक माइल्स बासकॉम्बे, सीडब्ल्यूआई की क्रिकेट समिति के अध्यक्ष हनोक लुईस, मुख्य कोच डैरन सैमी और मुख्य कार्यकारी अधिकारी क्रिस डेह्रिंग ने साक्षात्कार लिए।

टेस्ट कप्तान के लिए सिफारिशें बासकॉम्बे और सैमी द्वारा की जाएंगी। साथ ही कहा कि कहा, 卐हमें उम्मीद है कि अगले सप्ताह के अंत तक बोर्ड को टेस्ट कप्तान के लिए सिफारिशें मिल जाएंगी। क्रिकेट निदेशक के अनुसार यह है कि प्रक्रिया काफी अच्छी चल रही है। साथ ही कहा कि यह पहली बार है जब हम टेस्ट कप्तान चुनने की इस तरह की प्रक्रिया से गुजर रहे हैं और क्रिकेट प्रमुखों द्वारा सकारात्मक रवैयर अपनाया गया है।卐 वेस्टइंडीज क्रिकेट बोर्ड ने टीम के खराब प्रदर्शन को देखते हुए कुछ समय पहले ही कई बदलाव करते हुए कप्तान को भी हटा दिया था। उसका लक्ष्य विश्व टेस्ट चैम्पियनशिप के अगले सत्र की अच्छी शुरुआत करना है।

## विराट और रोहित घरेलू क्रिकेट खेलें - गावस्कर

मुम्बई । भारतीय क्रिकेट टीम के दो प्रमुख बल्लेबाजों विराट कोहली और रोहित शर्मा के एक सप्ताह के अंदर ही टेस्ट क्रिकेट से संन्यास से जहां प्रशंसक हैरान हैं। वहीं पूर्व कप्तान सुनील गावस्कर ने कहा है कि जब खिलाड़ी की उम्र 35 हो जाती है तो खेल में रुकावट नहीं होना चाहिए क्योंकि फिर वापसी मुश्किल होती है। गावस्कर ने कोहली और रोहित को कहा है कि वह घरेलू क्रिकेट खेले जिससे कि वे साल 2027 में होने वाले एकदिवसीय विश्वकप के लिए अपनी दावेदारी बेहतर तरीके से पेश कर सकें।



गावस्कर से जब पूछा गया कि क्या आपको लगता है कि दोनों 2027 में होने वाला एकदिवसीय विश्व कप खेलेंगे? तो उन्होंने कहा कि ये उनकी फॉर्म पर निर्भर करेगा। साथ ही कहा कि जब आपकी उम्र 35 साल से अधिक हो जाती है तो आपको शीर्ष स्तर के खेल को बीच में छोड़ना नहीं चाहिए। अगर आप बीच में नहीं खेलते हैं तो फिर वापसी थोड़ी मुश्किल हो जाती है। उनको काफी घरेलू क्रिकेट खेलना होगा। साथ ही कहा कि अगर वे शतक पर शतक मारते रहेंगे तो 2027 में विश्वप में खेल सकते हैं। सचिन तेंदुलकर 40 साल की उम्र तक खेले थे। उन्होंने दिखाया कि 40 की उम्र में भी शतक लगा सकते हैं और अच्छी तरह बल्लेबाजी कर सकते हैं।

साल 2027 में होने वाले एकदिवसीय कप से पहले भारत को 27 एकदिवसीय खेलने हैं, जिनमें बांग्लादेश के खिलाफ अगस्त-सितंबर में तीन मैचों की सीरीज भी शामिल है। एशिया कप के बाद अक्टूबर नवंबर में ऑस्ट्रेलिया में तीन एकदिवसीय मैचों की सीरीज खेली जाएगी। फिर नवंबर-दिसंबर में दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ तीन मैचों की एकदिवसीय सीरीज आयोजित होगी। इनके अलावा भारतीय टीम को न्यूजीलैंड , अफगानिस्तान, वेस्टइंडीज, न्यूजीलैंड और श्रीलंका से भी एकदिवसीय सीरीज खेलनी हैं। ऐसे में कोहली और रोहित आने वाले समय में कितने एकदिवसीय मैच खेलेंगे यह तो आने वाले समय में ही पता चलेगा।

## दिल्ली कैपिल्स को अब स्टार्क के बिना ही खेलना होगा

नई दिल्ली। इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) का बचा हुआ सत्र शीघ्र शुरु होने की संभावनाएं हैं पर इस सत्र में दिल्ली कैपिटल्स को अब लगता है कि अपने तेज गेंदबाज मिचेल स्टार्क के बिना ही खेलना पड़ सकता है। भारत और पाकिस्तान के बीच तनाव के बची सभी विदेशी खिलाड़ी स्वदेश लौट गये थे। उन्ही में स्टार्क भी थे। अब जो संकेत मिले हैं उससे साफ है कि स्टार्क अब शायद आईपीएल के बाकी बचे मैचों के लिए भारत लौटने वाले नहीं हैं। पिछले सप्ताह युद्ध जैसी स्थिति को देखते हुए ऑस्ट्रेलिया के ज्यादातर खिलाड़ियों ने अपनी देश लौटने में ही भलाई समझी थी। रविवार को मिचेल स्टार्क अपनी पत्नी एलिसा हीली के साथ सिडनी पहुंच गए, जहां उन्होंने मीडिया से बात नहीं की पर उनके मैनेजर ने कहा कि वह पिछले दिन के तनाव के कारण डरे हुए और परेशान हैं। इसलिए बचे हुए सत्र के लिए वह जायं ऐसे संभावना नहीं है।




पंजाब किंग्स और दिल्ली कैपिटल्स के खिलाफ मैच को ब्लैकआउट के कारण बीच में ही रद्द किया गया था तो हर किसी को लग रहा था कि टूर्नामेंट को स्थगित किया जाएगा। शुक्रवार की दोपहर को बीसीसीआई ने एक सप्ताह के लिए आईपीएल के स्थगित पर अगले ही दिन शनिवार 10 मई को संघर्ष विराम की घोषणा हो गयी। ऐसे में टूर्नामेंट के फिर से शुरू होने की बात सामने आई। इसके बाद टीमों ने विदेशी खिलाड़ियों से संपर्क किय पर वे उत्सुक नहीं दिखे।

वहीं क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया (सीए) अपने खिलाड़ियों को वापसी के बारे में व्यक्तिगत निर्णय लेने का अधिकार दिया है। रिपोर्ट के अनुसार, बोर्ड ने जोर देकर कहा है कि इस तरह के विकल्पों से आईपीएल में भविष्य के चयन या बीसीसीआई के साथ संबंधों पर असर नहीं पड़ना चाहिए, क्योंकि खिलाड़ी कठिन हालातों के कारण वापस आये हैं।

## इटली में खेला जाएगा होपमैन कप - आईटीए

लंदन । होपमैन कप टेनिस टूर्नामेंट इटली के दक्षिणी शहर बारी में 16 से 20 जुलाई तक खेला जाएगा। अंतरराष्ट्रीय टेनिस महासंघ (आईटीए) ने कहा है कि इस साल इस मिश्रित टीम टूर्नामेंट में इटली, फ्रांस, स्पेन, यूनान, कनाडा और मौजूदा चैंपियन क्रोएशिया की टीमें भाग लेंगी। इसका आयोजन विंबलडन के एक सप्ताह बाद किया जाएगा। मालूम हो कि होपमैन कप के लिए टीमों में एक पुरुष और एक महिला खिलाड़ी शामिल होते हैं। इसके एक मुकाबले में एक पुरुष एकल मैच, एक महिला एकल मैच और एक मिश्रित युगल मैच शामिल होता है पर इस टूर्नामेंट से खिलाड़ियों को रैंकिंग अंक नहीं मिलते हैं। गौरतलब है कि ये टूर्नामेंट ऑस्ट्रेलिया के महान खिलाड़ी हैरी होपमैन के नाम पर, होपमैन कप 1989 में शुरू हुआ और 2020 तक हर साल खेला जाता था। पहले 30 वर्ष तक इसका आयोजन ऑस्ट्रेलिया के पर्थ शहर में टेनिस सत्र के पहले सप्ताह में किया जाता था। आखिरी बार इसका आयोजन 2023 में फ्रांस में हुआ था जिसमें क्रोएशिया के डोना वेकिच और बोर्ना कोरिच चैंपियन बने थे।

## कोहली के संन्यास से रहाणे को मिल सकता है अवसर

नई दिल्ली। भारतीय टीम के अनुभवी बल्लेबाज विराट कोहली के संन्यास लेने से अब चयनकर्ता किसी अनुभवी बल्लेबाज की तलाश करेंगे। ऐसे में लंबे समय से टीम में वापसी का प्रयास कर रहे आजिंक्य रहाणे को टीम में जगह मिल सकती है। रहाणे ने पिछले कुछ समय में घरेलू क्रिकेट में अच्छा प्रदर्शन किया है। आईपीएल में भी उनका अब तक अच्छा प्रदर्शन रहा है। ऐसे में अगले माह होने वाले इंग्लैंड दौरे के लिए वह टीम में जगह पाने के प्रबल दावेदार उभरे हैं। विराट कोहली से पहले रोहित शर्मा पहले ही टेस्ट से संन्यास ले चुके हैं। इन दो दिग्गजों के एकसाथ जाने से भारतीय टीम में अनुभवी खिलाड़ियों की कमी हो गयी है। ऐसे में रहाणे के अलावा चेतेश्वर पुजारा के लिए टीम में राह बन सकती है। इसका कारण है कि ये दोनों ही इंग्लैंड में भारतीय टीम के मध्य क्रम को मजबूत बना सकते हैं। इंग्लैंड में मुश्किल विकेटों को देखते हुए जो सीम और स्विंग के लिए अनुकूल हैं। रोहित की अनुपस्थिति में भारत को कोहली जैसे अनुभवी और तकनीकी रूप से मजबूत बल्लेबाज की मदद की आवश्यकता थी। ऐसे में जब ये दोनो ही नहीं हैं। रहाणे मध्यक्रम को संभाल सकते हैं। वह जुलाई 2023 से टीम इंडिया से बाहर हैं. रहाणे का इंग्लैंड के खिलाफ हालांकि रिकॉर्ड बहुत अच्छा नहीं है। उन्होंने इंग्लैंड में लॉर्ड्स में सिर्फ एक शतक लगाया है लेकिन ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ लॉर्ड्स में 2023 विश्व टेस्ट चैंपियनशिप के फाइनल में उन्होंने 89 और 46 रन बनाए थे।. रणजी ट्रॉफी में रहाणे ने 9 मैचों में 35.92 की औसत से 467 रन बनाए। ऐसे में सबके उनकी मौजूदगी से टीम को मजबूती और अनुभव मिलेगा।



वहीं पुजारा की ऑस्ट्रेलिया में 2020-21 में भारत की टेस्ट सीरीज़ में अहम भूमिका रही। पुजारा के नाम पर भी बीसीसीआई इंग्लैंड दौरे के लिए विचार कर सकती है। पुजारा ने पूर्व में इंग्लैंड के खिलाफ बेहतर प्रदर्शन किया है। उन्होंने 39.51 की औसत से 1778 रन बनाए हैं।


**कार्यालय कलेक्टर (खनिज विभाग) जिला बालाघाट (म.प्र.)**

Office e-mail -modgmbal@mp.gov.in

क्रमांक/ 426 /खनिज/2025 बालाघाट दिनांक 07/05/2025

म.प्र. गौण खनिज नियम, 1996 के नियम 18(1-क) के अंतर्गत उत्खनिपट्टा प्राप्त करनें के लिए.

**द्वितीय सूचना**

यह सूचित किया जाता है कि, आवेदक श्री मुकेश तिवारी निवासी-वार्ड न. 24 सुरभि नगर बालाघाट जिला बालाघाट (म.प्र.) द्वारा उत्खनिपट्टा प्राप्त करने हेतु निम्न क्षेत्र पर ऑनलाईन आवेदन पत्र प्राप्ति दिनांक 01.04.2025 को प्रस्तुत किया गया है। इस क्षेत्र पर आवेदन प्रस्तुत करने हेतु प्रथम सूचना क्रमांक 284 दिनांक 01.04.2025 को प्रकाशित की गई थी। इस क्षेत्र पर पुनः दिनांक 11.06.2025 तक इस क्षेत्र पर यथास्थिति उत्खनिपट्टा आवेदन ऑनलाईन आमंत्रित किये जाते है। आवेदन ई-खनिज पोर्टल https://ekhanij.mp.gov.in पर प्रस्तुत किये जायेंगे।

**आवेदन का संक्षिप्त विवरण**

| जिला | तहसील | ग्राम | खसरा नंबर | रकबा हे. में | भूमि का प्रकार शासकीय/निजी | खनिज का नाम | रिमार्क |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| बालाघाट | वारासिवनी | कायदी | 284 | 1.093 हे. | शासकीय | गिट्टी, बोल्डर | आवेदक द्वारा नवकरण आवेदन प्रस्तुत किया गया है। आवेदक के पक्ष में पूर्व से उत्खनिपट्टा स्वीकृत है। |

1. उपरोक्त प्रस्तुत ऑनलाईन आवेदन पत्र में आवेदित क्षेत्र के संबंध में अन्य इच्छुक आवेदकों से विज्ञप्ति प्रकाशित होने की तारीख से आवेदन प्रस्तुत करनें की अंतिम तिथि तक (कार्यालय समय सायं 05:30 बजे तक) ऑनलाईन आवेदन पत्र आमंत्रित किये जाते हैं।
2. यदि प्रकाशित विज्ञप्ति के उपरांत आवेदन प्राप्त होने की अंतिम तिथि तक प्रथम सूचना से प्राप्त आवेदन को शामिल करते हुये 03 अथवा उससे अधिक अन्य आवेदकों के आवेदन पत्र प्राप्त होते है, तो प्रथम आवेदन पत्र एवं प्राप्त सभी आवेदन पत्रों को म.प्र. गौण खनिज नियम 1996 के नियम 21 के तहत् अधिमान्यता तय करने के आशय से उसी दिन प्राप्त किया गया समझा जाएगा।
3. यदि प्रकाशित विज्ञप्ति में उल्लेखित आवेदन प्राप्त करने की अंतिम तिथि तक 03 से कम आवेदन प्राप्त होते है तो उपरोक्त अवधि में प्राप्त आवेदन पत्र तथा पूर्व प्रकाशित विज्ञप्ति की अवधि के दौरान प्राप्त सभी आवेदन पत्रों को म.प्र. गौण खनिज नियम 1996 के नियम 21 तहत् अधिमान्यता तय करने की आशय से उसी दिन प्राप्त किया गया समक्षा जाएगा।
4. यदि प्रथम एवं द्वितीय प्रकाशित विज्ञप्ति के उपरांत भी निर्धारित समयावधि में अन्य कोई आवेदन पत्र प्राप्त नहीं होता है तो प्रथम आवेदक के पक्ष में नियमानुसार खनि रियायत स्वीकृति पर विचार किया जा सकेगा।
5. निर्धारित समयावधि के उपरांत प्राप्त आवेदन पत्रों को विचार में नही लिया जाएगा।

जी-12791/25

स्वभाव स्वच्छता, संस्कार स्वच्छता

खनि अधिकारी
जिला-बालाघाट (म.प्र.)

# कत्लखाने ले जा रहे तस्करो से गाय को कराया मुक्त

नांदी(पद्मेश न्यूज)। तहसील मुख्यालय से महज 40 किलो मीटर दूर और महाराष्ट्र राज्य से लगे गांव गोरेघाट सहित कुड़वा, हेटी, खैरलांजी, भोंडकी से पिछले कई दिनों से गाय की तस्करी जोरो से की जा रही है पुलिस को इस बात की सूचना होने बावजूद किसी प्रकार से कार्यवाही नही की जा रही है वहीं गौ रक्षा ने बताया कि उन्हें जानकारी नहीं मिल पाती है की तस्करी कौनसे रास्ते की की जाती है क्योंकि गोरेघाट से महाराष्ट्र जाने के अनेकों रास्ते है अलग अलग रास्तों से गौ तस्करी की जाती है और महाराष्ट्र राज्य के कत्लखानों मे गायों को काटने के लिए बेच दिया जाता है। एक घटना 13 मई दिन मंगलवार को कुड़वा पंचायत के संग्रामपुर गांव के पास से दो गायों को क्रूरता पूर्वक मारते पीटते महाराष्ट्र की ओर लेकर जाया जा रहा था जिसमे एक गाय जा नहीं रही थी तो एजेंट द्वारा गाय के आंख में और पेशाब की जगह में मिर्ची पावडर डाला जा रहा था तब गांव के ही युवा बावनथड़ी नदी में नहाने जा रहे थे उन्होंने तस्करो की हरकत देखा और उनके




पास गए तब वे गाय को वहीं छोड़कर भाग गए और एक गाय को ले जाने में सफल हो गए। स्थानीय गांव के युवाओं ने समझदारी दिखाते हुए उस गाय को पहले पानी पिलाएं और पानी से आंख और पेशाब की जगह को धोए जिससे गाय को थोड़ी राहत मिली। उसके पश्चात ट्रेक्टर से गाय को लाया गया और सरपंच श्रीमती हेमलता नंदकिशोर जामुनपाने के घर में रखा गया है। गांव वालों के सहारे पशुवो की तस्करी कर लेकर जाते है महाराष्ट्र के कत्लखाने ग्रामीणों ने बताया कि ग्राम गोरेघाट के ही एक युवा तथा आलेसुर महाराष्ट्र के कुछ एजेंट के द्वारा गायों को अलग अलग रास्ते से ले जाया जाता है और वहां इकट्ठा कर ट्रकों में भरकर वहां से महाराष्ट्र के कामठी कत्लखाना ले जाया जाता है।

### पुलिस आने से पहले ही निकल जाते है दूसरे राज्य की सीमा

ग्रामीण युवकों ने बताया कि बहुत बार हमने गाय ले जाते देखा और रोकने की कोशिश की और चौकी महकेपार को सूचना दी गई मगर जब तक दल गोरेघाट पहुंचता तब तक वे दूसरे राज्य महाराष्ट्र चले जाते है।

### इन्होंने दिखाई मानवता

ग्राम गोरेघाट के युवा और गौरक्षकों में अंकित बम्हनोटे, पवन बम्हनोटे, पीयूष जामुनपाने, जागेश्वर जामुनपाने, गौरव जामुनपाने, राजा डहरवाल, अनुज जामुनपाने, अखिलेश जामुनपाने, रोहित डहरवाल, अश्विन जामुनपाने आदि ने गाय को कत्लखाना जाने से बचा लिया।

### क्षेत्र में बाघ की दहशत के कारण कम दामों में बेच रहे गाय

पिछले एक वर्ष हो गए जंगलों में बाघ का आतंक शुरू है आए दिन बाघ गाय को अपना शिकार बना लेता था और खेतों में बारिश तथा रबी की फसल लग जाती है जिसमें गाय को चराने में बहुत परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। पिछले एक वर्ष से जानवर खुट से बंधे हुए है जिसके कारण अब इस पठार क्षेत्र में कोई भी जानवर पालना पसंद नहीं कर रहा है और तो और गायों को फ्री में देने तैयार है मगर कोई रखने तैयार नहीं है जिसके कारण लोग अपने जानवर कम दामों में खटीकों को बेच दे रहे है को उनकी तस्करी कर महाराष्ट्र के कत्लखाने लेकर जा रहे है।

# ग्राम सोनपुरी में मनाई गई तथागत बुद्ध पूर्णिमा



उकवा(पद्मेश न्यूज)। 12 मई को पूरे देश विदेश में तथागत बुद्ध पूर्णिमा मनाई जाती है, ग्राम सोनपुरी में भी 12 मई बौद्धिस्ट समाज सोनपुरी एवं सर्व समाज द्वारा बुद्ध पूर्णिमा मनाई गई, इसे वैशाख पूर्णिमा भी कहा जाता है आज ही के दिन 563 ईसा पूर्व तथागत गौतम बुद्ध का जन्म लुंबिनी नेपाल में हुआ था. और आज के दिन ही गौतम बुद्ध ने कई सालों तक तपस्या, ध्यान और अंततः बोधगया (बिहार) में निरंजन नदी के तट पर एक पीपल के पेड़ के नीचे ज्ञान की प्राप्ति हुई तथाआज के ही दिन 483 ईसा पूर्व कुशीनगर में उनका देहांत हुआ, जिसे महापरिनिर्वाण कहा जाता है इस आयोजन में प्रमुख रूप से मुख्य अतिथि सर्व समाजसेवी तपन राजा चौधरी (दलदला), राजेश राहंगडाले, संदीप गजभिये रितिक कामड़े,अमन गौतम, हिमांशु मेश्राम, विनय वैद्य, अजय खोबरागड़े, प्रदीप धनकड़े एवं सामाजिक बंधु उपस्थित रहे।

# हर्षोल्लास के साथ मनाई गई भगवान गौतम बुद्ध की जयंती

किरनापुर(पदमेश न्यूज)। विश्व को शांती का संदेश देने वाले विश्व के प्रथम वैज्ञानिक महामानव तथागत सम्यक सम्बुद्ध की जयंती जिसे बुद्ध पूर्णिमा त्रिगुण पावन पर्व कहा जाता है। वह जयंती कार्यक्रम दि बुद्धिस्ट सोसायटी आफ इंडिया वारा, किरनापुर के तत्वावधान में हर्षोल्लास के साथ मनाई गई।कार्यक्रम के दौरान प्रातः 9 बजे सामूहिक पूजा वंदना एवं ध्वजारोहण, शाम 5 बजे परित्राण पाठ के बाद शांति केंडल मार्च निकाला गया। तत्पश्चात रात्रि में मंचीय कार्यक्रम आयोजन हुआ। जहा सभी अतिथियों द्वारा तथागत बुद्ध के सिद्धांत एवं महापुरूषों विचार धारा को अपने अपने विचारों के माध्यम से व्यक्त किया गया। इस दौरान मुख्य अतिथि डॉ चरनदास ढेंगरे ने अपने उदबोधन के माध्यम से बताया कि बुद्ध अर्थात ज्ञान, विज्ञान है, इस बुद्ध पूर्णिमा को त्रिगुण पावन पर्व कहा जाता है।विश्व की यह अनोखी अलौकीक घटना है। तथागत बुद्ध ने संसार में सुख शांती स्थापित



करने हेतु पंचशील के सिद्धांत दिये।वही प्रमुख अतिथि जिलाध्यक्ष एस.एल.रंगारे ने सबको बताया कि जीवन सुखमय करना हो तो बुद्ध के पंचशील के अनुसार अपना जीवन जिये।आयोजित कार्यक्रम के दौरान संस्था के बीएसआई राज्य शाखा अध्यक्ष डा. चरनदास ढेंगरे, तहसील अध्यक्ष किरनापुर दुरेन्द्र सावनकर, प्रदेश सचिव आर.के. कठाने, कार्यालय सचिव, राजकपुर कामडे, एस. एल. रंगारे जिलाध्यक्ष बालाघाट, भजनलाल बिसेन सरपंच वारा, संतोष चौधरी जनपद सदस्य किरनापुर, प्रहलाद सहारे उपाध्यक्ष आदिवासी गोंड-गोवारी समाज, मनोहर छिपेश्वर अध्यक्ष रविदासिया संगठन किरनापुर, देवीलाल देवे अध्यक्ष मरार माली समाज, बी.एल. घल्लेकर जिला संगठक, विनय मेश्राम सर्कल अध्यक्ष भालवा ब, मंजूताई सुर्यवंशी जिला उपाध्यक्ष, गौतम भिमटे उपाध्यक्ष किरनापुर के आतिथ्य में समाज संगठन के उत्थान को लेकर चर्चा की गई।कार्यक्रम का सफल संचालन, किरनापुर के महामंत्री विनय संजय चौरे द्वारा किया गया। कार्यक्रम को सफल बनाने में संस्था के हंसराज वाहने, रमाई महिला मंडल की वंदना खोब्रागढे, सरोज ताई भिमटे, बिंदु भिमटे, विशाखा चौरे एवं संस्था के अनेक लोगो ने सहयोग किया। उक्त जानकारी किरनापुर तहसील अध्यक्ष दुरेन्द्र सावनकर के द्वारा दी गई।

# 74 आवेदकों के साथ जनसुनवाई हुई सम्पन्न

बालाघाट(पद्मेश न्यूज)। कलेक्टर मृणाल मीना के निर्देशन में जिला पंचायत सीईओ अभिषेक सराफ और एडीएम श्री जीएस धुर्वे ने संयुक्त रूप से जनसुनवाई की। जनसुनवाई के दौरान परसवाड़ा तहसील के मजगांव के आवेदक दुलमसिंह तिलगाम ने बताया कि ग्राम पंचायत के सचिव व रोजगार सहायक से सांठ-गांठ कर नाम जोड़ने तथा मृतक पांचों बाई की पैतृक भूमि को बंधक बनाकर राशि का गबन किया गया है। एडीएम श्री धुर्वे ने तहसीलदार परसवाड़ा को संबंधित के खिलाफ पुख्ता जानकारी प्राप्त कर कार्यवाही के निर्देश दिए गए है। वहीं लालबर्रा के ग्राम लोहारा के तुलेश गोले ने बताया कि उसकी बड़ी बहन मानसिक रूप से ग्रस्त है। जिसके उपचार के लिए मुख्यमंत्री स्वेच्छानुदान की आवश्यकता है। एडीएम श्री धुर्वे ने सीएमएचओ को संज्ञान में लेते हुए उचित कार्यवाही के निर्देश दिए गए है।

### माइनिंग अधिकारी अवैध रेत खनन पर सतर्कता बरते

जनसुनवाई में खैरलांजी के



ग्राम सावरी के ग्रामीणजनों ने शिकायत प्रस्तुत की जिसमे बताया गया कि ग्राम सावरी से लगे सीमावर्ती क्षेत्र में वैनगंगा नदी सीमा क्षेत्र है जो कि महाराष्ट्र सीमा से भी लगी हुई है। जिसमे गोंदिया महाराष्ट्र के रेट ठेकेदार अवैध रूप से सीमावर्ती क्षेत्र से रेत का अवैध खनन कर रहे है। जिसके लिए माइनिंग अधिकारी श्री आरके खातरकर को संबंधित मामले की जांच कर कार्यवाही सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए है।

# एस्पायर कॉमर्स क्लासेस बालाघाट के विद्यार्थियों ने किया कमाल

बालाघाट(पद्मेश न्यूज)। 13/05/2025 को 12वीं कक्षा (सीबीएसई) के परिणाम घोषित हुए। बालाघाट की एस्पायर कॉमर्स क्लासेस के शत प्रतिशत विद्यार्थियों ने उत्तीर्ण होकर कोचिंग एवं शिक्षकों का नाम उज्ज्वल किया। प्रथम पांच विद्यार्थी सार्थक सुराना 95.8त्न, सागर गुरनानी 95.2प्रतिशत, आरोही बोपचे 95.2प्रतिशत, दिव्य सुराना 93.6प्रतिशत प्रेक्षा जैन 90.2प्रतिशत हैं। एस्पायर कॉमर्स क्लासेस बालाघाट की संचालिका ष्ट स्नेहा कोठारी, जैनम सुराना, सौम्या कोठारी, श्रीमती असाटी आदि अन्य सभी शिक्षकों ने सभी विद्यार्थियों को उज्ज्वल भविष्य की शुभकामना देते हुए ढेर सारी बधाइयाँ प्रेषित की है।

# जल गंगा संवर्धन अभियान में वारासिवनी नगर के हृदय स्थल पर हुआ श्रमदान

बालाघाट(पद्मेश न्यूज)। जल गंगा संवर्धन अभियान अंतर्गत जल संरक्षण एवं संवर्धन के लिए नगरपालिका वारासिवनी द्वारा निरंतर गतिविधियां आयोजित की जा रही है। ज्ञात हो कि शासन द्वारा जल संरक्षण के लिए 30 मार्च से 30 जून तक विशेष अभियान जल गंगा संवर्धन अभियान संचालित किया जा रहा है। इसी के अंतर्गत मंगलवार को नगर के हदृय स्थल वार्ड क्रमांक 15 पर स्थित शंकर तालाब में



स्वच्छता श्रमदान गाद जलकुम्भी निकाले जाने वृहद स्तर पर गतिविधी का आयोजन प्रातः 09 बजे से नगरपालिका कर्मचारियों द्वारा वार्ड पार्षद जनप्रतिनिधिगण, सामाजिक स्वयं सेवी संस्था एनजीओ, जन अभियान परिषद के साथ मिलकर किया गया जिसमें तालाब में जल कुम्भी बेला आदि की निकासी जल संरचना में अंदर डली झल्ली, पन्नी कचरे के निकासी के साथ-साथ वर्षा जल जो सड़को के माध्यम से सीधे तालाब में उतर जाये ऐसे पिचिंग ड्रेन की व्यवस्थित साफ-सफाई कार्य किया गया आयोजित गतिविधि के दौरान प्रमुख रूप से मुख्य नगरपालिका अधिकारी सुश्री दिशा डेहरिया वार्ड पार्षद एवं मण्डल अध्यक्ष भाजपा संदीप मिश्रा वार्ड पार्षद प्रवीण डोंगरें वार्ड पार्षद श्री मदनलाल धार्मिक वार्ड पार्षद श्री आशुतोष कोहाड़ जन अभियान परिषद से मिथलेश बुरडे, श्री निलेश चौबे अन्य गणमान्य नागरिक एवं नगरपालिका वारासिवनी का समस्त कर्मचारी अमला उपस्थित रहा।

# सीनियर नेशनल पेंचक सिलाट चैंपियनशिप में हुआ जिले का नाम रौशन

बालाघाट(पदमेश न्यूज)। उत्तरप्रदेश के लखनऊ शहर स्थित के डी सिंह बाबू स्टेडियम में 9 से 12 मई तक आयोजित 13 वि सीनियर नेशनल पेंचक सिलाट चैंपियनशिप 2025 में जिले के दो खिलाड़ियों ने न सिर्फ मेडल प्राप्त किए, बल्कि उनका चयन खेलो इंडिया प्रतियोगिता के लिए भी किया गया है।बताया गया कि आयोजित इस प्रतियोगिता में28 राज्यों ,8 केंद्र शासित प्रदेशों सहित पैरा मिलिट्री व सर्विसेस टीम के 800 खिलाड़ियों ने भाग लिया जिसमें बालाघाट जिले के दो खिलाड़ी अंजलि झरिया एवं शाहरुख सोनवाने एवं राष्ट्रीय जज प्रवीण नन्हे ने बालाघाट जिले का प्रतिनिधित्व किया इस प्रतियोगिता में शाहरुख सोनवाने ने तृतीय स्थान प्राप्त कर बालाघाट जिले का नाम गौरांवित किया है आगामी खेलो इंडिया बीच गेम जो की दमन एंड दिउ में आयोजित किया जा रहे हैं इसमें इनका चयन किया गया है एवं आगामी अंतरराष्ट्रीय प्रतियोगिताओं में भी भागीदारी करेंगे।आयोजित इस प्रतियोगिता में यूपी सरकार उप-मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्या,




कार्यकारी अध्यक्ष पेंचक सिलाट एसोसिएशन यूपी, किशोर प्रकाश येवले अध्यक्ष राष्ट्रीय पेंचक सिलाट फेडरेशन ,तारिक जरगर सचिव राष्ट्रिय पेंचक सिलाट फेडरेशन, यूपी परिवहन मंत्री दयाशंकर सिंह (बलिया) द्वारा खिलाडियों को मेडल एवं प्रशस्ति पत्र प्रदान किए गए। साथ ही राष्ट्रीय स्तर के सभी रेफरी जजों को मोमेंटो देकर सम्मानित किया गया। जिसमें बालाघाट जिले से प्रवीण नन्हेट को यह सम्मान प्राप्त हुआ इस प्रतियोगिता में ऑल ओवर चैंपियन रहे महाराष्ट्र की टीम प्रथम स्थान इसी कड़ी में द्वितीय स्थान पर जम्मू एंड कश्मीर की टीम रही तृतीय स्थान पर उत्तरप्रदेश रहा ओर 3 गोल्ड मेडल 2 ब्रॉन्ज मेडल के साथ मध्य प्रदेश चतुर्थ स्थान पर रहा। बताया गया कि कोच प्रवीण नन्हेट के साथ दोनों खिलाड़ी सरूण सोनवाने एवं अंजलि झरिया का मंगलवार को लखनउ से आगमन हुआ। जिनका स्वागत करने एकलव्य मार्शल आर्ट एंड फिटनेस एकेडमी के सभी पदाधिकारी बालाघाट रेलवे स्टेशन में पहुंचे एवं हार मालाओं के साथ उपस्थित होकर टीम का गर्मजोशी के साथ स्वागत किया गया। इस मौके पर उपस्थित निधि नन्हेट कार्तिक तितरमारे आशीष सोनकर भावना सोनकर मनीष भेदरे, साहिल सोनवाने ,राजा डहरवाल कुशल जैन, गौरव जयसवाल, महेश चौहान, आदि उपस्थित रहे। उक्त जानकारी एकलव्य मार्शल आर्ट एंड फिटनेस एकेडमी के डायरेक्टर प्रवीण नन्हेट द्वारा प्रेस विज्ञप्ति जारी कर दी गई ।

# पीएम श्री केन्द्रीय विद्यालय बालाघाट का सीबीएसई परीक्षा परिणाम रहा सराहनीय

बालाघाट(पद्मेश न्यूज)। सीबीएससी कक्षा 10वीं एवं कक्षा 12वीं का परीक्षा परिणाम मंगलवार को जारी हो चुका है। पीएम श्री केन्द्रीय विद्यालय बालाघाट प्राचार्य ने जानकारी देते हुए बताया है कि विद्यालय के कक्षा बारहवी के विज्ञान संकाय का परीक्षा परिणाम शत प्रतिशत रहा। उन्होंने बताया कि विज्ञान संकाय में इस वर्ष कुल 20 विद्यार्थियों ने परीक्षा दी थी। जिसमे सभी ने अच्छे अंको के साथ सफलता प्राप्त की है। वही कक्षा बारहवी वाणिज्य संकाय में 30 विद्यार्थियों ने अच्छे अंको से सफलता प्राप्त की है। उन्होंने बताया कि विद्यालय का कक्षा बारहवी का कुल परीक्षा परिणाम 98.3 प्रतिशत रहा।

प्राचार्य पीएम श्री बालाघाट के प्राचार्य ने बताया कि विज्ञान संकाय में कु. मेधावी बिसेन ने 92.4 प्रतिशत अंको के साथ प्रथम स्थान, मास्टर आर्यन अग्रवाल ने 91.8 प्रतिशत अंको के साथ द्वीतीय स्थान एवं कु.समीक्षा ठाकरे ने 90.4 प्रतिशत अंको के साथ तृतीय स्थान प्राप्त किया है। इसी प्रकार वाणिज्य संकाय में कु. पूजा केवलानी ने 95.2




प्रतिशत अंको के साथ प्रथम, कु. नित्यश्री अय्यर ने 95 प्रतिशत अंको के साथ द्वीतीय स्थान एवं कु. अर्पिता भामू ने 93 प्रतिशत अंको के साथ तृतीय स्थान प्राप्त किया। पीएम श्री के.वि.बालाघाट के लिए एक और हर्ष का विषय है कि कक्षा दसवी का परीक्षा परिणाम भी शत प्रतिशत रहा।

इस वर्ष कक्षा दसवी में कुल 83 विद्यार्थियों ने परीक्षा दी थी जिसमे सभी कर सफलता प्राप्त की है। कक्षा दसवी में मास्टर समर्थ बिसेन ने 96 प्रतिशत अंको के साथ प्रथम, कु. गुंजन बोपचे ने 95.4 प्रतिशत अंको के साथ द्वितीय एवं कु. जाग्रती कटरे ने 95 प्रतिशत अंको के साथ तृतीय स्थान प्राप्त किया।

# आपदा प्रबंधन अंतर्गत सिविल डिफेंस वॉलेंटियरों का हुआ प्रशिक्षण

बालाघाट(पद्मेश न्यूज)। कलेक्टर मृणाल मीना एवं डायरेक्टर जनरल होमगार्ड के निर्देशानुसार जिले के सिविल डिफेंस वॉलेंटियरों का एक दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम मंगलवार को होमगार्ड लाईन बालाघाट में आयोजित किया गया। इस प्रशिक्षण में सिविल डिफेंस वॉलेंटियरों को आपातकालीन स्थिति में हवाई हमला, अग्नि आपदा, प्रथमोप्चार, हवाई हमले की चेतावनी एवं सायरन की जानकारी, ब्लैक आउट के समय रेड सिंगल आने पर की जाने वाली कार्यवाही के संबंध में प्रशिक्षण के दौरान सिखलाई दी गई। प्रशिक्षण के दौरान करीब 25 सिविल डिफेंस वॉलेंटियर उपस्थित रहे। इसके अतिरिक्त किसी भी






आपदा से निपटने के लिए नागरिक सुरक्षा के 12 सेवाओं से संबंधित मुख्य नगर पालिका अधिकारी, सीएमएचओ, खाद्य सुरक्षा अधिकारी, परिवहन विभाग, लोक निर्माण विभाग, जन परिषद अभियान, पीजी कॉलेज के प्राचार्य, एनसीसी एन एस एस., नेहरू युवा केन्द्र संचालक एवं प्रभारियों से अधिक से अधिक सिविल डिफेंस वॉलेंटियर बनाये जाने की अपील की गई है।

कंट्रोल रूम में कर्मचारियों की ड्यूटी में हुआ बदलाव

डिस्ट्रिक्ट होमगार्ड कमांडेंट श्रीमती रजनी खटीक ने बताया कि आपदा प्रबंधन अंतर्गत वर्तमान में घटित अप्रत्याशित परिस्थिति को दृष्टिगत रखते हुये जिला कार्यालय बालाघाट के कक्ष कमांक 124 में स्थापित कन्ट्रोल रूम स्थापित किया गया है। जिसमे शासकीय सेवकों की 11 मई से ड्यूटी लगाई गई है। उन्होंने बताया कि कर्मचारियों की ड्यूटी में आशिक संशोधन करते हुये संजय कुमार सोनी, सहा. गेड-3 उपसंचालक कृषि एवं कल्याण विभाग बालाघाट के स्थान पर श्री रमेश कुमार महोबे टेलीफोन आपरेटर, कार्यपालन यंत्री बैनगंगा संभाग बालाघाट एवं कालम श्री तेजलाल रनगिरे के स्थान पर श्री आर.पी. मोहारे स्थल सहायक, कार्यपालन यंत्री लोक निर्माण विभाग संभाग कमांक-1 की डियूटी लगाई गई है। जिला कार्यालय बालाघाट के कक्ष कमांक-124 में स्थापित कन्ट्रोल रूम का दूरभाष कमांक 07632-240102 जोड़ा गया है।

# गर्रा ओवरब्रिज के निरीक्षण पर पहुंचे एसडीएम व सीएसपी

बालाघाट(पद्मेश न्यूज)। एसडीएम गोपाल सोनी और सीएसपी वैशाली सिंह द्वारा मंगलवार को संयुक्त रूप से जिले गर्रा ओवरब्रिज का निरीक्षण किया गया। बताया गया कि बीके-9 ओवर ब्रिज का कार्य प्रगतिशील है परंतु दो पहिया वाहनों के लिए पर्याप्त स्थान न होने से यातायात में अव्यस्था का सामना करना प? रहा है। इसके लिए ठेकेदार को शीघ्र अतिशीघ्र कार्य पूर्ण करने के निर्देश दिए गए है। इसके अतिरिक्त डेंजर रोड में क्षतिग्रस्त पुलिया का भी मौके पर मुआयना किया गया। जिससे कि बरसात के पूर्व उनका



व्यवस्थित संधारण किया जा सके। चूँकि बरसात के दिनों में पानी पुलिया के ऊपर आ जाने से रोड़ ब्लॉक का सामना करना पड़ता है। ऐसे में शहर का यातायात असुविधा होने लगती हैं। इसके साथ ही डेंजर रोड में कृषि उपज मंडी के समीप पुल का भी अवलोकन किया गया। इस दौरान लोक निर्माण विभाग के सब इंजीनियर चंचलेश उइके व उनका अमला उपस्थित रहा। पुलिया के ऊपर कई जगह दरारें आ जाने के कारण वर्षा काल से पूर्व उसका संधारण किया जाना आवश्यक है। इस सम्बंध सब इंजीनियरिंग उइके को निर्देशित किया गया। इस दौरान यातायात थाना प्रभारी तथा रेलवे ब्रिज के ठेकेदार भी उपस्थित रहे।

# सीबीएसई बोर्ड कक्षा 10वीं 12वीं का परीक्षा परिणाम घोषित

## जवाहर नवोदय विद्यालय के छात्रों ने किया जिले में टॉप, समस्त सीबीएसई स्कूलों का बेहतर रहा परीक्षा परिणाम

**बालाघाट( पदमेश न्यूज )। माध्यमिक शिक्षा मंडल मध्य प्रदेश भोपाल के बाद अब केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा मंडल ने मंगलवार को सीबीएसई कक्षा दसवीं और बारहवीं बोर्ड परीक्षा के परिणाम घोषित कर दिए ।जिसके अनुसार जिले में जवाहर नवोदय विद्यालय, वारासिवनी का परिणाम शत-प्रतिशत रहा। नवोदय विद्यालय के कक्षा 12वीं ( बाया, विज्ञान संकाय ) के छात्र योग राहंगडाले ने 98.8 प्रतिशत के साथ जिले में टाप किया है ।तो वही कक्षा दसवीं में भी जवाहर नवोदय विद्यालय की छात्रा श्रेया दरवड़े 96.8 प्रतिशत के साथ शीर्ष पर रहीं ।इसी तरह सतपुड़ा वैली पब्लिक स्कूल, मांझापुर के दसवीं के छात्र अभय गौतम ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए 93 प्रतिशत अंकों के साथ स्कूल में पहला स्थान हासिल किया है। सतपुड़ा स्कूल के कक्षा 12वीं में वाणिज्य संकाय के सागर गुरनानी ने 96 प्रतिशत अंक के साथ उपलब्धि प्राप्त करते हुए स्कूल का नाम रोशन किया है ।इसी तरह पीएम श्री केंद्रीय विद्यालय, बालाघाट का बारहवीं के विज्ञान संकाय का परीक्षा परिणाम शत-प्रतिशत रहा। विज्ञान संकाय में इस वर्ष कुल 20 विद्यार्थियों ने परीक्षा दी थी। सभी विद्यार्थियों ने अच्छे अंकों के साथ सफलता प्राप्त की है ।तो वही विवेक ज्योति ज्ञानपीठ की दसवीं की छात्रा हिमांशी ने 93.8 प्रतिशत अंक प्राप्त किया। नतीजे आने के बाद बालाघाट इंग्लिश स्कूल में प्राचार्य सहित शिक्षिकों ने सफल छात्र-छात्राओं का मुंह मीठा कर बधाई दी।**

### नवोदय में दोनों कक्षाओं का 100 प्रतिशत रहा परीक्षा परिणाम

सीबीएसई के नतीजों में जवाहर नवोदय विद्यालय के विद्यार्थियों ने दोनों बोर्ड परीक्षाओं में उत्कृष्ट प्रदर्शन किया है। जानकारी के अनुसार, नवोदय में कक्षा दसवीं में 83 और कक्षा 12वीं 73 परीक्षार्थी परीक्षा में शामिल थे। इनमें दोनों कक्षाओं के सभी 156 बच्चे उत्तीर्ण रहे। नवोदय विद्यालय के डिलेश अगासे ने 12वीं में वाणिज्य संकाय में 96.4 प्रतिशत (बेस्ट फाइव) अंक प्राप्त किया है, जो इस संकाय में जिले में शीर्ष पर हैं। केंद्रीय विद्यालय में कक्षा बारहवीं वाणिज्य संकाय में 31 विद्यार्थियों में से 30 ने अच्छे अंकों से सफलता प्राप्त की जबकि एक विद्यार्थी को पूरक प्राप्त हुआ है। केंद्रीय विद्यालय का बारहवीं का ओवरआल परिणाम 98.3 प्रतिशत रहा। विज्ञान संकाय में मेधावी बिसेन ने 92.4 प्रतिशत के साथ स्कूल में प्रथम रहीं। केवि के प्राचार्य अरुण तुमसरे ने सभी शिक्षक-शिक्षिकाओं तथा परिजनों को बधाई दी है।

### सतपुड़ा वैली पब्लिक स्कूल ने पाई सफलता

सतपुड़ा वैली पब्लिक स्कूल में कक्षा दसवीं के छात्र अभय गौतम ने 93 प्रतिशत अंकों के साथ स्कूल में पहला स्थान हासिल किया। छात्रा सृष्टि जायसवाल ने 90 प्रतिशत अंक हासिल किया। उज्ज्वल तिवारी ने 87, आदर्श पटले ने 87, जीत टेम्भरे ने 86, आशिका जैन ने 84, तमन्ना बंसारे ने 83 और विपुल बागड़े ने 82 प्रतिशत अंक प्राप्त किए। कक्षा 12वीं में कामर्स संकाय के छात्र सागर गुरनानी ने 96 प्रतिशत हासिल किया है। बायोलाजी संकाय के आयुष घोडेस्वर ने 87, गणित संकाय से ओम धुवारे ने 85 प्रतिशत अंक प्राप्त करके स्कूल का नाम ऊंचा किया है। प्राचार्या पूर्णिमा देशमुख ने सभी सफल छात्र-छात्राओं और उनके अभिभावकों को बधाई दी है।

### नंदिनी चौबे ने प्राप्त किए 94.2 प्रतिशत अंक

बालाघाट इंग्लिश स्कूल की 10वीं की छात्रा नंदिनी चौबे ने 94.2 प्रतिशत अंक प्राप्त किए हैं। 12वीं में कला संकाय की सुभीक्षा दुबे 95.4 के साथ स्कूल में प्रथम रहीं। आरोही बोपचे ने वाणिज्य संकाय में 95.2 और विज्ञान संकाय में तुषार छाबड़ा ने 88.2 प्रतिशत अंक प्राप्त किए हैं। बालाघाट एजकेशन सोसाइटी के अध्यक्ष गोपाल अग्रवाल, सचिव विश्वजीत मंडल, वरिष्ठ उपाध्यक्ष बलदेव गुप्ता, विजय तिवारी, प्राचार्य जयकुमार पिल्लई सहित सभी स्टाफ ने सफल छात्र-छात्राओं को सम्मानित किया।



### केंद्रीय विद्यालय का उत्कृष्ट रहा परीक्षा परिणाम

मंगलवार 13 मई को सीबीएससी बोर्ड ने, कक्षा 10वीं एवं कक्षा 12वीं का परीक्षा परिणाम जारी कर दिया। जिसमें पीएम श्री केन्द्रीय विद्यालय बालाघाट की छात्रा पूजा केवलानी ने वाणिज्य संकाय में 95.2 प्रतिशत अंको के साथ स्कूल में टॉप किया है। जबकि विज्ञान संकाय में कु. मेधावी बिसेन ने 92.4 प्रतिशत अंको के साथ प्रथम स्थान, आर्यन अग्रवाल ने 91.8 प्रतिशत अंको के साथ द्वितीय स्थान एवं कु. समीक्षा ठाकरे ने 90.4 प्रतिशत अंको के साथ तृतीय स्थान प्राप्त किया है ।इसी प्रकार महर्षी विद्यालय में कक्षा 12 वीं में सिद्धी मिश्रा ने 85 प्रतिशत अंक के साथ स्कूल में प्रथम और कक्षा दसवीं में भावेश मस्करे ने 96 प्रतिशत के साथ प्रथम स्थान अर्जित किया है।

### ग्रीन वैली पब्लिक स्कूल का रहा सर्वोत्कृष्ट प्रदर्शन

सीबीएसई बोर्ड द्वारा जारी किए गए परीक्षा परिणाम में ग्रीन वैली पब्लिक स्कूल बालाघाट के छात्र - छात्राओं ने 12वी तथा 10 वी सीबीएसई बोर्ड परीक्षा में सर्वोत्कृष्ट प्रदर्शन किया है ।जहा कक्षा12 वी में वंशिका अग्रवाल (मैथ्स) - 96.20 प्रतिशत सार्थक सुराना (कॉमर्स) 95.80 प्रतिशत, दिव्य सुराना (कॉमर्स) 93.60 प्रतिशत, इशिता गाँधी (बायोलॉजी) 92.80 प्रतिशत, अर्थ जैन (कॉमर्स) 87.20 प्रतिशत अंक हासिल किए तो वही कक्षा 10 वी में सान्वी रुसिया 93.20 प्रतिशत, उमंग रंगलानी 92.80 प्रतिशत, गौरवी बिसेन 92 प्रतिशत, वैदिक अग्रवाल 90.80 प्रतिशत, निपुन चौहान 90.60 प्रतिशत अंक प्राप्त किए ।इन विद्यार्थियों की उपलब्धि पर ग्रीन वैली पब्लिक स्कूल परिवार ने सभी छात्र - छात्राओं को उनकी उपलब्धि पर शुभकामनाये प्रेषित की है ।जहां प्राचार्य श्री सोनी द्वारा बताया गया कि बच्चो की मेहनत और लगन ने उन्हें इस मुकाम तक पहुँचाया है ।विद्यालय के प्राचार्य श्रीकांत सोनी , एडमिनिस्ट्रेटर रोमेश कश्यप एवं समस्त शिक्षक शिक्षिकाओं ने उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हुए अभिभावकों और छात्र - छात्राओं को भी धन्यवाद ज्ञापित किया है।

### एमबीए करना चाहती हूं-श्रेया दरवड़े

कक्षा दसवीं में 96.8 प्रतिशत अंक हासिल करने वालीं नवोदय विद्यालय की छात्रा श्रेया दरवड़े ने बताया कि वह रोजाना 11 घंटे पढ़ाई को देती थी। परीक्षा के दौरान माता-पिता ने हमेशा हिम्मत दी और प्रेरित किया। श्रेया आगे चलकर एमबीए करना चाहती है। खुर्सीपार फोगलटोला निवासी श्रेया के पिता जितेंद्र दरवड़े शिक्षक हैं। जितेंद्र ने बताया कि उन्हें बेटी श्रेया पर नाज है।

### किसान के बेटे ने किया कमाल,सीए बनना चाहते है- डिलेश

12वीं में वाणिज्य संकाय में 96.4 अंक हासिल करने वाले डिलेश के पिता शिवप्रसाद अगासे किसान हैं। डिलेश ने बताया कि उन्होंने पढ़ाई को बोझ नहीं समझा। नवोदय विद्यालय के शेड्यूल के अनुसार पढ़ने के साथ रात में पढ़ाई को अधिक समय देता था। महकेपार, तिरोड़ी निवासी डिलेश भविष्य में चार्टर्ड अकाउंटेट बनना चाहते हैं।

### सीएस बनना चाहती है पूजा

केन्द्रीय विद्यालय में टॉपर रही पूजा केवलानी, सीएस (कंपनी सेक्रेटरी) की तैयारी कर रही है और हाल ही में उसने, इसकी परीक्षा दी है। मीडिया से चर्चा करते हुए पूजा बताती है कि जितनी उम्मीद थी, उससे ज्यादा प्रतिशत रहा है। वह अपनी सफलता का क्रेडिट स्कूल प्राचार्य, शिक्षक और परिवार को देती है।

### इंजीनियर बनना चाहता है आर्यन

आर्यन ने घर में ही ऑनलाईन रिजल्ट देखा। जिसकी सफलता से पूरा परिवार उत्साहित है। आर्यन बताते है कि जेईई की तैयारी के साथ ही उन्होंने विषयों की तैयारी की। जिससे उन्हें यह सफलता मिली है। आर्यन इंजीनियर बनना चाहता है। वर्तमान में आर्यन जेईई एडवांस की तैयारी कर रहा है।

### गणित विषय से आगे पढ़ाई करना चाहता है समर्थ

दसवीं परीक्षा में टॉप करने वाले समर्थ बिसेन बताते है कि जितनी उम्मीद थी, उससे अच्छा परिणाम आया है। वह आगे मैथ्स साईस से पढ़ाई करना चाहता है।

### सभी विघार्थियों ने किया उत्कृष्ट प्रदर्शन- तुमसरे

केंद्रीय विद्यालय प्राचार्य अरूण कुमार तुमसरे ने बताया कि विज्ञान संकाय में इस वर्ष कुल 20 विद्यार्थियों ने परीक्षा दी थी। जिसमे सभी ने अच्छे अंको के साथ सफलता प्राप्त की है। वही कक्षा बारहवी वाणिज्य संकाय में 30 विद्यार्थियों ने अच्छे अंको से सफलता प्राप्त की है। उन्होंने बताया कि विद्यालय का कक्षा बारहवी का कुल परीक्षा परिणाम 98.3 प्रतिशत रहा। इसी प्रकार वाणिज्य संकाय में कु. पूजा केवलानी ने 95.2 प्रतिशत अंको के साथ प्रथम, कु. नित्यश्री अय्यर ने 95 प्रतिशत अंको के साथ द्वीतीय स्थान एवं कु. अर्पिता भामू ने 93 प्रतिशत अंको के साथ तृतीय स्थान प्राप्त किया। इस वर्ष कक्षा दसवी में कुल 83 विद्यार्थियों ने परीक्षा दी थी। जिसमें सभी कर सफलता प्राप्त की है। कक्षा दसवी में मास्टर समर्थ बिसेन ने 96 प्रतिशत अंको के साथ प्रथम, कु. गुंजन बोपचे ने 95.4 प्रतिशत अंको के साथ द्वितीय और कु. जाग्रती कटरे ने 95 प्रतिशत अंको के साथ तृतीय स्थान प्राप्त किया। उन्होंने बताया कि परीक्षा में सभी विद्यार्थियों ने उत्कृष्ट प्रदर्शन किया है जिन्होंने समस्त स्टाफ की तरफ से विद्यार्थियों को शुभकामनाएं प्रेषित करते हुए उन्हें बधाइयां दी है।

JOB VACANCY
आवश्यकता है
PADMESH X FIBERNET में
TECHNICAL ENGINEER
हम देंगे...
सम्मानजनक मानदेय
पेट्रोल खर्च अतिरिक्त
तेजी से विकास का मौका
नौकरी की सुरक्षा
पता- पद्मेश सिटी केबल, काली पुतली चौक, बालाघाट 9752771444

LOVED IN 70 COUNTRIES
सबसे बड़ी सबसे जबरदस्त
125 cc ₹83494/-*
THE WORLD'S FAVOURITE INDIAN
डाऊन पेमेन्ट 11999/-*
pulsar
अधिकृत विक्रेता
साँई बजाज
मोती तालाब रोड, नर्मदा नगर, बालाघाट (म.प्र.)
फोन- 07632-356198, मोबा. 9425822517
बल्लू बजाज वारासिवनी, मो.8641090212
रॉयल बजाज खैरलांजी, मो.8319507979
गौतम मोटर्स कटंगी, मो. 08490808516
श्री बिहारी मोटर्स लालबर्रा, मो. 9584000254
सांई बजाज बैहर, मो. 6264110309
संदीप मोटर्स चांगोटोला, मो. 7247618352
जामने बजाज उकवा, मो. 7692929290
गुप्ता बजाज परसवाड़ा, मो. 6261137865
सूर्यम मोटर्स बिरसा, मो. 8989765404
सांई बजाज लांजी, मो. 9669762178

AICTE भारत सरकार द्वारा मान्यता प्राप्त एवं RGPV & DTE भोपाल से सम्बध्द
सतपुड़ा इंजीनियरिंग & पॉलिटेक्निक कॉलेज
प्रवेश प्रारंभ
B.Tech. & Polytechnic
COMPUTER SCIENCE ENGINEERING
MINING ENGINEERING
CIVIL ENGINEERING
MECHANICAL ENGINEERING
ELECTRICAL ENGINEERING
Lateral Entry Admission NEP 2020 के तहत किसी भी ब्रांच से डिप्लोमा/B.Sc. (Maths) उत्तीर्ण छात्रों का B.Tech. एवं ITI उत्तीर्ण छात्रों का पॉलिटेक्निक के द्वितीय वर्ष में सीधे प्रवेश
सतपुड़ा कैम्पस, लालबर्रा रोड, गर्रा, बालाघाट
6262604111, 9425836824

जमीन बेचना है
प्रस्तावित लवादा-समनापुर-लामता फोरलेन मार्ग के समीप ग्राम रटेगांव कोसमी (खमरिया) में स्थित प.ह.नं. 34 खसरा नं. 45 तथा 46/1, 13 एकड़ सिंचित भूमि (भूमि पर कार द्वारा पहुंचा जा सकता है) विक्रय करना है
संपर्क करें- 7879121671

पैसा ठीक होने के बाद देना
शादी से पहले एवं शादी के बाद
उम्र की अधिकता से कमजोर सेक्स, शीघ्रपतन, स्वप्नदोष, लिंग का छोटापन, टेडापन, निःसंतान, शुक्राणुओं की कमी, शुगर से आयी कमजोरी आदि सभी सेक्स समस्याओं का शर्तिया ईलाज किया जाता है।
पता-जगजीवन आयुर्वेदिक दवाखाना
गुरूनानक पेट्रोल पंप के सामने समाजवाड़ी रोड, बालाघाट, मो. 9243880464

PADMESH X FIBERNET
Connecting the Unconnected..
WE THERE TO HELP YOU
NO MATTER WHEN YOU NEED US
24 7
Follow us on @padmeshxfibernet 08045777666 www.padmeshdigital.in

Kaira
तकनीक जापानी सोच हिन्दुस्तानी
आधुनिक तकनीकी का प्रीमियम काईरा राईस ट्रांसप्लांटर
विश्व की नं. 1 धान रोपाई मशीन एवं हार्वेस्टर पर विशेष अनुदान
फायनेंस सुविधा उपलब्ध
149000/- अनुदान काटकर
140000/- अनुदान काटकर
बुकिंग ऑफर उपलब्ध
पिछले 3 वर्ष में सिवनी, बालाघाट एवं पूरे महाकौशल में 500 से भी ज्यादा संतुष्ट ग्राहक
ट्रे. सीडर स्टॉक उपलब्ध
14900/- में सीडर पायें
संतुष्ट ग्राहक पिछले 3 सालों से
नरेन्द्र पटले बरघाट मोबा. 9098152958
छामसिंग टेम्भरे सरेखा मोबा. 7067513385
चंद्रप्रकाश डहरवाल जराहमोहगांव मोबा. 6263440844
102 एच.पी. इंजन
55 मिनट में 1 एकड़ काटने की क्षमता
1 घंटे में 7 लीटर की डीजल खपत
नोट- बड़े हार्वेस्टर (टायर वाले) में 75 के.जी. प्रति एकड़ धान का नुकसान
ट्रेक टाईप मे 5 के.जी. प्रति एकड़ का नुकसान 70 के.जी. धान की बचत
सीजन के पहले सर्विस करायें और पार्टस् में 10% से 15% की छूट पायें
के.के. इंटरप्राईजेस/ सांई ट्रेक्टर्स (पॉवरट्रेक ट्रेक्टर्स)
सांई ट्रेक्टर्स के बाजू में, मोती तालाब रोड, बालाघाट
के.के. इंटरप्राईजेस
बालाघाट रोड, पटेलटोला, बरघाट
मो. 9425138685, 8770334649, 9669674379

स्वत्वाधिकारी, मुद्रक एवं प्रकाशक उमेश बागरेचा द्वारा पद्मेश पब्लिकेशन, वार्ड नं.9, गुजरी चौक, बालाघाट ( म.प्र. ) से मुद्रित कराकर काली पुतली चौक, बालाघाट से प्रकाशित, संपादक- उमेश बागरेचा, मो.नं. - ९४२५१३८७१० रजि. नं. एम.पी. एच. आई. एन. /२००९/३२३११, न्यायालयीन क्षेत्राधिकार बालाघाट